जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, सोमवार 20 अक्टूबर, 2025


# यह विज्ञापन नहीं, अवसर है

## घर बदलकर कोठी लेने का

**कोठी** सिर्फ ₹4700/- Sq Ft

**फ्लैट** सिर्फ ₹4000/- Sq Ft

पजेशन पर ₹10 लाख प्राइस बढ़ेगी !

71 दिनों में हैंडओवर शुरु

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

FIXED PRICE GUARANTEED

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

NO MIDDLE-MEN

## FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.10 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.50 CRORE | 50,000 |



SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

T&C Apply.

## घर के लिए:

## 1800 120 2323

## घर का खाना बदलकर पवित्र लेने का



आ

अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA™ Pavitra

आटा । सूजी । दलिया । बेसन । गेहूँ
खड़े मसाले । कुकिंग ऑयल । दाल । चावल
ड्राई फ्रूट्स । चाय इत्यादि

ORDER ON WEBSITE

ORDER ON APP

ORDER ON WHATSAPP

T&C Apply.

## घर की ग्रोसरी के लिए:

## 1800 120 2727

## विचार बिन्दु

**आत्मविश्वास सरीखा दूसरा कोई मित्र नहीं। यही हमारी उन्नति में सबसे बड़ा सहायक होता है। – स्वामी विवेकानंद**

# बधाई, शुभ कामनाएं, आभार और अभिवादन!

आज हमारा सबसे बड़ा पर्व है और मेरा यह सौभाग्य है कि आज अपने संपादकीय आलेख के माध्यम से आप सबको इस आलोक पर्व की शुभ कामनाएं समर्पित कर रहा हूं। बृहदारण्यकोपनिषद् में कितनी सुंदर बात कही गई है:–**असतोमासद्गमय। तमसोमाज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतंगमय ।।** अर्थात 'मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो। मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर ले चलो। मुझे मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो'। हम सब प्रकाश की तरफ कदम बढ़ाएं और हमारा जीवन सदा आलोकित रहे – इस पर्व पर यही मंगल कामना है!

यह संपादकीय एक और कारण से मेरे लिए बहुत ख़ास है।

राष्ट्रदूत में मेरा यह 500वां संपादकीय है। 24 सितंबर, 2015 को राष्ट्रदूत में मेरा पहला अतिथि संपादकीय छपा था। तब सोचा ही नहीं था कि यह यात्रा इस मुकाम तक आ पहुंचेगी। इस बीच एक भी सोमवार ऐसा नहीं बीता जब अख़बार में इस जगह मेरा संपादकीय न छपा हो। हां, त्यौहार आदि की वजह से अगर किसी सोमवार अख़बार ही नहीं छपा तो बात अलग है। वैसे ऐसा बहुत ही कम हुआ है। मेरा संपादकीय आलेख 'राष्ट्रदूत' के सारे संस्करणों में छपा इसलिए, और इसलिए भी कि यहां प्रकाशित होने के बाद मैं इसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी साझा करता रहा हूं, मुझे खूब पाठक मिले हैं। इधर मैं उन दोस्तों के लिए, जिन्हें लम्बे आलेख पढ़ने में असुविधा होती है, अपने संपादकीय की ऑडियो फ़ाइल्स भी भेज देता हूं, और मेरे बहुत सारे मित्र मेरा लिखा पढ़ने की बजाय मेरा लिखा सुनने में अधिक आसानी अनुभव करते हैं। आज यह अवसर है कि मैं अपने सारे आदरणीय पाठकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करूं। लगभग दस साल की इस दीर्घ अवधि में अपने पाठकों से मेरा ऐसा रिश्ता बन गया है जो दो तरफ़ा है। वे मुझे अपनी बात कहते हैं, सुझाव देते हैं और कभी–कभार असहमत भी होते हैं। उनकी बात मुझे अपने लिखे को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होती है। बहुत–बहुत आभार मेरे प्रिय पाठकों।

जितना आभार मैं अपने पाठकों का मानता हूं उतना ही आभार मेरे मन में पूरे राष्ट्रदूत परिवार के लिए भी है। इधर इस बात की बहुत चर्चा होती है, और मैं भी ऐसी चर्चाएं अनेक बार कर चुका हूं कि हमारे यहां अभिव्यक्ति की आज़ादी सिकुड़ती जा रही है। लेकिन जहां तक राष्ट्रदूत का सवाल है, उसे मैं इस आलोचना से बाहर रखता हूं। यह बात ख़ुद मेरे लिए भी अत्यधिक आश्चर्यजनक है कि इन दस वर्षों में, और कुल 499 संपादकीयों में एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि 'राष्ट्रदूत' की तरफ से मुझे कहा गया हो कि यह न लिखा जाए, या उन्होंने मेरे लिखे में कुछ बदला हो। मेरा हर संपादकीय लगभग एक हज़ार चार सौ शब्दों का होता है। इस तरह इन दस वर्षों में राष्ट्रदूत ने मेरे लिखे लगभग सात लाख शब्द, बिना एक भी शब्द को बदले प्रकाशित किए हैं। अभिव्यक्ति की इससे बड़ी आज़ादी और क्या हो सकती है? इस वैचारिक उदारता के लिए 'राष्ट्रदूत' का अभिवादन और अभिनंदन!

मैंने बहुत बार सोचा है और बहुत बार मेरे शुभ चिंतकों ने भी मुझे इस बारे में सोचने को प्रेरित किया है। मूलतः मैं साहित्य की दुनिया का प्राणी हूं। ये संपादकीय लिखना शुरु करने से पहले भी साहित्य की दुनिया में मेरी थोड़ी–बहुत प्रतिष्ठा थी। अब लोग मुझे एक स्तंभकार के रूप में अधिक जानने लगे हैं। ख़ुद मेरा भी बहुत सारा समय इन संपादकीयों को लिखने में जाता है। स्वभावतः इससे मेरा साहित्यिक रचना कर्म प्रतिकूलतः प्रभावित हुआ है। मैंने बार–बार सोचा है कि क्या मुझे अपने इस वैचारिक लेखन को छोड़ कर या कम करके फिर से अपनी साहित्य की दुनिया में अधिक सक्रिय होना चाहिए! मेरे बहुत सारे शुभ चिंतक ऐसा ही चाहते हैं। मैं इस मुद्दे पर बार–बार सोचता रहा हूं और अब यह मानने लगा हूं कि देश और दुनिया की वर्तमान स्थितियों में एक नागरिक के रूप में मुझे अपना दायित्व निबाहने के लिए इस तरह का लेखन करते रहना चाहिए।

> **नई तकनीक के प्रसार की वजह से आप बड़े से बड़े कलाकार को लगभग निःशुल्क देख-सुन सकते हैं, उसकी कला के बारे में अपनी जानकारी और समझ को बढ़ा सकते हैं। आप घर बैठे, और बिना कुछ खर्च किए और बिना कहीं गए दुनिया के बड़े से बड़े संग्रहालय की सैर कर सकते हैं और उसकी कलाकृतियों का अवलोकन कर सकते हैं। तकनीक के ये बेशकीमती उपहार हममें से हरेक को सुलभ हैं, लेकिन यह जानना बहुत कष्टदायक है कि हममें से अधिकांश न केवल इनका ठीक-ठाक उपयोग नहीं करते हैं, हममें से बहुत सारे लोग तो इनके अस्तित्व से ही अनजान हैं! कैसी त्रासदी है कि हमारे चारों तरफ बेशकीमती खज़ाना बिखरा पड़ा है और हमें यह बात मालूम ही नहीं है।**

आज की दुनिया बहुत ज़्यादा बदल चुकी है। बहुत सारे अच्छे बदलाव हुए हैं तो बहुत सारे बदलाव ऐसे भी हुए हैं जो न होते तो ज़्यादा अच्छा होता। लेकिन सब कुछ अपने चाहने से तो होता नहीं है। यह भी कि जो बदलाव मुझे अप्रिय लगते हैं वे बहुतों को सराहनीय भी लगते हैं। सोच का अंतर अस्वाभाविक नहीं है। ऐसे में संवाद की, अपनी बात कहने के मंच की, अपनी बात कहने की आज़ादी की, और अपनी बात कहने के कौशल की अहमियत और ज़्यादा बढ़ जाती है। मुझे लगता है कि जितना इस दुनिया को मैंने देखा, जाना और समझा है, जो थोड़ा बहुत पढ़ा है, अच्छे और ज्ञानवान लोगों की सोहबत से जो सीखा है – इन सबके कारण मेरा यह हक़ बनता है कि मैं अपनी बात कहूं। कोई ज़रूरी नहीं है कि मेरे लिखे को पढ़ने वाला हर पाठक मेरी बात से सहमत हो। जितनी महत्ता सहमति की है उससे कम महत्ता असहमति की नहीं है। अपने पहले के लिखे संपादकीयों को पढ़ते हुए बहुत बार मैंने महसूस किया है कि कुछ बरस पहले बहुत सारी चीज़ों के प्रति मेरा जो नज़रिया था वह अब बदल गया है। अपने नज़रिये में बदलाव की बात को स्वीकार करने में मुझे कोई संकोच नहीं है। अपने बहुत लोकप्रिय एक गीत जीवन की आपाधापी में हरिवंश राय बच्चन ने क्या खूब लिखा है:–मैं जहां खडा था कल, उस थल पर आज नहीं/ कल इसी जगह पर पाना मुझको मुश्किल है।असल में बदलाव जीवन का बड़ा यथार्थ है। सब कुछ बदलता है– और इस सब कुछ में हमारे विचार भी शामिल हैं।

साहित्य, कला, संस्कृति – ये सब जीवन के लिए बहुत ज़रूरी हैं। इनसे हमारी रुचि का ही परिष्कार नहीं होता है, हमारी संवेदना को भी बल मिलता है। हम बेहतर मनुष्य बनते हैं। यह देखना बहुत सुखद है कि नई तकनीक ने कला–संस्कृति केबहुत सारे उपादानों को अब बहुत अधिक सुलभ बना दिया है। भले ही शहरों में किताबों की दुकानें कम हों, ई कॉमर्स के ठिकानों की वजह से किताबें खरीदना आज अधिक सुगम हुआ है। जो किसी भी कारण से किताब खरीद पाने में दिक्कत महसूस करते हैं उनके लिए भी तकनीक ने ऐसे बहुत सारे साधन सुलभ करा दिए हैं जिनका उपयोग कर वे किताबों की दुनिया की सैर कर सकते हैं। भले ही यह नैतिक न हो, दुनिया भर की किताबें और पत्र–पत्रिकाएं आपको पीडीएफ फॉर्मेट में मुफ़्त में मिल जाती हैं। नई तकनीक के प्रसार की वजह से आप बड़े से बड़े कलाकार को लगभग नि:शुल्क देख–सुन सकते हैं, उसकी कला के बारे में अपनी जानकारी और समझ को बढ़ा सकते हैं। आप घर बैठे, और बिना कुछ खर्च किए और बिना कहीं गए दुनिया के बड़े से बड़े संग्रहालय की सैर कर सकते हैं और उसकी कलाकृतियों का अवलोकन कर सकते हैं। तकनीक के ये बेशकीमती उपहार हममें से हरेक को सुलभ हैं, लेकिन यह जानना बहुत कष्टदायक है कि हममें से अधिकांश न केवल इनका ठीक–ठाक उपयोग नहीं करते हैं, हममें से बहुत सारे लोग तो इनके अस्तित्व से ही अनजान हैं! कैसी त्रासदी है कि हमारे चारों तरफ बेशकीमती खज़ाना बिखरा पड़ा है और हमें यह बात मालूम ही नहीं है। शायद ऐसी ही किसी मन:स्थिति में तुलसीदास जी ने कहा होगा किसकल पदारथएहि जग मांही, करमहीन नर पावत नाहीं।

यह भी मैं अपना दायित्व समझता हूं कि समय–समय पर अपने पाठकों से कला–साहित्य–संस्कृति के मुद्दों पर बात करूं! आखिर मैंने भी तो किसी से सीखा ही है। अब भी सीखता हूं। जो मैंने जाना और सीखा है उसे आगे बढ़ाना मेरा कर्तव्य है और इस कर्तव्य का निर्वहन मैं निस्संकोच भाव से करता हूं। मेरा स्पष्ट मत है कि संवाद का माहौल बना रहना चाहिए। सहमति असहमति उसके बाद की बात है। मेरे ये लेख संवाद के सिलसिले को बनाए रखने का ही उपक्रम हैं और मुझे खुशी है कि इस उपक्रम में आप सब मेरे सहयोगी और सहयात्री हैं।

आप सबके प्रति एक बार फिर हार्दिक कृतज्ञता, सादर अभिवादन, और दीपावली की हार्दिक शुभ कामनाएं!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# अमेरिकन दबाव से सफ़ेद सोना उत्पादक किसानों के आये काले दिन



रामपाल जाट

अमेरिका ने भारतीय कपड़ा उत्पादों पर 50% शुल्क आरोपित किया है। भारत की ओर से यह निर्यात 48 करोड़ डॉलर का है, जो कुल कपड़ा निर्यात का 6% एवं औद्योगिक जगत के कुल मूल्य का 1.5% से कम है। दूसरी ओर अमेरिका द्वारा भारत में आयात होने वाले कपास पर भारत सरकार द्वारा 11% आयात शुल्क को 19 अगस्त से 30 सितंबर तक की अवधि के लिए हटा दिया, अब इस आयात शुल्क की छूट अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है।

कपास को सफेद सोना कहा जाता है, इसलिए ब्रिटिश काल में इसके लिए कृषि उत्पाद बाजार समिति का निर्माण किया गया था। अब महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित की गई विशेष जांच समिति द्वारा इसी कपास को 'हत्यारी कपास' के नाम से संबोधित किया गया। कपास का उत्पादन 60 लाख किसान परिवारों की आजीविका का आधार है। प्रसंस्करण, व्यापार एवं वस्त्र उद्योग से सम्बंधित कार्यों में अप्रत्यक्ष रूप से 4 करोड़ जनता की आजीविका का आधार है। कपास भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। स्वतंत्रता संग्राम में भी कपास महत्वपूर्ण प्रतीक था। उस समय सूत कातने के लिए चरखा संग्राम का आधार बना था। जब विश्व के अनेक देशों में तन ढकने के लिए पेड़ों की छाल एवं पत्तों का उपयोग किया जाता था, तब भारत में ग्राम स्तर पर कपास का उत्पादन होता था। जिससे अनेक प्रकार के परिधान तैयार होते थे। उस समय विश्व व्यापार में भारत की भागीदारी सर्वाधिक थी।

भारत के कपड़े से बनी हुई चुन्री इंग्लैंड की महिलाओं में आकर्षण का केंद्र थी। तब भारत का कपड़ा सोने के भाव बिकता था। उस समय इंग्लैंड को में भारत के कपड़े को रोकने के लिए स्वदेशी आंदोलन चलाना पड़ा तथा चुन्री खरीदने वाली महिलाओं को रोकने के लिए एक पाउंड के अर्थ दंड का प्रावधान करना पड़ा। मानव के लिए रोटी, कपड़ा और मकान अनिवार्य आवश्यकता है। इसलिए कपड़ा सहज रूप से स्वीकार्य और 'स्वदेशी अपनाओ' के अंतर्गत विदेशी कपड़ों की 'होली जलाना' लोकप्रिय आंदोलन बन गया था। सरकारी नीतियों के कारण से महाराष्ट्र का मराठवाडा एवं विदर्भ क्षेत्र कपास उत्पादकों में आत्महत्या की पहचान बन गया। भारत के किसानों को कृषि उत्पादों के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति से प्रतियोगिता करनी पड़ती है। यह बराबरी की प्रतियोगिता नहीं है, क्योंकि प्रतियोगिता बराबरी वालों में ही होती है। भारत के किसानों के साथ सरकार खड़ी दिखाई नहीं देती वरन किसानों को कंपनियों के भरोसे लुटने के लिए छोड़ रखा है। राजनीतिक दल एवं नेता मतदाता के साथ नहीं वरन चंदादाता के साथ खड़े दिखाई देते हैं।

भारत में कपास उत्पादन का क्षेत्र वर्ष 2013–14 से लेकर 2024–25 तक 10.83 से लेकर 13.48 मिलियन हेक्टेयर रहा है। इसी अवधि में कपास का उत्पादन 29.40 से लेकर 36.07 मिलियन टन रहा है। उत्पादकता 378 से लेकर 512 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रही है। कपास उत्पादन में गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, ओड़ीसा, पंजाब, तमिलनाडु जैसे राज्य अग्रणी भूमिका में है। देश में कपास उत्पादन से कोई भी राज्य अछूता नहीं है। इसके उपरांत भी किसानों को उत्पादन लागत प्राप्त नहीं हो पाती है। यथा – वर्ष 2024–25 में कपास की सी–2 संपूर्ण लागत 6717 रूपये प्रति क्विंटल थी किंतु किसानों को एक क्विंटल कपास के दाम 5500 से लेकर 6500 रूपये ही प्राप्त हुए।

2024–25 में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य मध्यम रेशे का 7121 रूपये, लंबे रेशे का 7521 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया। संपूर्ण लागत सी–2 के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य 10,075.50 रूपये प्रति क्विंटल होना चाहिए था। इसके अनुसार घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से क्रमशः 2954.50 से लेकर 2554.50 रुपए कम निर्धारित किया गया।

भारत सरकार की 8 अप्रेल 2025 की समाचार विज्ञिप्त के अनुसार 31 मार्च 2025 तक कपास 525 लाख क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर भारतीय कपास निगम द्वारा क्रय किया गया जो था, जो कुल आवक की 38% कपास थी। भारत सरकार द्वारा बजट वर्ष 2018–19 में लागत पर 50% से अधिक लाभांश देने का संकल्प व्यक्त किया गया था। उस संकल्प के अनुसार सम्पूर्ण लागत (सी– 2) पर 50% लाभांश जोड़ा जाता तो किसानो को एक क्विंटल कपास पर 2954.50 रुपए अधिक प्राप्त होते। यानि इस संकल्प के आधार पर गणना नहीं करने के कारण किसानो को 15511.13 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ा। शेष 62ङ कपास 856.58 लाख क्विंटल को तो घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य भी प्राप्त नहीं हुआ बल्कि किसानो को बाज़ार में एक क्विंटल कपास के दाम 5500 से लेकर 6500 रुपए प्राप्त हुए। घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी इसके मध्य बिंदु 6000 रुपए मानने पर घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से भी एक क्विंटल पर 1121 रुपए का घाटा हुआ। सरकार के बजटीय संकल्प के अनुसार लागत पर 50% लाभांश जोड़ने पर एक क्विंटल का घाटा 4075.50 रुपए है। खुले बाज़ार में 856.58 लाख क्विंटल विक्रय पर प्रति क्विंटल 4075.50 रुपए कम मिलने से कुल 34909.92 करोड़ का घाटा हुआ। इस वर्ष देश के किसानों को कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं खुले बाजार में विक्रय दोनों का सकल घाटा 50421.05 करोड़ रुपए हुआ।

भारत सरकार द्वारा 8 अप्रेल 2025 को प्रसारित समाचार विज्ञिप्त के अनुसार 525 लाख क्विंटल में 100 लाख गांठ होना दर्शाया है। भारतीय मानक के अनुसार एक गांठ का भार 170 किलोग्राम यानि एक क्विंटल 70 किलोग्राम होता है। मानक के अनुसार 525 लाख क्विंटल में गाठों की संख्या 308 होनी चाहिए। जबकि इस सरकारी विज्ञिप्त के अनुसार तो एक गांठ में 525 किलोग्राम की मात्रा है। इस में अनुमानित उत्पादन 294.25 गांठे दर्शाया है, भारतीय मानक 170 किलोग्राम प्रति गांठ के अनुसार कुल अनुमानित उत्पादन 500.23 लाख क्विंटल (5.0023 मिलियन टन) होता है। केंद्र सरकार की अधिकृत विज्ञिप्त में ऐसी त्रुटि सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता पर ही प्रश्न चिन्ह लगाती है। इसका सत्यापन कर सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जाना आवश्यक है।

वर्ष 2025–26 में मध्यम रेशे की कपास का ए 2ङ एफ एल के सूत्र के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 7710 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया है, जो सी –2 संपूर्ण लागत के अनुसार 10075.50 रुपए होना चाहिए। इस सूत्र के अनुसार प्रति क्विंटल पर 2365.50 का घाटा संभावित है। सरकार के द्वितीय आकलन के अनुसार वर्ष 2024–25 का अनुमानित उत्पादन 29.4 मिलियन टन है, उसका 6954.57 करोड़ रुपए तो न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण में ही कम कर दिया है।

भारत में कपास दीपावली के आस–पास तैयार होगी और देश के वस्त्र–उद्योगपतियों ने अमेरिकन कपास आयात करने के आदेश दे दिए हैं, जो भारत की कपास तैयार होने के पूर्व प्राप्त हो जाएगी। परिणामत:: भारत के कपास उत्पादकों को अपनी कपास ओने–पौने दामों में बेचने के लिए विवश होना पड़ेगा।

कपास के उत्पादन में से 60% मात्र बिनोले की होती है, जो पशु आहार के रूप में उपयोग में आता है। इससे पशुओं के दूध में बढ़ोतरी हो जाती है किंतु यहां भी किसान का घाटा बढ़ रहा है। क्योंकि जीएम बीटी कपास के बिनोले में विष की मात्रा होने से दूध में भी विष आ रहा है। इसलिए यह बिनोला भी उपयोग के योग्य नहीं रहा है। इससे कंगाली में आटा गीला की कहावत चरितार्थ हो रही है।

सरकार ने 11% आयात शुल्क को शून्य करने का कारण वस्त्र उद्योगपतियों को लाभ देना प्रकट किया है। इससे स्पष्ट है कि सरकार कपास उत्पादक किसानो को उद्योगपतियों के सामान महत्व नहीं देती है। सरकार की ऐसी भेदभाव पूर्ण नीतियों के कारण अमेरिकन दबाव से सफ़ेद सोना उत्पादक किसानों के काले दिन आने की संभावना बन गयी है।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष- किसान महापंचायत**

# 1970-80 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती रही



सुनील दत्त गोयल

1991 का आर्थिक संकट भारत के लिए एक बड़ा झटका था। इस संकट के लिए कई कारण जिम्मेदार थे, जिनमें पिछली सरकारो की गलत नीतियां, संरचनात्मक कमियां और बाहरी आघात शामिल थे। इस संकट की जड़ें 1970 और 1980 के दशक में वित्त मंत्रालय और उस समय के आर्थिक सलाहकारों की नीतियों में छिपी हुई थीं। इस दौरान उनकी भूमिका और वित्त मंत्रालय की नीतियों की विफलताओं पर चर्चा की जानी चाहिए। 1991 के आर्थिक सुधारों को लेकर डॉ. मनमोहन सिंह का महिमामंडन अक्सर किया जाता है, लेकिन यह आवश्यक है कि इस पर तथ्यात्मक और निष्पक्ष विश्लेषण किया जाए।

1970–80 के दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती रही। उस दौर में डॉ. मनमोहन सिंह विभिन्न उच्च पदों पर रहे, जिनमें मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर और योजना आयोग के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल थे।

इन पदों पर रहते हुए उन्होंने आर्थिक नीतियों को प्रभावित किया, लेकिन उन नीतियों में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं दिखाई दिया। इसके विपरीत, भारत की आयात नीतियों और संरक्षणवादी रुख ने कई घरेलू उद्योगों को कमजोर कर दिया।

यह जानना दिलचस्प है कि आपातकाल से पहले भारत में आयकर की अधिकतम दर लगभग 22 प्रतिशत थी, जो 1973–74 में बढ़कर 97.5 प्रतिशत से भी अधिक हो गई थी। यह दर उस समय की वित्तीय नीतियों की असफलता को दर्शाती है, जिसमें डॉ. सिंह का योगदान रहा, क्योंकि वे उस समय आर्थिक नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका में थे।

पाम ऑयल आयात की अनुमति जैसे निर्णयों ने भारतीय तेल उद्योग को भारी नुकसान पहुंचाया। इसी प्रकार, अनियंत्रित आयात नीतियों के कारण 1980 से 2010 के बीच भारत में कई लघु और मध्यम उद्योग बंद हो गए। यह दौर वही था, जब डॉ. सिंह नीति–निर्धारण का हिस्सा थे। ऐसे में यह सवाल उठत

## धनतेरस पर गौशाला को दिया 10 बीघा भूमि और परिस

बूंदी। धनतेरस के पावन अवसर पर दान की महत्ता को चरितार्थ करते हुए, काटी निवासी राधेश्याम यादव ने एक अनुकरणीय और ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने अपनी 10 बीघा भूमि और उस पर निर्मित परिसर को केसरियाँ नाथ जोगनीय माँ गो सेवा समिति को दान कर दिया है। इसके साथ ही, उन्होंने 50 गोवंश को भी गौशालाओं को समर्पित किया है।

यादव वंश से संबंध रखने वाले राधेश्याम यादव ने गोवंश की सेवा और संरक्षण को अपने जीवन का उद्देश्य चुना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य का यह परिसर और भूमि समिति को सौंप दी। यह दान धनतेरस जैसे शुभ दिन पर किया गया, जिसने इस कार्य को और भी ऐतिहासिक बना दिया है। केसरियाँ नाथ जोगनीय माँ गो सेवा समिति से जुड़े सदस्यों ने राधेश्याम यादव के इस महान संकल्प का हृदय से स्वागत किया।

समिति के सदस्य आदित्य भंडारी, महेश कुमार जैन, डाक्टर पंकज जैन, जैनेंद्र छाजेड, सौरभ भंडारी, शुभम जैन, सोनिल भंडारी, अंकुर शर्मा, संदीप गोलेचा और नवीन जैन ने इस अवसर पर राधेश्याम जी का अभिनंदन किया।

# बीकानेर में भेड़, ऊंटनी के दूध से तैयार किया ड्रिंक

## डायबिटीज और खून की कमी वाले मरीजों को फायदा

**बीकानेर।** राजस्थान की वेटरनरी यूनिवर्सिटी (बीकानेर) ने एक ऐसा ड्रिंक तैयार किया है, जिससे बीमारियां ठीक की जा सकेंगी। खास बात ये है कि इस ड्रिंक को गाय और बकरी के अलावा भेड़, ऊंटनी और गधी के दूध से तैयार किया गया है।

इस ड्रिंक को पेंटेंट करवाने का प्रोसेस भी किया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि पेटेंट के बाद जल्द ही ये स्पेशल ड्रिंक बाजार में उपलब्ध होगी। इसे तैयार करने वाले एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकुल सैन का दावा है कि ये ड्रिंक डायबिटीज और एनीमिया जैसी बीमारियों में फायदेमंद होगी। इसकी एक खास बात ये भी है कि ये 10 दिन तक खराब भी नहीं होगी।

दरअसल, डायबिटीज, एनिमिया, कब्ज और पेट की बीमारियों समेत वे लोग जिन्हें बीमारी के दौरान मुंह से खाने में परेशानी होती है, उन्हें ध्यान में रखकर इस पर रिसर्च शुरू की गई थी। इस ड्रिंक को सांगरी, तुलसी के बीज, सहजन, मल्टीग्रेन, अलसी, अजवाइन, पुदीना, धनिया, तिल और मल्टीग्रेन भी मिलाया गया है। इसे सिन बायेटिक थेरेब्यूटिक हेल्थ ड्रिंक नाम दिया गया है। इस ड्रिंक को तैयार करने के लिए पांच जानवरों का दूध लिया गया। इसमें गाय, बकरी, भेड़, ऊंटनी और गधी का दूध था। इन सभी औषधीय प्लांट्स की बराबर मात्रा के अनुसार लिया गया। इसके बाद इन सभी का पाउडर तैयार कर इन्हें पांच अलग–अलग दूध में मिलाया गया। दो दिन तक इन मिक्सर को फर्मेंटेशन किया गया। इसके बाद इस मिक्सर को एक समान तापमान में गर्म किया गया। ध्यान रखा गया कि जिस तापमान में ये जितने समय में गर्म हुआ है उसी तापमान और समय में इसे दोबारा नॉर्मल किया जाए। दो दिन के इस पूरे प्रोसेस के बाद ये खास ड्रिंक तैयार हुआ। डॉ. मुकुल सैन ने बताया कि फर्मेंटेशन के बाद रिजल्ट अलग–अलग थे लेकिन सभी पॉजिटिव थे। सैंपल बनाने के बाद सर्वाधिक सही और औषधीय गुण वाले सैंपल को पेटेंट के लिए भेजा गया है। इसके लिए इंडियन पेटेंट ऑफिस को एप्लिकेशन दी गई। इस पर पेटेंट ऑफिस ने रिसर्च कर पता लगाया कि अब तक इस तरह का काम नहीं हुआ है। इसके बाद एप्लिकेशन को स्वीकृत कर लिया गया। अब इसका सर्टिफिकेशन होना बाकी है। पेटेंट मिलने के बाद इस फॉर्मूले को बाजार में दिया जाएगा। प्राइवेट और सरकारी फर्मों को एक एमओयू के तहत इसका लिटरेचर दिया जाएगा। डेयरी इंडस्ट्री में ये एक नया ब्रेवरेज ड्रिंक का स्थान ले सकता है। डॉ. सैन बताते हैं कि इस ड्रिंक में प्रोटीन, फाइबर, मिनरल्स, एंटी ऑक्सीडेंट, मल्टी एंजाइम होंगे। इससे ये मल्टी न्यूट्रिशनल प्रोडक्ट के रूप में काम आ सकेगा। इसके लिए जिन लोगों को मुंह से खाना खाने में परेशानी हैं, उन्हें ड्रिंक के रूप में भारी भोजन दिया जा सकता है। साथ ही पेट की बीमारियों से ग्रसित रोगियों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। वेटरनरी यूनिवर्सिटी के डेयरी साइंस के प्रोफेसर राहुल सिंह पाल ने बताया कि ये रिसर्च पिछले आठ महीने से चल रहा है। इसे करीब 22 बार बनाया गया था। इसके बाद इसे स्टाफ के लोगों को पिलाया गया, जिसमें किसी भी स्तर पर नुकसान सामने नहीं आया है। इस ड्रिंक को अगर रेफ्रिजरेटर में रखा जाता है तो पांच से सात दिन तक खराब नहीं होता। वहीं, अगर इसकी पैकिंग कर दी जाए तो दस दिन तक खराब नहीं होगा। ऐसे में कहीं भी बनाकर इसे आगे एक्सपोर्ट किया जा सकता है। डॉ. मुकुल सेन वेटरनरी यूनिवर्सिटी में टीचिंग एसोसिएट के रूप में काम कर रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 20 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, हस्त नक्षत्र रात्रि 8:17 तक, वैधृति योग रात्रि 2:35 तक, शकुनि करण दिन 3:45 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–कर्क, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज दीपावली, श्री महालक्ष्मी पूजा, महाकाली पूजा, वैधृति पुण्य, कमला जयन्ती है। दीपावली लक्ष्मी पूजन प्रदोष युक्त अमावस्या को स्थिर लग्न–स्थिर नवांश में किया जाना सर्वश्रेष्ठ है। लक्ष्मी पूजा समय प्रदोष काल सायं 5:51 से रात्रि 8:23 तक, वृष लग्न रात्रि 7:18 से 9:15 तक, सिंह लग्न मध्य रात्रि 1:48 से 4:04 तक है। पूजा का सर्वश्रेष्ठ समय 7:30 से 7:42 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 5:57 तक, शुभ 9:22 से 10:42 तक, चर 1:36 से 3:01 तक, लाभ अमृत 3:01 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:33, सूर्यास्त 5:51

### मेष



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन




घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### सिंह



आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कन्या



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### वृश्चिक



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर–परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### मकर




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में वाद–विवाद हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मीन



परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं, सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 51 संख्याः 8 प्रभात कोटा, सोमवार 20 अक्टूबर, 2025 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रु.


## लद्दाख प्रतिनिधियों की गृह मंत्रालय से 22 को वार्ता

लेह, 19 अक्टूबर। पिछले महीने हुई हिंसा के बाद, लद्दाख के प्रतिनिधि 22 अक्तूबर को दिल्ली में गृह मंत्रालय के साथ बातचीत करेंगे। इस बैठक में लेह एपेक्स बॉडी, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और लद्दाख के सांसद की ओर से तीन-तीन सदस्य शामिल होंगे।

ज्ञातव्य है कि लेह में बीते 24 सितंबर को राज्य का दर्जा और छठी

- **दिल्ली में हो रही इस वार्ता में लेह एपेक्स बॉडी, कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस और लद्दाख के सांसद की ओर से तीन-तीन सदस्य शामिल होंगे।**

अनुसूची की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके बाद कर्फ्यू और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं, जिससे जनजीवन और व्यापार दोनों प्रभावित हुए।

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी इस प्रदर्शन के बाद हिरासत में लिया गया था। एक सप्ताह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### अवकाश की सूचना

दीपावली के पावन पर्व पर राष्ट्रदूत कार्यालय में 20 व 21 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 23 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

**- व्यवस्थापक**

# महागठबंधन बिहार की सीटों के बंटवारे में उलझा

## प्रायः सभी घटक दलों के प्रत्याशी स्वतंत्र रूप से नामांकन दाखिल करने में जुटे

पटना, 19 अक्टूबर। खुद को सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को चुनौती देने वाला सबसे मज़बूत विपक्षी मोर्चा कहने वाला महागठबंधन अपने घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर उलझ गया है और चुनाव में प्रथम चरण में नामांकन की वापसी की अंतिम तिथि समीप आने के साथ उनका आपस में तालमेल अब "महा-विवाद" बनता जा रहा है।

महागठबंधन के घटक दल हफ़्तों से बातचीत में मशगूल हैं लेकिन 17 अक्टूबर को पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी सीटों के बंटवारे का फ़ॉर्मूला अंतिम रूप से सामने नहीं आ पाया है। महागठबंधन के घटक, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामपंथी दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सभी ने स्वतंत्र रूप से नामांकन दाखिल किए हैं।

महागठबंधन के घटक दलों में तालमेल के अभाव में "फ्रेंडली फाइट" के हालात उत्पन्न हो गए हैं, क्योंकि महा गठबंधन के उम्मीदवारों ने अपने तीर

- **यदि महागठबंधन के घटकों में "फ्रेंडली फाइट" के हालात बने रहे तो विपक्ष के वोटों का बंटवारा हो जाएगा, जो भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए लाभदायक हो सकता है।**

का तरकश एक दूसरे की तरफ तान दिया है। कहा जा रहा है कि महागठबंधन के एक से ज्यादा उम्मीदवारों का एक ही सीट पर लड़ना, वोट बंटवारे का कारण बनेगा, जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग को करीबी मुकाबलों में निर्णायक बढ़ त मिल सकती है।

छह नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए 121 सीटों पर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर है, ऐसे में महागठबंधन के नेताओं को पूरा विश्वास है कि एक ही सीट पर दो घटक दलों के उम्मीदवारों के नामांकनों का मामला सुलझ जाएगा। राजद, कांग्रेस और वीआईपी के नेताओं ने कहा कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के अतिरिक्त उम्मीदवार तालमेल के बाद अपने नामांकन वापस ले लेंगे।

मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर आम सहमति न बनने से महागठबंधन की स्थिति और जटिल हो गई है। राजद ने कथित तौर पर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि कांग्रेस की ओर से कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

इस बीच, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के फैसले ने महागठबंधन को एक और झटका दिया है। झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनकी पार्टी कुछ भी सहन कर सकती है, लेकिन अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं कर सकती।

**चुनाव प्रक्रिया के दौरान नामांकन जांच में मिली त्रुटियों ने महागठबंधन की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। वीआईपी के गणेश भारती ने हस्ताक्षर न होने के कारण अपना पार्टी चिह्न खो दिया और अब वह कुशेश्वरस्थान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। राजग की ओर से भी मढ़ौरा से लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन खारिज कर दिया गया, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन के पास उस सीट के लिए कोई उम्मीदवार नहीं बचा है।**

## पेरिस के लूव्र म्यूज़ियम से नेपोलियन काल के गहने चोरी

पेरिस, 19 अक्टूबर। फ्रांस की राजधानी पेरिस के विख्यात लूव्र म्यूज़ियम से रविवार की सुबह ऐतिहासिक और बहुमूल्य गहनों की चोरी हो गयी।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक तीन-चार नकाबपोश निर्माणाधीन क्षेत्र से एक

- **सीन नदी के किनारे स्थित लूव्र म्यूज़ियम विश्व के सबसे प्रसिद्ध म्यूज़ियमों में से एक है।**

मालवाहक लिफ्ट के सहारे, म्यूज़ियम का शीशा तोड़ कर, उस कमरे में घूस गए जहाँ नेपोलियन और महारानी से संबंधित संग्रह रखे हुए थे। उस संग्रह से वे नौ गहने चुरा ले गए।

रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9:30 से 9:40 के बीच चोर कथित तौर पर स्कूटर पर आए और केवल सात मिनट में दिनदहाड़े इस डकैती को अंजाम देकर चले गए।

फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज़ ने कहा कि नुकसान का आकलन अभी किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि लूटेरों से संबंधित एक स्कूटर बरामद हुआ है और आगे की जांच चल रही है।

फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने एक्स पर एक पोस्ट में सूचना दी कि रविवार को संग्रहालय बंद रहेगा, क्योंकि यहाँ सुबह चोरी हुयी है।

उल्लेखनीय है कि सीन नदी के किनारे स्थित लूव्र म्यूजियम विश्व के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अयोध्या में 26 लाख दिये जलाये, 2100 वेदाचार्यों ने आरती की

## दीपोत्सव समारोह में गिनीज़ बुक ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के दो प्रमाण पत्र दिये

अयोध्या, 19 अक्टूबर। दीपावली के मौके पर रामनगरी अयोध्या में 26,17,215 दीये जलाए गए। इसके साथ ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव समारोह के दौरान बनाए गए दो नए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र लिए। यहां एक साथ सबसे ज्यादा लोगों द्वारा दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। अयोध्या में साल 2017 से दीपोत्सव कार्यक्रम हो रहा है। हर साल यहां दीयों की संख्या बढ़ जाती है। शुरुआत में यहां एक लाख के करीब दीये जलाए गए थे। अब यह संख्या 26 लाख के पार पहुंच चुकी है।

लगातार नौवीं बार यह विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है।

दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य

- **दीपोत्सव के बाद भव्य आतिशबाजी तथा ड्रोन शो का आयोजन हुआ। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु इस अवसर पर अयोध्या आये थे।**

आतिशबाजी और ड्रोन शो का आयोजन हुआ।

गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीयों की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया गया, इससे स्वयंसेवकों को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई।

सीएम योगी ने दीपोत्सव के मौके पर कहा कि जहां कभी गोलियां चली थीं, वहां अब दीये जल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दीये 500 वर्षों के अंधकार पर विजय का प्रतीक हैं।

योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में संतों और महंतों का अभिवादन किया। वेसरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव में शामिल होने पहुंचे हैं। इस मौके पर अयोध्या में शानदार ड्रोन शो और आतिशबाजी भी हुई।सीएम योगी ने कहा, "मैं दीपोत्सव 2025 पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। दीपोत्सव के इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने उत्तर प्रदेश की एक पहचान बनाने की कोशिश की है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों की पहचान से समझौता न हो और कोई भी उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे, उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद, हमने निरंतर प्रयास किए हैं।"

दीपोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए लगभग 10 हजार जवानों ने सुरक्षा की कमान संभाली। खुफिया एजेंसियां विभिन्न स्वरूपों में इनपुट तलाशती रहीं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पीएसी, आरएएफ के जवान मुस्तैद रहे। आयोजन सकुशल संपन्न होने पर सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली है।




## फ्रिज में अचानक ब्लास्ट, हड़कम्प मचा

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल उपखंड क्षेत्र के चक्की चौराहा (कोचरिया) में बीती रात एक मकान की रसोई में रखे फ्रिज में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे क्षेत्र में हडकम्प मच गया। यह घटना चक्की चौराहा निवासी किशन पुत्र शंकर गुर्जर के मकान में हुई। विस्फोट के बाद आग की लपटें उठने लगीं और स्थिति गंभीर हो गई।बताया गया कि रसोई में रखे फ्रिज के पास एलपीजी गैस सिलेंडर रखा हुआ था, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका थी। इसी बीच पास के मकान से सरपंच के पुत्र कमलेश गुर्जर मौके पर पहुंचे। लोगों ने उन्हें सिलेंडर के पास होने की सूचना दी। कमलेश ने बिना किसी हिचकिचाहट के आग की लपटों के बीच सिलेंडर को बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने का कारण रसोई में लगे आरओ सिस्टम में हुई स्पार्किंग बताई गई है, जिससे आग फ्रिज तक पहुंची। और धमाका हुआ। हालांकि इस घटना में किसी की जान ना जाने की जानकारी मिली है, लेकिन रसोई का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# 168.440 किलोग्राम डोडा पोस्त और 2 चोरी की लग्जरी कारें जब्त, 1 तस्कर गिरफ्तार




बालोतरा के निकट बायतु पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। फोटो राष्ट्रदूत

■ बायतु थानाधिकारी महेश गोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम को सफलता मिली

**बालोतरा,** (नि.सं.)। जिला बालोतरा पुलिस ने नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण और मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विष दमन के तहत एक बडी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्करी एवं वाहन चोरी के संगठित आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में 168.440 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त और चोरी की दो लग्जरी कारें जब्त की गई हैं। पुलिस ने आरोपी तस्कर मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की मंशा के अनुरूप जिले में मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा गोपालसिंह भाटी आरपीएस और वृताधिकारी बायतु शिव नारायण चैधरी आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में, जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) बालोतरा और बायतु थानाधिकारी महेश गोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। 17 अक्टूबर को डीएसटी बालोतरा द्वारा बायतु थानाधिकारी महेश गोयल उनि. को सूचना मिली कि लीलाला निवासी मुकेश कुमार पुत्र मानाराम जाट अवैध डोडा पोस्त तस्कर है और उसके घर पर चोरी की इनोवा क्रिस्टा व टाटा हैरियर गाडियाँ खडी हैं तथा अवैध डोडा पोस्त की खेप छिपाकर रखी हुई है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी मुकेश कुमार के रहवासी ढाणी और उसके खेत में दबिश दी। तलाशी के दौरान, आरोपी द्वारा खेत में बाजरे की फसल के बीच, डोका के नीचे छिपाकर रखे गए 8 प्लास्टिक के काले कट्टों से कुल 168.440 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया।

इसके अतिरिक्त, आरोपी के घर के आगे खडी चोरी की सफेद रंग की इनोवा क्रिस्टा कार जब्त की गई, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। जांच में पता चला कि वाहन के चेसिस नंबर घिसे हुए थे और डोडा पोस्त परिवहन के लिए पिछली सीटें हटाई गई थीं। कार के अंदर से अलग-अलग नंबरों की 6 फर्जी नंबर प्लेटें भी बरामद हुईं। इसी प्रकार एक अन्य बिना नम्बरी सफेद रंग की टाटा हैरियर कार भी जब्त की गई, जिसके चेसिस नंबर भी घिसे हुए थे। पुलिस ने मौके से आरोपी मुकेश कुमार पुत्र मानाराम जाट निवासी लीलाला, थाना बायतु को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## सार-समाचार

### राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया

**रुदावल भरतपुर** (निस)। रूदावल कस्बे में शनिवार को ट्रेलर के चपेट में आने से विवाहिता की मौत के बाद मृतका के परिजनों एवं ग्रामीणों ने की पुलिस से हाथापाई कर ट्रेलर में तोड़फोड़ कर दी। परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखे शव को जबरन निकाल कर सडक पर रखकर शव को अपमानित किया गया। घटना को लेकर रूदावल थाना के ड्यूटी ऑफिसर भरत लाल की ओर से 19 नामजद लोगों सहित 100-150 लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने एवं पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करने एवं राजमार्ग को जाम करने का मामला दर्ज कराया है। रूदावल थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक भरत लाल की ओर से दर्ज कराए मामले में बताया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बस स्टेण्ड पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रेलर के चालक ने तेज गति व लापरवाही से ट्रेलर को चलाकर एक अपाचे मोटरासईकिल को टक्कर मार दी है। जिससे मोटरसाईकिल पर पीछे बैठी सवारी मालती पत्नि सत्येन्द्र प्रजापति निवासी सायपुर की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा तो मृतका के परिजन एवं ग्रामीणों ने राजमार्ग को जाम कर दिया। राजमार्ग को जाम करने वालों को नेतृत्व गोविन्द गुर्जर निवासी रानपुर कर रहा था। इन लोगों में भूपेन्द्र, राजेन्द्र, बनय सिंह, महेश, रघु शर्मा, सीता प्रजापत, राहुल शर्मा, पवन, विष्णु प्रजापत, नीरू, बिजेन्द्र, लाखन, जगन्नाथ, लेखराज, हरोम प्रजापत, महावीर, महेश, रतन, गोविन्द गुर्जर सहित 100-150 लोग शामिल थे। पुलिस जाप्ता ने घटना करने वाले ट्रेलर को लाने का प्रयास किया तो इन लोगों ने पुलिस के साथ गाली गलौच करते हुए भयोपरत किया एवं राजकार्य में बाधा डाली गई। इन लोगों की ओर से मोर्चरी से शव को निकालकर सडक पर रखकर शव का भी अपमान किया। जब पुलिस ने इन लोगों को रोका तो नामजद सहित अन्य लोगों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की गई।

### भाजपा नेता की पिटाई मामले में एएसआई और कांस्टेबल लाइन हाजिर

**जोधपुर,** (कासं)। बीजेपी के शासन में ही बीजेपी कू एक नेता की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला सामने आया है। इस मामले में एक एएसआई और कांस्टेबल को पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामला भोपालगढ़ थाने का है। भोपालगढ़ थाने में भाजपा के मंडल महामंत्री को रातभर बंद रख मारपीट की गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने एडीसीपी के सामने विरोध जताया। विवाद बढ़ता देख पिटाई करने के आरोप में एएसआई गोविंदराम और कॉन्स्टेबल दिलीप को भोपालगढ़ थाने से ग्रामीण पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया। इधर इस विरोध से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी एडीसीपी भोपालसिंह लखावत से पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष जताते हुए नजर आए। गुस्साए जिलाध्यक्ष ने यहां तक बोल दिया कि हमारी सरकार है और आप हमारे ही पदाधिकारी को पीट रहे हो, ऐसा नहीं चलेगा। मैं इसको लेकर सीएम, डीजीपी को भी शिकायत करूंगा। यदि आपने एक्शन नहीं लिया तो मैं अपने हिसाब से कार्रवाई कराऊंगा। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने उनकी पार्टी के पदाधिकारी के साथ मारपीट की है, उसे सामने लाया जाना चाहिए। उसके खिलाफ कार्रवाई हो। उसे किस अपराध में थाने लाकर बंद किया गया। क्या वो कोई हिस्ट्रीशीटर है जो पुलिस पकड़कर थाने लाई। जिलाध्यक्ष भाटी ने कहा कि रातभर उनके मंडल के पदाधिकारी के साथ थाने में मारपीट की गई। उनके शरीर पर कई जगहों पर निशान है। जबकि पुलिस थाना भोपालगढ़ के थाना अधिकारी बोल रहे हैं उन्हें पता ही नहीं, ये कैसे संभव है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर भाजपा के पदाधिकारियों को टारगेट कर रही है। उन्होंने इस मामले में आगे उच्च स्तर पर शिकायत करने की भी बात कही। बताया जा रहा है कि जिस पदाधिकारी के साथ मारपीट हुई उसका नाम हेमंत शर्मा है, जो भोपालगढ़ मंडल के महामंत्री हैं। आरोप है की पुलिस ने झूठी गिरफ्तारी कर उन्हें शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार किया और रात को पुलिस एएसआई और दो सिपाही ने मिलकर मारपीट की। इसका पता चलने के बाद भाजपा देहात जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने भोपालगढ़ पुलिस थाने जाकर विरोध जताया।

## 'ओपीएस योजना बंद करना राज्य कर्मचारियों के साथ अन्याय'

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) योजना को बंद किए जाने के निर्णय का जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित समस्त पदाधिकारीयों ने कड़ा विरोध किया है।

जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत ने कर्मचारीयों के भविष्य की सुरक्षा निश्चित करने के उद्देश्य से ओल्ड पेंशन स्कीम योजना लागू की थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने बदले की नीयत से कार्रवाई करते हुए। इस योजना में फेरबदल करके नई पेंशन स्कीम योजना लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जो की पूर्णतया न्याय संगत नहीं है एवं कर्मचारियों के हित में भी नहीं है।

इस नई पेंशन स्कीम में कई तरीके की विसंगतियां है जो कि कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में ले जाएंगी। जिला अध्यक्ष सूपा ने बताया कि राज्य में बोर्ड, निगम और विश्वविद्यालय कर्मचारीयों पर एनपीएस योजना लागू करने जो निर्णय भाजपा सरकार द्वारा लिया गया है, उसे तुरंत राज्य सरकार द्वारा कर्मचारीयों के हित में वापस ले लेना चाहिए।

## दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी

**भीलवाड़ा।** जिले के आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास रविवार को दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है, जिसने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना मुख्य बाजार के बीचो-बीच हुई, जो कस्बे में रहने वाले लोगों के लिए बडी चिंता का विषय बनी हुई है।पिछले कुछ महीनों से आसींद क्षेत्र में चोर गिरोह की सक्रियता के कारण कई दर्जनों मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में पुलिस ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए कार्यवाही भी की थी, लेकिन इसके बावजूद चोरी की घटनाएं थम नहीं रहीं। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बाइक चोरी की घटना के सीसीटीवी फुटेज में चोरों की हिम्मत साफ नजर आई, जो दिनदहाड़े खुलेआम मोटरसाइकिल चोरी करते दिखे।इस लगातार बढती घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग सुरक्षा को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस की कार्यवाही को लेकर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग जोर पकडी है ताकि चोर गिरोह पर नियंत्रण पाया जा सके और आम जनता का रहने-खाने का माहौल सुरक्षित बनाया जा सके।

## रोडवेज की बसों को जयपुर भेजने के 8 लाख रुपए गबन के मामले के महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब

■ ट्रैफिक मैनेजर नरेंद्रपाल राणा के खिलाफ कोतवाली थाने में केस दर्ज कराया है

**श्रीगंगानगर।** यहां श्रीगंगानगर डिपो की ओर से रोडवेज की बसों को डेरा सच्चा सौदा के लिए जयपुर भेजने के 8 लाख रुपए गबन के मामले के महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब हो गए। इस संबंध में तत्कालीन ट्रैफिक मैनेजर नरेंद्रपाल राणा के खिलाफ कोतवाली थाने में केस दर्ज करवाया गया है। इसकी जांच हेड कांस्टेबल रामकिशोर को सौंपी गई है। परिवादी रोडवेज आगार मुख्य प्रबंधक नरेंद्र चौधरी की ओर से कोतवाली में भेजे गए परिवाद में बताया गया है कि डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों को रोडवेज बसों में नियम विरुद्ध जयपुर भेजने के मामले की जांच विचाराधीन है। इस संबंध में मुख्यालय द्वारा रिकॉर्ड मांगा गया था।

ऑडिट शाखा में कार्यरत कार्मिक इन्द्रपाल कौर ने नोटशीट के जरिए बताया कि तत्कालीन ट्रैफिक मैनेजर नरेंद्रपाल सिंह राणा ने 15 दिसंबर 2024 को रविवार के अवकाश के दिन रिपोर्ट भेजने का कहकर उससे चाबी मंगवाकर वाहनों की समस्त डेटा स्टेशनरी निकाल ली। बार-बार मौखिक रूप से कहने के बावजूद नरेंद्रपालसिंह राणा ने दस्तावेज वापस कार्यालय में जमा नहीं करवाए। नरेन्द्रपालसिंह राणा ने सरकारी रिकॉर्ड को ही गायब कर दिया। यह मामला वर्ष 2023 का है।

डेरा सच्चा सौदा सिरसा को जयपुर में सत्संग के दौरान रोडवेज की बसें बुक कीं। नियमानुसार ये बसें कॉन्ट्रेक्ट कैरिज के प्रति किलोमीटर के रेटों पर जानी चाहिए थीं जोकि रूटीन रूट प्रति किमी से अधिक रेट थे। लेकिन श्रीगंगानगर आगार के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक दीपक भोभिया (वर्तमान में बारां आगार प्रबंधक) तथा ट्रैफिक मैनेजर नरेंद्रपालसिंह राणा (वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी निलंबित और नागौर पदस्थापित) ने मिलकर डेरे की ओर से एकमुश्त रकम लेकर जेब में रख ली।

इन्होंने 34 बसें 30 सितंबर 2023 को जयपुर भेजीं। ये बसें 2 अक्टूबर 2023 को वापस पहुंचीं। सभी के परिचालकों से श्रीगंगानगर से जयपुर की टिकटें कटवाकर रिकॉर्ड में रख लीं। परिचालकों को यह बताया ही नहीं गया कि उक्त बसों के कॉन्ट्रेक्ट कैरिज का किराया लिया जा चुका है। इसमें कॉन्ट्रेक्ट कैरिज और रूट के रेट में 8 लाख रुपए का अंतर था। यह रकम दोनों ने गबन कर ली। इसकी शिकायत हुई। रोडवेज सूत्रों के अनुसार मामले की शिकायत होते ही ट्रैफिक मैनेजर नरेंद्रपाल राणा ने 15 दिसंबर 2024 को सबसे पहले टिकटों का रिकॉर्ड गायब किया। हालांकि इसके बाद उसका प्रमोशन भी हो गया और अब वह सहायक प्रशासनिक अधिकारी है। गबन की जांच को एक ऑडिट टीम 30 दिसंबर को ही जिला मुख्यालय से जांच पूरी करके जयपुर लौटी है। आरोपी राणा द्वारा रिकॉर्ड गायब करने के बाद अब उनको अनूपगढ़ में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत से 9 अक्टूबर को निलंबित करके नागौर आगार मुख्यालय लगाया गया है।

साथ ही सरकारी रिकॉर्ड चोरी करने या खुर्दबुर्द करने के आरोप में केस दर्ज करवाया गया है। ऑडिट रिपोर्ट मुख्यालय को प्रस्तुत की जा चुकी है। संभावना है कि अक्टूबर माह में ही मुख्यालय जांच रिपोर्ट के आधार पर भी कार्रवाई कर देगा।

## भाजपा नेता की पिटाई मामले में एएसआई और कांस्टेबल लाइन हाजिर

**जोधपुर,** (कासं)। बीजेपी के शासन में ही बीजेपी कू एक नेता की पुलिस द्वारा पिटाई का मामला सामने आया है। इस मामले में एक एएसआई और कांस्टेबल को पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामला भोपालगढ़ थाने का है।

भोपालगढ़ थाने में भाजपा के मंडल महामंत्री को रातभर बंद रख मारपीट की गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंच गए। यहां उन्होंने एडीसीपी के सामने विरोध जताया। विवाद बढ़ता देख पिटाई करने के आरोप में एएसआई गोविंदराम और कॉन्स्टेबल दिलीप को भोपालगढ़ थाने से ग्रामीण पुलिस लाइन हाजिर कर दिया गया। इधर इस विरोध से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी एडीसीपी भोपालसिंह लखावत से पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष जताते हुए नजर आए। गुस्साए जिलाध्यक्ष ने यहां तक बोल दिया कि हमारी सरकार है और आप हमारे ही पदाधिकारी को पीट रहे हो, ऐसा नहीं चलेगा। मैं इसको लेकर सीएम, डीजीपी को भी शिकायत करूंगा। यदि आपने एक्शन नहीं लिया तो मैं अपने हिसाब से कार्रवाई कराऊंगा।

## भीलवाड़ा यूआईटी भूखंड लॉटरी विवाद : विधायक कोठारी ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

■ जनमानस में असंतोष को लेकर मंत्री खर्रा को लिखा पत्र

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा हाल ही में आयोजित 3081 भूखंडों की ई-लॉटरी प्रक्रिया अब विवादों के घेरे में आ गई है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने इस पूरी प्रक्रिया की प्रामाणिकता को लेकर भीलवाड़ा के जनमानस में व्याप्त असंतोष का हवाला देते हुए राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा को एक पत्र लिखा है। विधायक कोठारी ने जनहित में इस पूरी लॉटरी की उच्चस्तरीय कमेटी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और किसी भी दोषी व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके। विधायक कोठारी ने 18 अक्टूबर 25 को मंत्री खर्रा को लिखे अपने पत्र में कहा है कि हमारी सरकार का मूल मंत्र "सभी का साथ – सभी का विकास" है और शासन व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखना प्राथमिकता है।उन्होंने मंत्री खर्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गत बजट घोषणा के अनुरूप भीलवाड़ा यूआईटी ने 3081 भूखंडों की लॉटरी 16 अक्टूबर 25 को नगर निगम सभागार में आयोजित की थी।विधायक ने पत्र में लॉटरी से जुड़े चौंकाने वाले आंकड़े भी प्रस्तुत किए। लॉटरी हेतु यूआईटी ने करीब 92,414 फॉर्म विक्रय किए थे, जिसमें से 90,359 आवेदन पत्र जमा हुए। न्यास ने जांच के बाद 1549 आवेदन पत्रों को निरस्त किया, जबकि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को उपलब्ध कराए गए डेटा में से जेडीए ने एक ही स्कीम में एक ही आधार पर किए गए एक से अधिक आवेदनों के कारण 571 और आवेदन निरस्त किए। अंततः 88,239 आवेदन लॉटरी में शामिल हुए, जबकि भूखंड केवल 3081 थे।विधायक कोठारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा की "लॉटरी उपरांत प्रक्रिया की प्रामाणिकता को लेकर भीलवाड़ा के जनमानस में असंतोष है।" और यह विषय जनहितार्थ और बड़ी संख्या में लोगों की भावनाओं से जुड़ा है, इसलिए इसकी विश्वसनीयता बहाल करना आवश्यक है। पत्र में विधायक कोठारी ने स्वायत शासन मंत्री से पुरजोर आग्रह किया है कि भीलवाड़ा यूआईटी द्वारा आयोजित इस लॉटरी की निष्पक्ष जांच एक उच्चस्तरीय कमेटी से कराई जाए। उन्होंने तर्क दिया है कि जांच के बाद यदि कोई भी व्यक्ति या अधिकारी लॉटरी प्रक्रिया में दोषी पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। विधायक कोठारी की इस पहल से भीलवाड़ा के हजारों भूखंड आवेदकों की चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है, जिससे भूखंड आवंटन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता आ सके।

## मोबाइल फोन ढूंढकर उनके मालिकों को लौटाया

**करौली।** करौली में दीपावली के पांच दिवसीय महापर्व को शांति और सुरक्षा के साथ मनाने की तैयारियों के तहत शनिवार को करौली कोतवाली में नागरिक संपर्क समूह (सीएलजी) की बैठक हुई। इसमें शहर की शांति व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर चर्चा की गई। बैठक में यातायात व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। दीपोत्सव के दौरान शहर के परकोटे के अंदर चार पहिया और तिपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। यह फैसला भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और आवाजाही को सुगम बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सीएलजी बैठक के बाद करौली पुलिस ने एक सराहनीय कार्य किया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर खोए हुए 45 मोबाइल फोन ढूंढकर उनके असली मालिकों को लौटाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गुमनाराम ने कहा कि पुलिस का मुख्य लक्ष्य जिले में शांति कायम करना है।

# बीजेपी के पूर्व मंत्री की बेटी के घर हमला

## पति, बेटे-बहू को लाठी-डंडों से पीटा, पिस्टल तानी

■ घटना देर रात करीब 10.30 बजे केसरीसिंहपुर थाना इलाके के 42 जीजी गांव की है। हमले की जानकारी के बाद 5 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

**श्रीगंगानगर।** यहां भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल सिंह टीटी की बेटी के घर बदमाशों ने हमला कर दिया। हमलावर फर्जी पुलिसवाले बनकर घुर में घुसे और टीटी के दामाद गुरुचरण रमाना और उनके बेटे-बहू के साथ मारपीट की।

लाठी-डंडों से हमले के बाद आरोपियों ने परिवार पर पिस्टल भी तान दी। घटना देर रात करीब 10.30 बजे केसरीसिंहपुर थाना इलाके के 42 जीजी गांव की है। हमले की जानकारी के बाद 5 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, रविवार सुबह तक आरोपियों का सुराग नहीं मिला था। घटना का आज सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एसपी अमृता दुहन ने बताया- व्यापारी गुरुचरण रमाना के घर शनिवार रात अज्ञात हमलावर घुसे थे। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया था।

पुलिस के अनुसार व्यापारी गुरुचरण सिंह रमाना श्रीगंगानगर से अपने गांव लौट रहे थे। घर पहुंचने पर उनके पीछे पुलिस की वर्दी पहने 2 युवक भी आ गए। युवकों ने रमाना से बातचीत करने का अनुरोध किया और उन्हें घर की बैठक में चलने को कहा। जैसे ही व्यापारी ने बैठक का दरवाजा खोला, दोनों युवक अंदर आते ही उनसे मारपीट करने लगे। इसके बाद 4-5 अन्य बदमाश भी घर में घुस आए। उन्होंने रमाना के बेटे-बहू के साथ भी मारपीट की। बदमाशों ने गुरुचरण सिंह रमाना के साथ मारपीट की और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। बदमाशों ने व्यापारी से बार-बार सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर मांगा, लेकिन रमाना ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी और शोर मचाया। बदमाशों ने व्यापारी की बहू पर भी हमला किया।

उसने एक कमरे में जाकर खुद को बंद कर परिचितों को फोन करने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और उनके तथा उनके बेटे के मोबाइल फोन छीन लिए। शोर सुनकर घर की छत पर सो रहा परिवार नीचे आया। डीवीआर नहीं मिलने पर बदमाश मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। एसपी अमृता दुहन ने बताया कि घटना के बाद 5 थानों की पुलिस श्रीगंगानगर कोतवाली, श्रीकरणपुर, पदमपुर, केसरीसिंहपुर और गजसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची है। हालांकि, घर में लूट की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। सभी आरोपी अज्ञात थे। जिनकी तलाश की जा रही है।

## ओवरब्रिज का काम अगले सप्ताह से

■ एनएच-52 तालेड़ा से हिंडौली के बीच 4 कट पर ओवरब्रिज निर्माण के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं।

**बूंदी।** एनएच-52 तालेड़ा से हिंडौली के बीच 4 कट पर ओवरब्रिज निर्माण के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं। करीब 175 करोड़ की लागत आएगी। एक साल में बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। एनएचएआई ने पिछले महीने टेंडर प्रक्रिया पूरी की थी।

ओवरब्रिज व सर्विस रोड बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। एनएच-52 पर कोटा की तरफ वाले कट पर, बरूधन चौराहे, रामगंजबालाजी व अशोक नगर चमन चौराहे वाले कट पर ओवरब्रिज निर्माण करेगा। इसके अलावा बेसखा स्थित कट से कांची घाटी तक, सिलोर रोड पुलिया से रेलवे स्टेशन पुलिया तक व तालेड़ा बूंदी वाले कट पर भी सर्विस रोड निर्माण होगा। तालेड़ा में कोटा की ओर मौजूद कट जहां ओवर ब्रिज बनना है।

ओवरब्रिज बनने से यहां पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसके अलावा बरूधन चौराहे, रामगंजबालाजी व अशोक नगर के पास एक्सीडेंटल पॉइंट बने हुए हैं। यहां 3 साल में करीब 20 बड़े हादसे हो चुके हैं। इनमें 18 लोगों की जान जा चुकी। इसी तरह हिंडौली से चैनपुरिया, जहाजपुर जाने व आने वाले लोगों को सर्विस रोड नहीं होने से गलत दिशा में चलना पड़ता है।

यहां महीनेभर में 3-4 एक्सीडेंट होते हैं। सर्विस रोड बनने से वाहन चालकों का सुगमता होगी। वहीं बूंदी सिलोर रोड चौराहे से रेलवे स्टेशन तक व तालेड़ा में बूंदी वाले कट पर सर्विस रोड के निर्माण होगा।

इन कटों पर ओवरब्रिज बनाने के लिए एनएचएआई की कोटा यूनिट ने एक साल पहले प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद स्वीकृति आने पर इसी साल इनकी डीपीआर तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी। वर्क ऑर्डर जारी किए हैं। अगले 1-2 हफ्ते में काम शुरू हो जएगा।

## जिलों को शीघ्र मिलेंगे कांग्रेस अध्यक्ष

**करौली** (निंसं.)(फोटो-पी-1) राजस्थान में कांठोस ने आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनावों को लक्ष्य बनाकर जिलों में अपने ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। इसी क्रम में करौली में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसमें प्रदेश स्तर के पर्यवेक्षक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। करौली में एआईसीसी पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए सृजन अभियान चल रहा है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही जिलों को नए अध्यक्ष मिलेंगे। जावेद ने कहा कि पार्टी का मुख्य फोकस 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनावों पर है।पर्यवेक्षक नदीम जावेद के अनुसार, भाजपा की नीतियों और 'वोट चोरी' के मामलों को लेकर आमजन में रोष है। इसी आधार पर कांठोस आगामी चुनावों में राज्य और केंद्र दोनों जगह सरकार बनाने का दावा कर रही है।जावेद ने जानकारी दी कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले की प्रत्येक विधानसभा में बैठकें आयोजित की गईं। इस दौरान कांठोस जिला अध्यक्ष पद के लिए 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# फेकें नहीं हमें दें , ई-रिक्शा रैली माध्यम से आमजन को दिया संदेश

■ बाल अधिकारिता विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को फेकें नहीं हमें दें का ई-रिक्शा रैली के माध्यम से भरतपुर शहर में जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया

**भरतपुर** (निस)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को फेकें नहीं हमें दें का ई-रिक्शा रैली के माध्यम से भरतपुर शहर में जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अमित अवस्थी ने बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के कार्यालय राजेन्द्र नगर, भरतपुर से बाजार के मुख्य मार्गों से नवजात शिशुओं को लावारिस अवस्था में फेकें नहीं हमें दें के बारे में लागों को जागरूक करने के लिए वरिष्ट सहायक दुर्गेश पचौरी ने ई-रिक्शा रैली का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से आमजन से अपील की गई कि नवजात शिशुओं को फेंकने की बजाय गोपनीय तरीके से सरकार द्वारा संचालित पालना गृह जनाना हॉस्पीटल मोरी चार बाग, भरतपुर एवं नारी निकेतन परिसर में छोडने के लिए लोगों को जानकारी प्रदान की गई। शिशु को पालना गृह में छोडने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। लावारिस नवजात शिशु की देखरेख एवं सुरक्षा सरकार द्वारा की जाएगी। रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी बच्चें को कानूनी तरीके से गोद ले सकता है। अगर किसी भी व्यक्ति को कहीं पर भी कोई लावारिस, अनाथ, बेसहारा बच्चा मिले तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं पुलिस कंट्रोल रूम 100/112 पर दे सकते हैं. इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग के विकास चतुर्वेदी एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कॉर्डिनेटर प्रेमराज परनामी तथा चाईल्ड हैल्पलाईन के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।




बाल अधिकारिता विभाग द्वारा नवजात शिशुओं को फेकें नहीं हमें दें का ई-रिक्शा रैली के माध्यम से भरतपुर शहर में जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।







# एसडीपी व रक्त उपलब्ध कराया

**कोटा** (निसं)। दिवाली का महापर्व पूरे कोटा शहर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी और कई ऐसे लोग हैं जो अस्पताल में भर्ती हैं या उन्हें एसडीपी व रक्त की आवश्यकता हो रही है, ऐसे में टीम जीवनदाता के रक्त प्रहरी सजग, सहज और समर्पण भाव से लोगों की मदद को तैयार बैठे हैं।

लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रूप चौदस पर तीन लोगों की मदद कर उनके जीवन में नई रोशनी देने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि जितेन्द्र महावर ने एबी पॉजीटिव एसडीपी देकर एक अनजान की जान बचाने का प्रयास किया। निजी अस्पताल में भर्ती मरीज लता शर्मा को जितेन्द्र महावर ने एसडीपी डोनेट की वहीं निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू मरीज को बी पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, इसकी सूचना रक्त प्रहरी चेतन सिंह को दी तो वह दिवाली की शोपिंग कर रहे थे, लेकिन वह किसी के जीवन को बचाने के लिए अपना ब्लड सेंटर पहुंचे जहां उन्होंने तुलसी देवी के लिए एसडीपी डोनेट की। वहीं सुरेश भंडारी ने एक मासूम के लिए फ्रेश ब्लड की व्यवस्था के तहत रक्तदान किया।

भुवनेश गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव के तहत आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और दिवाली पर किसी को मायूस नहीं होने दिया जाएगा। रक्त प्रहरी निरंतर सेवा के लिए समर्पित भाव से तैयार रहेंगे। इसके लिए जरी हेल्पलाइन 9414000800 पर चौबीस घटे संपर्क कर सकते हैं।

# 251 दीपक से महाआरती कर खुशहाली की कामना की

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में रविवार को अग्रसेन चौराहा नयापुरा पर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माला अर्पण कर 251 दीपक से महाराजा अग्रसेन जी महाआरती की गई।

संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि कुलदेवी महालक्ष्मी दिवाली उत्सव पर चौराहे को सजाकर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।




# मतदान जागरूकता का संदेश दिया

**बारां,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर तथा सीईओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए दीपोत्सव पर्व पर एक अभिनव पहल की गई है। इसके तहत मिठाई के डिब्बों, नमकीन के पैकेटों, सजावटी सामानों और ज्वेलरी बॉक्स पर निर्वाचन शुभंकर मतू के साथ आकर्षक स्टीकर लगाए गए हैं।






























## सार-समाचार

### कुलगुरू प्रो. शर्मा ने कार्य संभाला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के नए कुलगुरू प्रो. पवन कुमार शर्मा ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस सेल्फ एंप्लॉयमेंट, नए कोर्स शुरू करने और विश्वविद्यालय की जो एक समय पुरानी अंतरराष्ट्रीय स्तर की छवि थी, उसे दोबारा हासिल करना है। इसके लिए सभी के साथ मिलकर काम करेंगे। कुलगुरू ने कहा कि यहां 9 माह से उचित व्यवस्था नहीं थी। इसलिए दीपावली की छुट्टी के दौरान ही कार्यभार संभालना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी की नई शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन यूनिवर्सिटी में हो। सबसे बड़ी समस्या है कि यहां बड़ी कंपनिया प्लेसमेंट के लिए नहीं आ रही है। जिसकी वजह से रोजगार की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर नई शिक्षा नीति में उनका प्रयास रहेगा कि हम सभी मिलकर सेल्फ एम्प्लॉयमेंट पर प्रयास करेंगे। कुलगुरू ने कहा कि पूरे विश्व में मारवाड़ी एंटरप्रेन्योरशिप का डंका बजता है। उनकी मदद से स्किल डेवलपमेंट और सेल्फ रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि उनका मुख्य फोकस सेल्फ एंप्लॉयमेंट की स्टडी पर रहेगा। इसके अलावा राष्ट्र निर्माण में जो आवश्यक बातें हैं उन्हें सिलेबस में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां कम्युनिटी एंजेजमेंट पर काम किया जाएगा। सिर्फ डिग्री लेना ही मकसद नहीं है। जो यहां से पढ़कर जाए वो अनेकों को नौकरी दें, राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग करें। उस पर काम किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के पूर्व कर्मचारियों के पेंशन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संगठन के रूप से यूनिवर्सिटी ह्यूमन रिसोर्स से जाना जाता है, हम सभी लोग मिलकर इस समस्या का निवारण करेंगे। एक समय था जब इस यूनिवर्सिटी का परचम पूरे विश्व में लहराता था। हमारा प्रयास यही रहेगा कि आने वाले दिनों में यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा फिर से वापस पाने के लिए प्रयास करेंगे।

### 'विषयभोगों में सच्चा सुख नहीं है'

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने रविवार को भगवान महावीर स्वामी की अंतिम निवार्ण देशना के कम्मप्पयडी अध्ययन की विवेचना करते हुए कहा कि विषयभोगों को छोड़ कर जीव को अपने गुणों को अंगीकार करना चाहिए ।जिसके पास आत्म गुणों का अन्नुभव है। उनका सत्संग करे। विषय भोग पराधीनता है। इसमें स्वपन मात्र भी सुख नहीं है। स्वाध्याय के निमित गुरु हमारे साथ है। अच्छे कार्य में बढ़ने पर विघ्न तो आयेंगे। मगर इससे विचलित होने की जरूरत नहीं है। संसार में हमेशा लोग यह अपेक्षा रखे है कि लाओ- लाओ, लेकिन प्रभु कहते हैं कि अपने निज स्थान में लोटकर अपने निज गुणों में रहो। हमको आसक्ति ममता छोड़ कर प्रभु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इससे पूर्व साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि सामने वाला गलती, भूल कर रहा, अपमान कर रहा है, यह धूल के समान प्रमाद है । आप धैर्य व विवेक से इसकी सफाई कर सकते है । गुस्सा किया तो घर में आग आग जायेंगी। आप आपस मैं बेठ कर संवाद कर यानि सामने वालों की बात सुनने की तैयारी करें, लेकिन विवाद नहीं करे। । संवाद से रास्ता निकल ही जायेगा। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि आज जयमल पाठशाला के बच्चों का ज्ञान शिविर 5 वे दिन भी जारी रहा। आज शिविर में 152 बच्चों ने भाग लिया। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

### मंत्री पटेल घायल यात्रियों से मिले

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल रविवार को जैसलमेर बस दुर्घटना में घायल यात्रियों से मिलने जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे। पटेल ने यहां घायलों की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि यह घटना पीड़ादायक है। राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पटेल ने कहा कि चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन ने राहत एवं इलाज संबंधित सभी कार्यों को सक्रियता के साथ किया है। इससे घायलों को सहायता और बेहतर सुविधा समय पर मिल पाई। डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति, जलने के प्रतिशत, इलाज और संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। संसदीय कार्य मंत्री ने वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, इंटेंसिव केयर बेड्स, दवाइयों और नर्सिंग स्टाफ की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही हर मरीज के इलाज के लिए 24 घंटे मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में परिजनों से भी मुलाकात की। उनके ठहरने, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बी.एस. जोधा, एमजीएच के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।

### अल्पसंख्यक वर्ग को ब्याज में छूट

**जालोर**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के हित में एक मुश्त समाधान योजना 2025 लागू की गई है जिससे अल्पसंख्यक वर्ग को बकाया ऋण के ब्याज में राहत दी जा रही है। योजना के प्रथम चरण की अवधि को 30 सितम्बर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए व्यावसायिक, शिक्षा एवं माइक्रो ऋण की बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज में छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। प्रथम चरण 31 अक्टूबर 2025 तक होगा, जिसमें ऋणी द्वारा बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज पूरा माफ किया जाएगा। ऋणी को केवल बकाया मूलधन ही जमा करवाना होगा। द्वितीय चरण में 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक केवल दण्डनीय ब्याज माफ किया जाएगा। ऋणी को मूलधन के साथ-साथ ब्याज भी जमा करवाना होगा। इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने के लिए नर्मदा कॉलोनी जालोर स्थित अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय जालोर से सम्पर्क कर आवेदन करना होगा।

### सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शुक्रवार राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षित एवं सम्प्रेषण गृहों के बालकों से वार्तालप की एवं उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधीक्षक मोर कंवर ने बताया कि यहां पर प्रति बालकों की ओर से योग करवाया जाता है जिसमें बच्चे भाग लेकर प्रतिदिन योग करते है। उन्होंने बताया कि जो बालक पढने वाले है उनको पढ़ाई करवाई जाती है और प्रतिदिन पढाई करते है। इसी प्रकार बच्चे कम्प्यूटर भी सीख रहे है। बालकों के लिए किए जा रहे इन प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सचिव ने रसोई घर का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि बालकों के भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। इस दौरान बालकों को निशुल्क विधिक सहायता योजना सहित अन्य कानूनी जानकारी दी गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिशु का समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई जावे एवं आवश्यक दवाइयां दी जावे।

### खेल भावना से खेलना चाहिए : देवल

**रेवदर**, (नि.सं.)। उपखंड मुख्यालय पर गर्ग समाज की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालोर जिला प्रमुख राजेश राणा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल विजेता खिलाडयिों को पुरस्कृत किया और कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली विजेता वही है जो अनुशासन, टीम भावना और मेहनत से मैदान में उतरता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के आज खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, जो समाज के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उत्साह और जोश के साथ अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस अभाव अभियोग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पुनम चंद पुरोहित, शैलेंद्र सिंह भाटी, कन्हैयालाल गर्ग दानाराम गर्ग, दिनेश गर्ग सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण पर चर्चा 27 को

**जालोर**, (कासं)। जिले में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कार्य की समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समिति के अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण के क्रियान्वयन का समन्वय, पुनरावलोकन एवं मूल्युंकन करने सहित कई कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

# दीपावली आज, बाजारों में लोगों की भीड़ से रौनक आई

**जालोर**, (कासं)। जिलेभर में दीपोत्सव की धूम मची हुई है। दीपावली पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। दीपावली पर्व को लेकर बाजारो मे रौनक नजर आई। लेकिन इस बार दीपावली पर्व को लेकर असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है। अमावस्या मंगलवार को होने से कुछ लोग दीपावली पर्व मंगलवार को होने की बात कर रहे है। वही शहर के भीतर पटाखे दुकानो को लाईसेंस देना आमजन के लिए खतरा का सबब बन सकता है।

जालोर मे दीपावली पर्व को लेकर बाजारो में रौनक नजर आ रही है। जालोर शहर में दीपोत्सव को लेकर पटाखे, मिष्ठान, बर्तन, इलेक्ट्रिकल, मोबाइल व कपडो की दुकानो पर भीड अधिक नजर आई। लोगो ने दीपावली पर्व को लेकर जमकर खरीददारी की। रविवार को शहर के सुभाष मार्केट, सदर बाजार, गांधी चौक, सरदार पटेल मार्ग, वन वे मार्ग, हरिदेव जोशी सर्किल, नया बस स्टेण्ड, हॉस्पीटल चौराहा सहित शहर के सभी बाजारो को व्यापारियो द्वारा आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। बाजार रोशनी से चकाचौध गुलजार नजर आ रहे है। वही सरकार द्वारा जीएसटी कम करने से इस बार दुकानदारो द्वारा सामान में भारी छूट के चलते दीपावली पर्व पर अच्छी खासी बिक्री हुई है। दीपावली का पर्व सोमवार को मनाया जायेगा।दीपावली पर्व को लेकर माता लक्ष्मी पूजन के साथ घर मे सुख समृद्वि एवं खुशहाली की कामना की जायेगी। वही इस बार ग्रीन पटाखे के ही बाजार में बिक्री के लिए आने से पर्यावरण प्रदूषण का भी खतरा कम रहेगा। वही मिष्ठान व्यापारियों ने भी विभिन्न वैरायटी की मिठाई व नमकीन बाजार में उपलब्ध होने से लोगो ने जमकर खरीददारी की। व्यापारी भी शुभ मुहूर्त में अपने अपने व्यापार के बही खाता की शुरुआत पूजा अर्चना के साथ करेगे। वही दीपावली पर्व को लेकर लोगो में उत्साह नजर आ रहा है। मंगलवार को एक दूसरे को दिपावली की शुभकामनाएं देने का सिलसिल जारी रहेगा। वही 22 अक्टूबर को गोर्वधन पूजा में गौ माता की पूजन किया जायेगा। वही इस बार दिपावली पर्व को लेकर भी असंमजस्य की स्थिति नजर आ रही है। कलैंडर के अनुसार दिपावली 20 अक्टूबर को तथा भारतीय संस्कृति के अनुसार 21 अक्टूबर को अमावस्या होने से दिपावली पर्व मनाया जायेगाा। दिपावली पर्व को लेकर जिलेभर में उत्साह , उमंग व उल्लास का माहौल नजर आ रहा है। दीपोत्सव के रंग में जालोर जिला रंगा नजर आ रहा है।

जालोर शहर के भीतर वीरमदेव चौक, गांधी चौक, पुरा मोहल्ला, सरदार पटेल मार्ग सहित अन्य भीड भाड वाली जगह पर पटाखो की दुकानो के लाईसेंस देने से आमजन के लिये खतरा का कारण बन सकता है। दीपावली पर्व पर शहर के भीतर काफी भीड भाड होने के साथ मार्ग संकरा होने से किसी भी आगजनी की घटना पर दमकल के पहुंचना भी मुश्किल है। ऐसे में पटाखो की दुकानो के लाईसेंस शहर के भीतर दने की बजाय शहर के बाहरी क्षेत्र में लाईसेंस देना चाहिए ताकि किसी प्रकार से जन हानि से बचा जा सकता है। वही नया बस स्टेण्ड पर भोजनालय के पास ही पटाखे की दुकान लगी हुई, जो हादसे को न्यौता दे रही है ऐसे में प्रशासन को पटाखो के लाईसेस शहर के भीतर इलाको की बजाय शहर के बाहरी इलाको में देने चाहिए। जिससे जन हानि से बचा जा सके।

### जोधपुर के प्रमुख चौराहों पर तैनात रहेगी दमकले

**जोधपुर**, (कासं)। दीपावली के त्यौहार पर संभावित आगजनी दुर्घटनाओं पर त्वरित काबू पाने के लिए नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण ने अग्निशमन केन्द्र एंव मुख्य चौराहों पर अग्निशमन वाहन तैनात किए है। मंगलवार तक यह दमकल वाहन यहां खड़े रहेंगे और राउंड द क्लॉक दमकलकर्मियों की तैनाती की गई है। आयुक्त ने बताया कि दीपावली के मध्य नजर आगजनी की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। किसी भी प्रकार की आगजनी की घटना पर त्वरित काबू पाने के लिए अलग-अलग स्थान पर दमकल वाहन तैनात किए गए हैं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दक्षिण जलज घसिया ने बताया कि नगर निगम के शास्त्री नगर, सीएचबी , बोरानाडा, बासनी फायर स्टेशन के अलावा जालोरी गेट चौराहा, सरदारपुरा थाना, राजीव गांधी तिराहा, आखलिया चौराहा पर दमकल खड़े रहेंगे।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी उत्तर जय सिंह चौहान ने बताया कि इसी प्रकार नगर निगम उत्तर के नागोरी गेट, मंडोर, फायर स्टेशन पर राउंड द क्लॉक दमकलकर्मियों की तैनाती की गई है, साथ ही घंटाघर के, पुलिस कंट्रोल रूम, रामसागर चौराहा पर भी दमकल खड़ी रहेगी और वहां भी पर्याप्त स्टाफ तैनात किया गया है।

## जैसलमेर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की बाट

**पोकरण**,(नि.सं.)। विश्वविख्यात पर्यटक नगरी जैसलमेर, परमाणु नगरी पोकरण जहां देश-विदेश से हर साल लाखों सैलानी आते हैं। जिला, जो आज सौर और पवन ऊर्जा का हब बन चुका है, एशिया की सबसे बडी फील्ड फायरिंग रेंज का धनी है, जहां पर्यटन से करोडों का कारोबार होता है और बाबा रामदेवरा मेले में लाखों श्रद्धालु उमडते हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

जैसलमेर जिले में बडी-बडी कंपनियों से फंड आता है, सरकारी योजनाओं के तहत करोडों की स्वीकृतियां जारी होती हैं, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री और फिल्म जगत के सितारे आते-जाते हैं। लेकिन जैसलमेर-पोकरण के अस्पताल दशकों से बदहाल हैं। यहां न तो अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण हैं, न ट्रॉमा सेंटर पूरी तरह कार्यरत है, न बर्न यूनिट मौजूद है। किसी भी बडे हादसे या गंभीर मरीज की स्थिति में आज भी परंपरा वही रेफर टू जोधपुर किया जाता है।

लगभग 300 किलोमीटर का यह सफर कई जिंदगियों को बीच रास्ते में निगल जाता है। निजी बस में लगी आग की भीषण घटना ने एक बार फिर इस कमी को उजागर कर दिया है। घायलों के परिजन और मृतकों की आत्माएं मानो यही सवाल पूछ रही हैं। कब बनेगा जैसलमेर जिले में बडा चिकित्सालय? सरकार और जनप्रतिनिधियों से सवाल आखिर सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि चिकित्सा क्षेत्र में इतनी अनदेखी क्यों कर रहे हैं? क्या विकास केवल सर्किट हाउस, सडकें और स्वागत के कार्यक्रमों तक सीमित है? क्या आमजन का जीवन इतना सस्ता है कि हर बार हादसे के बाद रेफर टू जोधपुर ही नियति बन जाए?


अब जनता का यह सवाल सत्ता के गलियारों में गूंज रहा है । जब पर्यटन, ऊर्जा, सेना और व्यापार के क्षेत्र में जैसलमेरदेशभर में अग्रणी है, तो स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने से इसे कौन रोक रहा है? सरकार को चाहिए कि पोकरण में बन रहे ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करे, और जैसलमेर जिले को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त बडा चिकित्सालय मिले ताकि रेफर टू जोधपुर की दर्दभरी परंपरा अब इतिहास बन जाए।

## 10 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर लगे

**जालोर**, (कासं)। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभांवित करने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए शनिवार को जिले की 10 ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

जिले में शनिवार को जालोर तहसील की सांथू व नून, आहोर तहसील की डोडीयाली व हरजी, रानीवाड़ा तहसील की रतनपुर व सेवाड़ा, सांचौर तहसील की सरवाना व पालडी सोलंकियान एवं चितलवाना तहसील की गोमी व हाडेचा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन को राजस्व विभाग द्वारा लंबित फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करवाना, आपसी सहमति से विभाजन, किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कराना एवं किसान गिरदावरी के लिए प्रेरित करना, नामांतरण, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र जारी करने, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों का सर्वे एवं विकास कार्यों की स्वी.तियां जारी करने, पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के पट्टों हेतु आवेदन एवं वितरण, चिकित्सा विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, कैंसर व सिकल सेल रोग, स्क्रीनिंग, बच्चों का टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जांच एवं पोषण किट वितरण तथा पीएमजेवाई कार्ड वितरण किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर और टीकाकरण, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली से जुड़ी समस्याओं का समाधान, .षि विभाग द्वारा बीज मिनी किट वितरण तथा आयोजना विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। रसद विभाग द्वारा एनएफएसए के लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं पात्र परिवारों की आधार सीडिंग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमंतु आवास योजना, छात्रावासों का रखरखाव, यूडीआईडी कार्ड बनाने इत्यादि कार्य किए गए।

## महालक्ष्मी की आज होगी पूजा



पाली में ब्रह्मपुरी में विराजित महालक्ष्मी माता दीपावली के दिन तीन रूप में दर्शन देगी। प्रातः तरूणी, दोपहर में युवा एवं सायंकाल पश्चात पुर्ण व्यस्क रूप में दर्शन होंगे। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। ब्रह्मपुरी विराजित महालक्ष्मी माता दीपावली के दिन तीन रूप में दर्शन देगी। प्रात: तरूणी, दोपहर में युवा एवं सायंकाल पश्चात पुर्ण व्यस्क रूप में दर्शन होंगे।

पुजारी पंडित सोनु दवे के मुताबिक़ माता के वर्ष में मात्र दो बार इस रूप में दर्शन होते है। माता की महत्ती पूजा अर्चना के दिवस दीपावली कार्तिक अमावस्या एवं प्राकट्यय दिवस अश्विन कृष्ण अष्टमी को इस रूप में दर्शन प्रदान करती है। दीपावली पर धनतेरस से पुजा अर्चना प्रारंभ की जाती हैं,अभिषेक के साथ मुद्रा को अभिमंत्रित किया जाकर पूजन प्रारंभ किया जाता हैं। दीपमालिका से स्तुति लगातार कार्तिक पूर्णिमा तक की जाती है! सोमवार को तीनों रूप में दीपावली के दिन दर्शन किए जा सकते है।

पाली श्रीमाली ब्राह्मण विकास समिति पाली के अध्यक्ष पी एम जोशी ने बताया कि समाज की ओर से 101 किलो प्रसाद के साथ ही दीपावली के दिन रात्रि 9 बजे महाआरती की जाएगी। प्रतिवर्ष हज़ारों श्रद्धालुओं द्वारा पंक्तिबद्ध होकर दर्शन किए जाते हैं। समाज की ओर से हर श्रद्धालु को अभिमंत्रित मुद्रा एवं सौभाग्य द्रव्य प्रसाद के साथ प्रदान किया जाता है। इस बार विशेष रूप से अयोध्या से मंगवाई गई 108 दीपज्योति प्रज्ज्वलित होगी।

### रूप चौदस पर रोशनी से नहाया पाली शहर

दीपावली की पूर्व संध्या रूप चौदस पर शहर के बाजार में जोरदार खरीददारों की भीड़ रही। मुख्य बाजारों चौराहा पर लोगों ने आकर्षक रोशनी से सजाया गया। घरो की मुंडेर पर महिलाओं ने सज धज कर दीपक जलाए। सोमवार को शहर में दीपावली मनाई जाएगी।

### प्रमाणित आतिशबाजी की होगी अनुमति

**जालोर**, (कासं)। उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार व वायु गुणवत्ता सूचकांक द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में राज्य के गृह विभाग द्वारा आतिशबाजी के उपयोग व चलाने के संबंध में गाइडलाइन जारी की। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर, 2025 को दिए गए आदेश की अनुपालना में जिले में शांत क्षेत्र (साइलेंट जोन) यथा- अस्पताल, नर्सिंग होम, प्राथमिक एवं जिला स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षण संस्थाएँ, न्यायालय, धार्मिक स्थानों से 100 मीटर के क्षेत्र में पटाखें (फायरवर्क्स) नहीं चलाएं जा सकेंगे। जिले में कॉलेजो एवं स्कूलों में पटाखों के जलने से होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान के साथ ही आमजन को भी इस सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा।

### भगवान धन्वंतरि की पूजा की

**पाली**, ()। धनतेरस के अवसर पर शहर के पुराने कचहरी स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में दोपहर 3:00 बजे भगवान धन्वंतरि की पूजा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कई उठकर अधिकारी विमलेंद्र सिंह राठौर, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, के सी सैनी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर शिव प्रकाश शर्मा ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना की। डॉक्टर शिव प्रकाश शर्मा ने आयुर्वेद विभाग की चिकित्सा पद्धित के बारे में जानकारी दी।




जालोर में मुस्लिम समाज ( रकमा ) के समारोह में होनहारों को सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

## दीपावली के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

**पाली**, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज पर 20, 22 व 23 अक्टूबर को जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

जिला मजिस्ट्रेट मंत्री ने आदेश में शांति सद्भावना, कानून व्यवस्था एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा भीडभाड वाले स्थानों पर अपेक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अधीक्षण अभियंता डिस्कॉम शहर एवं जिले के सभी ग्रामों एवं कस्बों में पर्याप्त एवं नियमित विद्युत सप्लाई तथा आकस्मिक दुर्घटनाओं से बचने के लिए समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, विकास अधिकारी पंचायत समिति, आयुक्त नगर परिषद, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं अन्य समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्ष व अन्य अधिकारीगण पर्व के दौरान मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। अधीक्षण अभियन्ता जलदाय सभी क्षेत्रों में पर्याप्त एवं नियमित पानी की सप्लाई, सीएमएचओ, बांगड़ चिकित्सा प्रिंसीपल को, राजकीय कॉलेज मेडिकल पाली को पर्व के दौरान चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस, इमरजेंसी सेवा व डॉक्टरों की टीम की व्यवस्था रखेंगे, पर्व के दौरा आतिशबाजी से होने वाली दुर्घनाओं के संबंध में आग से जलने पर प्राथमिक उपचार के संबंध में एडवाईजरी जारी करेंगे, आयुक्त नगर परिषद अग्निशमन वाहनों मय तकनीकी स्टाफ तैनात रखेंगे एवं आवश्यकता पडने पर उन्हें तुरन्त कार्यवाही के लिए भेजेंगे।

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त पाली को शहर में पूर्ण सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था, आवारा पशुओं के विचरण को रोकने की कार्यवाही करेंगे ओर संबंधित नगर पालिकों के अधिशाषी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने समस्त उपखंड मजिस्ट्रेट को अपने उपखंड क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई/स्थाई आतिशबाजी मार्केट के लिए आतिशबाजी विक्रेता से अग्निशमन यंत्र सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं यथा पानी के ड्रम, बाल्टी, मिटटी की बाल्टीयां इत्यादि विक्रय स्थल के समीप रखना सुनिश्चित करवाएंगे तथा संबंधित नगर परिषद व नगर पालिका के माध्यम से फायर ब्रिगेड की व्यवस्था निकटतम क्षेत्र में करवाया जाना भी सुनिश्चित करेंगे तथा पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, ज्वलनशील पदार्थो के विक्रय, भण्डार स्थल के निकट अस्थाई या स्थाई आतिशबाजी का विक्रय या प्रदर्शन नहीं हो इसके लिए आवश्यक निरीक्षण संबंधित विभागों के साथ किया जाकर संबंधित की सुरक्षा के लिए निर्देश जारी कर अपेक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करवाएंगे। जिला पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत विरचित ध्वनि प्रदूषण (विनिमय एवं नियंत्राण) नियम 2000 के अन्तर्गत ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण उपायों एवं ध्वनि के परिपेक्ष्स में परिवेशी वायु गुणवत्ता की पालना कराने के लिए प्राधिकारी घोषित किया है, जिसकी पालना सुनिश्चित करेंगे।

वहीं कलेक्टर एल.एन मंत्री की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे आयोजित की जानी थी, जो अब 31 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे आयोजित की जायेगी।

### कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाए

**पाली**, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने धार्मिक पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज 20 से 23 अक्टूबर 2025 को मनाए जाने के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है।

आदेश के तहत संपूर्ण उपखण्ड पाली के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट पाली, पाली शहर के लिए तहसीलदार पाली, ग्राम खैरवा के लिए नायब तहसीलदार पाली, संपूर्ण उपखंड क्षेत्र रोहट के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट रोहट, थाना क्षेत्र जैतपुर, तहसील रोहट के लिए तहसीलदार रोहट, संपूर्ण उपखंड क्षेत्र बाली के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट बाली, फालना थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार बाली, उप तहसील क्षेत्र नाणा के लिए नायब तहसीलदार नाणा, उप तहसील क्षेत्र बेड़ा के लिए नायब तहसीलदार बेड़ा, सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सुमेरपुर के लिए एसडीएम सुमेरपुर, पुलिस थाना क्षेत्र साण्डेराव के लिए नायब तहसीलदार सुमेरपुर, पुलिस थाना क्षेत्र तखतगढ़ के लिए नायब तहसीलदार तखतगढ़ को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया।

### सम्मान निधि की चतुर्थ किशत जारी

**जालोर**,(नि.सं.। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शनिवार को धरतेरस के अवसर पर नदबई, जिला-भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत सम्मान निधि की किश्त जारी की गई तथा लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में कलक्टर डॉक्टर प्रदीप के गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियाँ सुनील वीरभान ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत जिले के 2,25,106 किसानों के खातों में कुल 22 करोड़ 51 लाख 6 हजार रूपये की सम्मान निधि का हस्तांतरण किया गया।


गौरतलब है कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 3 हजार की राशि तीन किश्तों में प्रति किशत 1 हजार प्रति कृषक दिये जाने की बजट घोषणा की गई है।

### एसडीपी व रक्त उपलब्ध कराया

**कोटा** (निसं)। दिवाली का महापर्व पूरे कोटा शहर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी और कई ऐसे लोग हैं जो अस्पताल में भर्ती हैं या उन्हें एसडीपी व रक्त की आवश्यकता हो रही है, ऐसे में टीम जीवनदाता के रक्त प्रहरी सजग, सहज और समर्पण भाव से लोगों की मदद को तैयार बैठे हैं। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रूप चौदस पर तीन लोगों की मदद कर उनके जीवन में नई रोशनी देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जितेन्द्र महावर ने एबी पॉजीटिव एसडीपी देकर एक अनजान की जान बचाने का प्रयास किया। निजी अस्पताल में भर्ती मरीज लता शर्मा को जितेन्द्र महावर ने एसडीपी डोनेट की वहीं निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू मरीज को बी पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी।

# हेरिटेज निगम आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

## हेरिटेज निगम को 37 जोन में बांटकर की जाएगी सफाई



हेरिटेज निगम आयुक्त ने शहर में घूमकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**जयपुर।** दीवाली पर शहरवासियों के लिए हेरिटेज निगम की ओर से विशेष सफाई व्यवस्था की गई है। इसके लिए पूरे हेरिटेज क्षेत्र को 37 भागो में बांटकर बीट के हिसाब से सफाईकर्मी लगाए है। इन 37 भागों में 78 सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था को देखेंगे। वहीं, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने क्षेत्र में दौरा किया।

आयुक्त डॉ निधि पटेल ने तीन घंटे तक परकोटे के विभिन्न स्थानों, सिविल लाइन जोन, आदर्श नगर जोन इलाके में सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान निगम आयुक्त ने ब्रह्मपुरी, आमेर रोड, रामगढ़ मोड़, चांदी की टकसाल, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, चांदपोल,त्रिपोलिया बाजार, खजाने वालों का रास्ता, नेहरू बाजार, गणगौरी बाजार, शास्त्री नगर, बनीपार्क में निरीक्षण किया। आयुक्त ने बताया कि निगम की पूरी टीम त्योहारी सीजन में भी अलर्ट रहेगी। गैराज शाखा की ओर से अतिरिक्त यूनिट लगाई गया है। सड़क पर कचरा दिखने पर तुरंत सफाई करेंगी। आयुक्त ने सभी लोगों से शहर को साफ सुथरा रखने और कचरा निगम के हूपर में ही डालने के लिए अपील की है। निगम आयुक्त ने शहर मंदिरों में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने गढ़ गणेश जी मंदिर, नहर के गणेश जी, राम मंदिर, चांदी की टकसाल काले हनुमान जी, रामचंद्र जी मंदिर, गलता गेट पर भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम आयुक्त ने सभी मंदिरों के बाहर सफाई रखने और रंगोली बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि दीपावली पर बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। ऐसे में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रहें। इसके लिए 37 जोन बनाकर सफाई की जाएगी। इसके लिए बीट के हिसाब से सफाई कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, निगम की गैराज शाखा की ओर से भी अतिरिक्त यूनिट लगाई गई है, जो कि परकोटे गश्त लगाकर कर ओपन डिपो को खत्म करेंगी।

> ■ परकोटे इलाके में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगाए अतिरिक्त हूपर, आयुक्त का निर्देश 24 घंटे फील्ड में तैनात रहें कर्मचारी

## मुख्यमंत्री निवास पर दीपावली मिलन कार्यक्रम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली महोत्सव के अवसर पर आमजन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर दीपावली मिलन कार्यक्रम के अन्तर्गत आमजन से मुलाकात कर रहे थे।इस अवसर पर शर्मा ने आमजन से दीपावली महोत्सव के दौरान स्थानीय उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता देने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि इससे वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिलेगी।शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी दरों में कमी कर रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं में राहत पहुंचाई है। इससे आमजन, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी सहित सभी वर्गों को बड़ी राहत मिल रही है।

## राज्यपाल बागडे ने दीप पर्व की शुभकामनाएं दी

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।राज्यपाल बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपकों के उजास में ही जीवन की उत्सवधर्मिता समाई है। उन्होंने मां लक्ष्मी से सभी के लिए कामना की है कि रोशनी का यह त्योंहार हम सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए ।

# 'नव विधान: न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




नवीन आपराधिक कानून के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित 'नव विधान: न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी आयोजित हुई।

**जयपुर।** नवीन आपराधिक कानून के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित 'नव विधान: न्याय की नई पहचान' प्रदर्शनी का मंगलवार को अंतिम दिन होगा। सीतापुरा स्थित जेईसीसी परिसर में चल रही इस हाई-टेक प्रदर्शनी ने बीते एक हफ्ते में हजारों आगंतुकों को आकर्षित किया है।

रविवार को अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। इस दौरान पुलिस विभाग के कई शीर्ष अधिकारियों ने अपने परिजनों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसका मान बढ़ाया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने सपरिवार प्रदर्शनी का गहराई से मुआयना किया और विभिन्न ज़ोन में चल रहे डेमो तथा तकनीक-आधारित प्रस्तुतियों में गहरी रुचि दिखाई। उनके साथ पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा और ओमप्रकाश गल्होत्रा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एवं आरपीए डायरेक्टर एस.सेंगाथिर भी मौजूद रहे। जिन्होंने नवीन न्याय व्यवस्था के नए दौर की झलक देखी और राजस्थान पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एवं आरपीए डायरेक्टर एस.सेंगाथिर ने बताया कि रविवार को अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का लुत्फ उठाया। बच्चों, युवाओं और परिवारों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने नए आपराधिक कानूनों को समझने और पुलिस की आधुनिक कार्यशैली को करीब से देखने में गहरी रुचि दिखाई।

सेंगाथिर ने बताया कि 13 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित यह प्रदर्शनी, भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में आए नवीन कानूनों के क्रांतिकारी बदलावों को आमजन तक पहुंचाने का माध्यम बनी है।

राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने आमजन से आव्हान किया है कि जो अब तक नहीं पहुँचे हैं, वे इस अंतिम दिन प्रदर्शनी का हिस्सा ज़रूर बनें, क्योंकि यह केवल कानून देखने का नहीं, बल्कि न्याय के नए भारत को समझने का मौका है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को यह दिखाना है कि नया कानून सिर्फ दंड नहीं, बल्कि न्याय, संवेदना और सुरक्षा की नई सोच लेकर आया है। प्रदर्शनी स्थल को 10 थीम आधारित जोन में विभाजित किया गया है, जहाँ तकनीक और शिक्षा का सुंदर मेल दिखाई देता है। एक छात्र ने कहा - यह पहली बार है जब हमें कानून को इतने आसान और मजेदार रूप में समझने का मौका मिला। वहीं एक वरिष्ठ नागरिक का कहना था - पुलिस की छवि बदल रही है, और यह प्रदर्शनी उसका जीवंत उदाहरण है।

## राज्यपाल से मिले भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र कटारा

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्तानरेंद्र कटाराने दीपावली के पावन पर्व परराज्यपाल हरिभाऊ बागड़ेसे राजभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर कटारा ने महामहिम राज्यपाल से सौहार्दपूर्ण वार्ता की तथाराज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके नवाचारों, दूरदर्शी दृष्टिकोण और मार्गदर्शनकी सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान भाजपा मीडिया विभाग केजीतमल पंचारियातथा युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कटारा ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुएउनकी सादगी, स्नेहपूर्ण व्यवहार और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धताकी सराहना की और उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की।

## भाजपा जयपुर शहर ने घुमंतू बस्ती में बांटी खुशियाँ

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर ने दीपावली के पावन पर्व को एक नई दिशा देते हुए जयसिंहपुरा खोर स्थित कच्ची बस्ती में घुमंतू जाति के सैकड़ों परिवारों के साथ खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर राशन किट, पूजन सामठाी, दीपक और मिठाइयों का वितरण किया गया। जयपुर शहर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि यह सेवा कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संदेश से प्रेरित है जिसमें उन्होंने कहा है किशोषित, पीड़ित, दलित और वंचित वर्ग को सशक्त बनाने से ही देश सशक्त बनेगा।इसी संकल्प के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया गया। गोयल ने आगे बताया कि 16 अक्टूबर को भाजपा जयपुर शहर द्वारा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में 'आत्मनिर्भर भारत रोजगार उत्सव' का आयोजन कर 54 परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ा गया था, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

अभियान की संयोजक रेखा राठौड़ ने जानकारी दी कि पार्टी आने वाले समय में सामाजिक सेवा कार्यों में भी अठाणी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा किसेवा, समर्पण से समाज उत्थानकी भावना को जन-आंदोलन का रूप देने का संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया है। दीपावली के इस पुनीत अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज में सद्भाव, एकता और समरसता का संदेश दिया, और बस्ती के निवासियों के चेहरों पर सच्ची दीपावली की रौशनी बिखेरी।

## अवैध हथियार सहित एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर दक्षिण ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से एक पिस्टल जब्तकी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि शिवदासपुरा थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए 25 वर्षीय धनराज गुर्जर उर्फ डीके निवासी सांगानेर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्टल बरामदकी है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# रूप चतुर्दशी पर गोविन्द देवजी मंदिर में मनाया सौभाग्य पर्व

## गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार ने कहा कि गायत्री मंत्र जीवन का आधार है



गोविंद देवजी मंदिर में रूप चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया।

**जयपुर।** पंच-दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन रविवार को रूप चतुर्दशी धूमधाम से मनाई गई। गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को रूप चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में सौभाग्य पर्व का भव्य आयोजन हुआ। महिलाओं ने अखंड सुख-सौभाग्य की कामना के साथ ठाकुर जी का विशेष पूजन किया और गृहलक्ष्मी रूप में अपने सौंदर्य एवं सौभाग्य का प्रतीकात्मक उत्सव मनाया।

कार्यक्रम के अंतर्गत तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली ने महालक्ष्मी-गायत्री महायज्ञ का वैदिक विधि से संचालन किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा के सान्निध्य में दिनेश आचार्य ने प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ के ज्ञान विज्ञान पर प्रकाश डाला। मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। घर में सुख-समृद्धि, संपन्नता और दरिद्रता-रोग-शोक नाश के लिए श्री लक्ष्मी गायत्री महामंत्र से विशिष्ट हवन सामग्राी की आहुतियां अर्पित कराई गई। श्रीवृद्धि के लिए कमल गट्टा और खीर से अग्निदेव को विशेष आहुतियां दी गईं। श्रद्धालुओं को पूजन-हवन सामग्री मंदिर की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। श्रद्धालुओं को दीपावली पूजन चित्र, गोमय दीपक और सुहाग सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई।इस अवसर पर गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्मी केवल भौतिक सम्पन्नता का प्रतीक नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण उपयोग और समाज हित के कार्यों में उसका सदुपयोग ही सच्ची सम्पन्नता है। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार ने कहा कि गायत्री मंत्र जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन परिवार सहित सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र जप, भजन और प्रार्थना करनी चाहिए, जिससे घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा और सौभाग्य का वास बना रहता है।

> ■ ट्रस्टी अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्मी केवल भौतिक सम्पन्नता का प्रतीक नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण उपयोग और समाज हित के कार्यों में उसका सदुपयोग ही सच्ची सम्पन्नता है

## एक दीया सद्भाव कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर शहीद स्मारक, एम.आई. रोड पर साम्प्रदायिक सौहार्द पसंद संगठनों की ओर से एक दीया सद्भाव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न समुदायों के नागरिकों ने दीप जलाकर अमन, एकता और सद्भाव की लौ जगाई। कार्यक्रम समन्वयक बसंत हरियाणा ने बताया कि लोगों ने दीप जलाकर संदेश दिया कि दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों के अंधेरे को मिटाने और समाज में प्रेम, भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है।

# अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** झोटवाडा थाना पुलिस क सीएसटी टीम ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 20 ग्राम स्मैक सहित आरोपी संजय कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच गिरफ्तार आरोपी से गिरोह के अन्य लोगों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अभिजीत सिंह ने बताया कि शहर में चल रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी को रोकने के लिए ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया गया। जिसमें विशेष टीम सीएसटी का गठन किया गया। टीम ने मुखबिर व तकनीकी सहायता के आधार पर झोटवाड़ा पश्चिम इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ तस्कर संजय कुमार वर्मा पुत्र काना राम वर्मा को 20 ग्राम स्मैक के साथ एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आरोपी ने बताया कि वो स्मैक अखलेरा कोटा से एक महिला से खरीद कर लया था और दादी का फाटक इलाके में एक-एक ग्राम की पूडिया बनाकर ठााहकों को बेचता था।

# 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा पुलिस शहीद दिवस

**जयपुर।** कर्तव्य पालना के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के सम्मान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 अक्टूबर 2025 को पुलिस शहीद दिवस आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 01 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 की समयावधि में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किया जा रहा है। मुख्य समारोह राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित शहीद स्थल पर होगा। उसके पश्चात त्रिमूर्ति सर्किल स्थित पुलिस स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि 21 अक्टूबर का दिन भारतीय पुलिस इतिहास में सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। आज से ठीक 66 वर्ष पहले 21 अक्टूबर 1959 के दिन लद्दाख के अत्यंत दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जांबाज जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।

इन अमर जवानों की शहादत को याद करने और उनके बलिदान से प्रेरणा ग्रहण करने के लिए पूरे देश में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश का हर पुलिस संगठन और संस्थान उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई।

जयपुर में मुख्य पुलिस शहीद दिवस समारोह प्रात: 8 बजे राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों को गार्ड ऑफ ऑनर और श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिसके बाद उनका संक्षिप्त उद्बोधन होगा।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन एवं कानून व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि गार्ड ऑफ ऑनर एवं परेड के लिए आयुक्तालय जयपुर,चतुर्थ बटालियन और पाँचवीं बटालियन आरएसी की एक-एक प्लाटून सम्मिलित होगी।

समारोह में महानिदेशक पुलिस रैंक से सेवानिवृत्त हुए एक पुलिस अधिकारी और जयपुर स्थित सेवानिवृत्त अराजपत्रित पुलिस अधिकारी को बुलाया गया है।

इस कार्यक्रम में जयपुर स्थित पुलिस विभाग के सभी भारतीय पुलिस सेवा एवं राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी भाग लगे।समारोह के उपरान्त कई सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आरपीए और जिला पुलिस लाइनों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, और सभी पुलिस कार्यालयों की साफ-सफाई की जाएगी। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में आरपीए एवं जयपुर स्थित सभी पुलिस लाइनों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा। यदि कोई पुलिसकर्मी जयपुर जिले का शहीद हुआ है तो उस शहीद पुलिसकर्मी के निकट परिजन से पौधा लगाया जाएगा और पौधे पर अमर शहीद के नाम की तख्ती लगाई जाएगी।

एडीजी बंसल ने बताया कि आरपीए में होने वाले कार्यक्रम के बाद जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर त्रिमूर्ति सर्किल स्थित पुलिस स्मारक पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। इसमें डीजीपी शर्मा शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। यह कार्यक्रम आरपीए में कार्यक्रम संपन्न होने के ठीक बाद आयोजित होगा।

जयपुर के अतिरिक्त सभी जिला मुख्यालयों पर पुलिस लाइन अथवा शहीद स्मारक पर पुलिस शहीद दिवस का आयोजन किया जाएगा। रेंज मुख्यालयों पर संबंधित महानिरीक्षक,उप महानिरीक्षक पुलिस तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सलामी ली जाएगी। जिलों में आयोजित समारोह में राजस्थान पुलिस की सभी ब्रांचों,यूनिटों (आरएसी, ट्रेनिंग सेन्टर, जोन ऑफिस आदि) के पुलिस कार्मिक सम्मिलित होंगे। संबंधित जिले के शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारजनों को आमंत्रित किया जाएगा।

> ■ 66 वर्ष पहले लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने न्यौछावर किए थे अपने प्राण
>
> ■ जयपुर सहित सभी जिलों में रक्तदान व वृक्षारोपण के कार्यक्रम श्रद्धांजलि के साथ सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

## कलयुगी पिता ने की नाबालिग बेटियों से छेड़छाड़

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक कलयुगी पिता ने अपनी ही बेटियों के साथ अश्लील हरकते शुरु कर दी। जिसकी भनक भाई को लग गई। भाई ने विरोध किया तो पिता ने बालक के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे खिड़की से बाहर फेंकने का प्रयास किया। कलयुगी पिता से चुगंल से मुक्त होने के बाद भाई -बहन पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का आरोप है कि पिता आए दिन मम्मी के साथ मारपीट करते थे। जिसके चलते वो उन्हे छोड़कर अलग रहने लग गई। पीड़िता का आरोप है कि उसके पिता जबरन उन्हे शराब पिलाते है और नशे में अश्लील हरकते करते है।

# रेस्टोरेंट में सिलेंडर फटने से एक की मौत

## पहली मंजिल पर मिठाई के कारखाने में काम कर रहा युवक नीचे गिरकर मलबे में दबा

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के किशनगढ़ -रेनवाल में रविवार की शाम को रेस्टोरेंट में रखे एलपीजी गैस सिलेंडर फट गया। तेज धमाके के साथ ही दो विस्फोट हुए और बिल्डिंग का एक हिस्सा गिर गया। इस दौरान बिल्डिंग में आग भी लग गई। पहली मंजिल पर मिठाई के कारखाने में काम कर रहा युवक नीचे गिरा और मलबे में दब गया।

रेनवाल पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से मलबे में दबे दो युवकों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। वहीं कुछ देर बाद मलबे में एक और युवक दबा मिला,जिसे अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सिलेंडर ब्लास्ट के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी देवेंद्र चावला ने बताया कि किशनगढ़ -रेनवाल में रेलवे फाटक के पास से दो मंजिला बिल्डिंग के निचले हिस्से में राजस्थान रेस्टोरेंट और ऊपरी हिस्से में मिठाई का कारखाना है। दीपावली के त्योहार पर रेस्टोरेंट के ऊपर बने कारखाने में मिठाइयां और खाना बनाया जा रहा था। जहां रविवार शाम को पहली मंजिल पर रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। तेज आवाज के साथ दो विस्फोट हुए। ब्लास्ट के चलते कारखाने की छत लटक गई। पहली मंजिल पर काम कर रहा हलवाई नीचे आ गिरा। बिल्डिंग का मलबा भी उसके ऊपर गिर गया। बालकनी के हिस्से की दीवार टूटकर नीचे सड़क पर बिखर गई। इस दौरान रेस्टोरेंट के पास मौजूद दो युवक भी मलबे में दब गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो बिल्डिंग का मलबा 30 फीट दूर तक बिखरा हुआ मिला।

एसडीआरएफ और फायर बिठोड को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस टीम ने मलबे में दबे युवकों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने फायर बिठोड की मदद से आग पर काबू किया।एसडीआरएफ टीम ने ठेले पर पतासी खाने आए अनुज और दिवांश को गंभीर हालत में मलबे से बाहर निकाला। हादसे में अनुज की हालत गंभीर होने पर एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहीं एक घंटे के बाद मलबे में एक और युवक दबा मिला। उसकी पहचान रेस्टोरेंट के हलवाई किशन कुमार (32) निवासी कन्नौज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। गंभीर हालत में मिले किशन कुमार को तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## चेन लूटने के दो आरोपी दबोचे

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोने की चेन लूटने की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही वारदात उपयोग ली गई बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार बदमाशों से सोने की चेन बरामद नहीं हो पाई। जिसके बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो तोला सोने की चेन लूट की वारदात करने वाले सौरभ (32) निवासी मुदसन जिला हाथरस (उत्तर प्रदेश) हाल नारायण विहार जयपुर और विष्णु (33) निवासी मुहाना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एक बाइक को भी बरामद किया है,लेकिन अभी तक बदमाशों से लूटी गई दो तोले की सोने की चेन बरामद नहीं हुई है।गौरतलब है कि पीड़ित अखिलेश शर्मा की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया था कि थाना इलाके में स्थित भारत माता सर्किल से रवाना होकर शिव शक्ति मैरिज गार्डन पहुंचा, जहां गाड़ी रोककर वॉशरूम जाने लगा तो बाइक सवार दो लड़कों ने उस के सिर पर डंडे से वार कर दिया और गले से सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान करते हुए पकड़ा है।

# 'शहरी सेवा शिविर' से मिली राजस्थान को नई चमक

**जयपुर।** दीपावली से पहले राजस्थान के शहर रोशनी से जगमगा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित सुविधा उपलब्ध करवाने और नगरीय सेवाओं में सुधार के उद्देश्य से 'शहरी सेवा शिविर' प्रारम्भ किए गए। इन शिविरों ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में एक नई ऊर्जा और चमक भर दी है।

राज्य के विभिन्न नगरीय निकायों में कुल अनुमानित 16 लाख स्ट्रीट लाइटें स्थापित हैं। नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 सितम्बर से सेवा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें स्ट्रीट लाइट मरम्मत से जुड़े 89 हजार 937 प्रकरण प्राप्त हुए। स्वायत्त शासन विभाग ने तत्परता के साथ सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से कर दिया।

इसी प्रकार शहरी सेवा शिविर के दौरान 37 हजार 952 नई लाइटें सफलतापूर्वक लगाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त 2 लाख लाइटें लगाने का कार्य एवं निविदा प्रक्रिया प्रगतिरत है, जिसे जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

दीपावली से पहले सड़कों और गलियों में फैली यह नई रोशनी नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर घर, हर गली और हर चौक रोशनी से नहाए, ताकि सुरक्षा, सुविधा और सौंदर्य का संगम हो सके।

# केशवपुरा में बसता है हाड़ौती, हर समस्या का होगा स्थायी समाधान : ओम बिरला

■ राम जानकी मंदिर मार्ग पर सिंह द्वार का लोकार्पण, 9 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को केशवपुरा स्थित राम जानकी मंदिर मार्ग पर नवनिर्मित सिंह द्वार का लोकार्पण किया और लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। दीपावली से पूर्व आयोजित इस समारोह में उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल एक द्वार के उद्घाटन का नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और विकास के संगम का उत्सव है।

बिरला ने कहा कि सिंह द्वार केवल एक प्रवेश द्वार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जो श्रद्धालुओं का स्वागत उस मार्ग पर करता है जहाँ से वे भगवान श्रीराम और माता जानकी के दर्शन के लिए जाते हैं। यह द्वार इस संदेश को सशक्त करता है कि जहाँ आस्था होती है, वहां विकास के द्वार अपने आप खुलते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, कर्तव्य और करुणा का प्रेरणास्रोत है, और वहीं भावना हमारे प्रयासों का भी आधार है, समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना।

बिरला ने कहा कि केशवपुरा हाड़ौती की संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत संगम है। यहां गांव की परंपराएं, सामाजिक एकजुटता और पारिवारिक संस्कृति आज भी जीवित हैं। यह क्षेत्र धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों का केंद्र है, साथ ही हजारों विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमुख स्थान भी है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा है, और इसी प्रेरणा से मैंने संकल्प लिया है कि आने वाले तीन वर्षों में केशवपुरा की कोई समस्या शेष नहीं रहेगी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने केशवपुरा स्थित राम जानकी मंदिर मार्ग पर नवनिर्मित सिंह द्वार का लोकार्पण किया है।

**विकास कार्यों से बदलेगा क्षेत्र का स्वरूप:-** बिरला ने कहा कि आज शुरू हो रहे विकास कार्य इस क्षेत्र के लिए नई दिशा तय करेंगे। आने वाले समय में केशवपुरा की किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा। पीने के पानी की उपलब्धता, सड़कों, नालियों, पार्कों और श्मशान घाटों जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अमृत योजना के तहत 375 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों के माध्यम से शहर को बेहतर जलापूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

**सामाजिक योजनाओं में अग्रणी क्षेत्र:-** बिरला ने कहा कि इस क्षेत्र में सामाजिक योजनाओं के प्रति जागरूकता अधिक है। सुपोषित मां अभियान से लेकर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, नेत्र शल्य चिकित्सा शिविरों से लेकर अन्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं तक, यहां के लोगों ने हर योजना का अधिकतम लाभ उठाया है। यह जागरूकता बताती है कि जब समाज एकजुट होकर संकल्प लेता है, तो हर सपना साकार किया जा सकता है।

**दीपावली पर विकास और स्वदेशी का संकल्प:-** विधायक संदीप शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर सिंह द्वार और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हमेशा कोटा के विकास को प्राथमिकता दी है और हर समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों में से एक पर रहते हुए भी उनका मन हमेशा क्षेत्रवासियों के बीच रहता है और वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से लेकर बीमार और जरूरतमंद लोगों तक की चिंता करते हैं। शर्मा ने कहा कि बिरला का लक्ष्य केवल विकास कार्यों को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन को आसान और सुखद बनाना है।

शहर की सड़कों, नालियों, पार्कों और मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाऐं जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली को स्वदेशी संकल्प के रूप में मनाएं और अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें। साथ ही, घर-घर में मिट्टी के दीप जलाकर न केवल रोशनी फैलाएं बल्कि अपनी संस्कृति और परंपरा को भी सशक्त बनाएं।

समारोह में जिलाध्यक्ष राकेश जैन, महापौर राजीव भारती, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पार्षद नंदकंवर हाड़ा, लक्ष्मी मेहरा, भानू गौड़ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद बच्चों के बीच लायंस क्लब कोटा ने दीपावली की खुशियाँ बांटी

■ सौ से अधिक विशेष उपहार पैकेट वितरित, बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिली

**कोटा** (निसं)। दीपोत्सव से एक दिन पूर्व लायंस क्लब कोटा की ओर से जरूरतमंद बच्चों के बीच दीपावली उपहार वितरण कार्यक्रम बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि दोपहर 3 बजे आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में क्लब सदस्यों ने स्नेह और सहयोग की भावना के साथ 100 विशेष दीपावली उपहार पैकेट तैयार किए। इन उपहारों में दीये, फुलझड़ी, पटाखे, बिस्किट, नमकीन, फ्रूटी और वेफर्स जैसी सामग्री शामिल थी। जिन्हे माला रोड़ स्थित आंगबाडी के बच्चो, मजदूर चौक,गोबरिया बावडी और लुहारों की बस्ती खडे गणेश जी पर किया गया। दोनों ही स्थानों पर बच्चों ने अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ उपहार प्राप्त किए। उनके चेहरों पर झलकती मुस्कान इस सामाजिक पहल की सफलता का सजीव प्रमाण बनी। इस अवसर पर वीडीजी-2 लायन सी.पी. विजयवर्गीय ने कहा कि दीपावली का सच्चा अर्थ केवल अपने घरों को रोशन करना नहीं, बल्कि उन चेहरों पर भी प्रकाश लाना है जो अंधेरे में हैं। कार्यक्रम में सचिव मुकेश विजयवर्गीय,अनिल डागा, भारती डागा,राम मदनानी, सुनील आनंद, शशि भंडारी, डॉली मदनानी सहित अन्य लायंस सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति और सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अल्पसंख्यक वर्ग को ब्याज में छूट

**जालोर,** (नि.सं.)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत अल्पसंख्यक वर्ग के हित में एक मुश्त समाधान योजना 2025 लागू की गई है जिससे अल्पसंख्यक वर्ग को बकाया ऋण के ब्याज में राहत दी जा रही है। योजना के प्रथम चरण की अवधि को 30 सितम्बर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक किया गया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग को दिए गए व्यावसायिक, शिक्षा एवं माइक्रो ऋण की बकाया राशि को एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज में छूट प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। प्रथम चरण 31 अक्टूबर 2025 तक होगा, जिसमें ऋणी द्वारा बकाया राशि जमा कराने पर ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज पूरा माफ किया जाएगा। ऋणी को केवल बकाया मूलधन ही जमा करवाना होगा। द्वितीय चरण में 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक केवल दण्डनीय ब्याज माफ किया जाएगा। ऋणी को मूलधन के साथ-साथ ब्याज भी जमा करवाना होगा।

# नन्हें-मुन्नों ने लगाया डांस का तड़का, विजयश्री रंगमंच पर बाल प्रतिभाओं ने मनवाया लोहा

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला में विजयश्री रंगमंच पर शनिवार को नन्हें-मुन्नों ने बाल प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। एकल, युगल और लोकनृत्य का ऐसा तड़का लगाया कि हर कोई हतप्रभ रह गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, मेला अधिकारी अशोक कुमार त्यागी, अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश कुमार गोयल, मेला प्रभारी सत्यनारायण राठौर, गैराज प्रभारी रविंद्र सैनी, स्वास्थ्य अधिकारी रिचा, डॉ.निशु गोयल, भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री भावना धाभाई अहीर, भाजपा महावीर नगर मंडल प्रियंका अदलखा, अनीता वाघेला, राकेश गुप्ता ने की। मंच संचालन कवि भूपेंद्र राठौर और नीतू कुमावत ने किया। इस दौरान स्काउट गाईड के वन नोबल स्टेप ग्रुप की ओर से लखन, पार्थ, संजू, रिमझिम, अर्पिता, शानू, सुनैना ने वंदेमातरम.. गीत के साथ राष्ट्रवादी बयार बहाई। पवित्रम् नित्यम् ग्रुप की ओर से अनिका, तन्मय, गौरांशी, पावनी, एकांशी, अनिष्का, वैदेही, प्रतीक्षा ने जिया जले नैनों तले.. पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने 'ये शान्ति, तूफान के आने की शुरुआत है ..' के द्वारा 'ना करें प्रकृति का शोषण..' का विचार रखा। गुजराती ग्रुप तन्वी, माही, अक्षिता, उपासना ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। अन्विका शर्मा ने तांडव नृत्य कर विजयश्री रंगमंच को हर हर महादेव से गूंजा दिया।



राष्ट्रीय दशहरा मेला में विजयश्री रंगमंच पर नन्हें मुन्नों ने एकल, युगल और लोकनृत्य का ऐसा तड़का लगाया कि हर कोई हतप्रभ रह गया।

एकांशी और अंशिका दुबे ने राधा-कृष्ण की ठिठोली की प्रस्तुति देते हुए 'नैनो से ना छूना मोहे, कान्हा सोजा जरा..' पर युगल नृत्य किया। वहीं हिमांशु और कृष्णा शर्मा ने कजरारे कजरारे.. पर युगल नृत्य किया। केशवम् कत्थक ग्रुप की नेहा पांचाल की शिष्य दिव्यांशी, युवाक्षी, भव्या, यनिका, आर्ची, काव्या, रिदम, युविका ने जय जय शंकर.. पर क्लासिकल नृत्य किया। दिव्यांशी राठौर ने लुक-छुक जाओ जी.. पर राजपूती नृत्य किया। धीमहि जोशी ने तराना पर सोलो शास्त्रीय नृत्य किया।

परिधि राणा ने ठाडे रहियो लोकेश गोयल ने जलवा निमृत टंडन ने बेबी को बेस पसंद है राधिका ने ए री सखी मंगल गाओ री. / हृदय थडानी ने शिवाजी आराध्या तिवारी ने छम्मा छम्मा राशिका मंदाना ने मेरे ढोलना सुन.. की प्रस्तुति पर तालियां गूंज उठीं। वहीं तन्वी बबलानी, जियांशी निष्ठा परालिया, नंदिता गोयल ने भी नृत्य किया।

## मजदूर वर्ग के छोटे बच्चों को नए कपड़े वितरित किए

**कोटा** (निसं)। एक उम्मीद सेवा संस्थान के द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर हमारी टीम गरीब निर्धन और मजदूर वर्ग के छोटे बच्चों के लिए नए कपड़े ,फुलछाड़िये, मिठाईया, दीपक, राशन किट ,चप्पलें लेकर आई और कोटा के आई एल क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन का काम करने वाले मजदूर वर्ग के छोटे बच्चों को वहां जाकर अपने हाथों से नए कपड़े पहनाए ओर मिठाईया खिलाई, दीपक जलवाए चप्पलें पहनाई ओर राशन किट वितरित किये और इन की इस दिवाली में खुशियों के रंग बिखेरे।

नए कपड़े पहनाते हुए उनके माता पिता और बच्चो के चेहरों पर जो मुस्कान ओर खुशी थी वो दिल को सुकून पहुंचने वाली थी। लगा जैसे की इस दिवाली खुशियों वाली हमारी थीम साकार हो गई। एक उम्मीद सेवा संस्थान के कार्येकारी अध्यक्ष एडवोकेट खुशाल गुप्ता जी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी इनके साथ दिवाली मनाई। इस कार्यक्रम में डॉक्टर रियाज खान, एडवोकेट अबरार खान मौजूद रहे।

# 'खुशियों को बांटना ही पर्व और उत्सव का असली अर्थ'

**कोटा** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को दाधीच सामुदायिक भवन में आयोजित दीपावली मिलन में शिरकत करते हुए कोटा उत्तर के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और दीपोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार केवल दीपों का नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी उत्सव हैं। हमारा विशेष कर्तव्य है कि कोई भी परिवार इन खुशियों से वंचित न रहे। हम सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को खुशियाँ प्रदान करने की पहल करनी चाहिए, जिससे वे भी इस पावन पर्व को हर्ष और सम्मान के साथ मना सकें।

बिरला नें आव्हान किया कि अपने देश में निर्मित, अपने देशवासियों के परिश्रम से निर्मित स्वदेशी वस्तुओं के निरंतर उपयोग की आदत बननी चाहिए। इससे वस्तु बनाने वाले, व्यापार करने वाले व खरीदने वालों में राष्ट्रप्रेम ओर स्वदेश के प्रति समर्पण बढ़ता है। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार किए गए स्वदेशी मिट्टी के दीपकों का वितरण किया।

भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि समाज सेवा ही राजनीति का आधार है, प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह उन लोगों के साथ सेवा भाव से सहयोग करें, जिनके पास कुछ कमियां हैँ। प्रत्येक नागरिक ख़ुशी में सम्मिलित हो इसकी चिंता हमें भी करनी चाहिए।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**

क्रमांकः LU2012/KOT/2025-26/101076 **लोक सूचना** दि.17.10.2025

श्री KAMAL LAL पुत्र श्री WASHU MAL जाति PUNJABI निवासी 34 OPERA GREEN, BIJALPUR, INDORE, MADHYA PRADESH-452012 ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोटड़ी, लाडपुरा (कोटा) | KAMAL LAL S/O WASHU MAL CHHATRI HISSA PURNA CASTE PUNJABI MANIK BAGH ROAD, 53-A, VEER SAWARKAR NAGAR, INDORE (M.P.) HAL NIWASI 34, OPERA GREEN, BIJALPUR, INDORE (M.P. KHATEDAR) | 402/287 | 412 | 0.0412 |
| | | | | कुल | 0.0412 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 17/10/2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)**


# बिरला ने बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कच्ची बस्ती में बच्चों को वस्त्र और उपहार भेंट किए हैं।

**कोटा** (निसं)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हर वर्ष की तरह इस इस बार भी वंचित परिवारों के बच्चों के साथ दीपावली मनाई। स्पीकर बिरला रविवार शाम को श्रीनाथपुरम-आरकेपुरम में स्थिति कच्ची बस्ती पहुंचे। बिरला को आता देख नन्हे बच्चे दौड़-दौड़े उनके पास आ पहुंचे। स्पीकर बिरला ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों को नए कपडे, मिठाई व उपहार भेंट किए। दीपावली से पहले यह उपहार पाकर जहां बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं बच्चों को प्रसन्न देख परिजनों के मन में आनन्द व संतोष का भाव नजर आया।























# भीतर का अंधकार मिटाना ही सच्ची दीपावली : विभाश्री माताजी

- विज्ञान नगर जैन मंदिर में चातुर्मास उत्सव के तहत भक्ति व साधना का वातावरण, दीपक सजाओ प्रतियोगिता में रिया छाबड़ा प्रथम रही
- आत्मा की निर्मलता ही जीवन की दीपावली है : विभाश्री माताजी

**कोटा** (निसं)। विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों भक्ति, साधना और आत्मचिंतन का केंद्र बना हुआ है। गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी के निर्देशन में तथा परम पूज्या गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी (संघ सहित) के सान्निध्य में चल रहे 12 पिच्छियों के चातुर्मास उत्सव में श्रद्धा, अनुशासन और समर्पण का अनुपम वातावरण देखने को मिल रहा है।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनोद टोरडी ने बताया कि दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट एवं पादपक्षालन का पुण्य कार्य त्रिलोक, सुनील, सुधा, अनिल, लतिका, तरुण, टीना, कलश, अंकिता, अर्पित, निति, पूर्वा, अर्नि, कोणार्क जैन (नई धानमंडी) सहित समस्त सूरलाया परिवार, कोटा को प्राप्त हुआ।

रविवार को आयोजित धर्मसभा में परम पूज्या गणिनी प्रमुख आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी ने अपने प्रवचन में कहा कि चार माह की साधना एवं पंचाध्यायी की परीक्षा पूर्ण होने पर साधना का सार आत्मचिंतन और संयम ही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सिद्धिदायक भगवान महावीर स्वामी ने अपने अंतिम उपदेश से जगत को मोक्षमार्ग का संदेश दिया, उसी भावना से हमें भी अपने जीवन में आत्म-साधना का संकल्प लेना चाहिए।

माताजी ने आगे कहा कि धन्य तेरस का दिन भगवान महावीर के अंतिम दिव्य उपदेश का स्मरण कराने वाला है। यह दिन आत्मज्योति प्रज्वलित करने का प्रतीक है। भगवान महावीर ने इसी दिन योग निरोध की ध्यान साधना में प्रवेश किया था। इसलिए धन्य तेरस से लेकर दीपावली तक के तीन दिनों को आत्म-मनन, साधना और रिद्धि-मंत्र जप में बिताना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चार महीने की तपस्या, सेवा और साधना से आत्मा को निर्मलता की प्राप्ति होती है। यही सच्ची दीपावली है - जब भीतर का अंधकार मिटे और आत्मा का प्रकाश प्रकट हो।

सभा का संचालन आर्यिका श्री 105 विनयश्री माताजी ने किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महामंत्री अनिल जैन ठोरा ने बताया कि दीपक सजाओ प्रतियोगिता में रिया छाबडा ने प्रथम, श्रीमती सुनीता ठोरा ने द्वितीय तथा हेमंत जैन और आकांक्षा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी 36 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।तत्त्वार्थ सूत्र की नियमित कक्षा में अध्ययन करने वाले 217 साधकों को राजेश-सोनल सेठिया द्वारा पुरस्कृत किया गया।

योग और आयोजन में विशेष सहयोग देने वाले रोहित ठाई, हेमंत जैन, अभिषेक जैन ठग, विपुल गोधा, पी.के. हरसोरा, अमित जैन चिकू, सौरभ धनोपिया, पवन ठाई, रानी सोगानी, इंदिरा जैन ठोरा, मनोरमा बावरिया, हर्षा कोटिया, चंद्रप्रकाश कोटिया, अनीता डूंगरवाल, दिनेश धनोत्या को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

20 अक्टूबर 2025 को प्रातः 6:00 बजे से अनीता-मुकेश जैन परिवार के द्वारा सहस्त्रनाम विधान का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी भक्त मिलकर 1008 भगवानों को अरघ समर्पित करेंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां शुरू

**भरतपुर** (निस)। महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति की बैठक दामोदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि 26 अक्टूबर 2025 रविवार को आयोजित होने वाली समिति स्थापना दिवस एवं जाट प्रतिभा सम्मान समारोह के सफल आयोजन हेतु व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई एवं विभिन्न समितियां गठित की गई। समिति महासचिव सुधीरपाल सिंह ने बताया कि इस समारोह में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थी व प्रशासनिक, उच्च शिक्षा, भारतीय सेना सहित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। भवन निर्माण समिति अध्यक्ष महावीर सिंह तोमर ने बताया कि आयोजन में मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई। हीरा सिंह आर्य ने बताया कि मार्बल व्यवसायी बहादुर सिंह द्वारा उपस्थित व्यक्तियों हेतु भोजन व्यवस्था की गई है।

# अष्ट मंगल से जीवन में भरें शुभता, प्रज्ञासागर मुनि का आव्हान

- दीपावली पर कुबेर पूजन के साथ दी गई अहिंसा और ज्ञान की प्रेरणा
- पटाखों से नहीं, दीप प्रज्ज्वलन से फैलाएं प्रकाश : प्रज्ञासागर मुनि

**कोटा** (निसं) गुरु आस्था परिवार, कोटा के तत्वावधान में तथा सकल दिगंबर जैन समाज के आमंत्रण पर तपोभूमि प्रणेता, पर्यावरण संरक्षक एवं सुप्रसिद्ध जैनाचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज का 37वां चातुर्मास महावीर नगर प्रथम स्थित प्रज्ञालोक में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हो रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु गुरुदेव के प्रवचनों का लाभ लेने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं।

प्रवचन में आचार्य प्रज्ञासागर जी ने कहा कि प्रत्येक जैन को अपने जीवन में मंगल भावनाओं का समावेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अष्ट मंगल द्रव्यों में मंगल कलश का विशेष महत्व है, अतः प्रत्येक मंदिर एवं गृह में कलश की स्थापना आवश्यक है।

उन्होंने आगे कहा कि दर्पण ज्ञान का प्रतीक है, जैसे दर्पण में रूप स्पष्ट दिखाई देता है, वैसे ही केवलज्ञान में चराचर पदार्थों की स्पष्ट दृष्टि प्राप्त होती है।

गुरुदेव ने कहा कि घर की दिशा के अनुसार ध्वज स्थापित करना शुभता का प्रतीक है। उन्होंने वर्षा और सीलन के मौसम में दीप प्रज्ज्वलन को प्रकाश और सकारात्मकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि दीपक जलाने से वातावरण में ऊर्जा और शुद्धता का संचार होता है। वहीं, पटाखे फोड़ने से होने वाली जीव हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुसार हिंसा से बचना ही सच्ची धार्मिकता है।

संध्याकालीन सत्र में दीपावली की पूर्व संध्या पर कुबेर के खजाने के प्रतीक स्वरूप मां लक्ष्मी का पूजन किया गया एवं श्रद्धालुओं को पूजित सिक्के प्रदान किए गए।

धर्मसभा में चेयरमैन यतिश जैन खेडावाला, अध्यक्ष लोकेश जैन, महामंत्री नवीन जैन दौराया, कोषाध्यक्ष अजय जैन सहित शैलेन्द्र जैन, विनय बिलाला, राजीव पाटनी, संजय खटकिड़ा, अनिल दौराया, त्रिलोक जैन, नितेश बडजातिया, योगेश सिंघम, शम्भू जैन, लोकेश दमदमा, विकास मजीतिया, नीलेश खटकिड़ा, आशीष जैसवाल, अजय मेहरू, संजीव जैन, शैलेन्द्र जैन 'शैलू', गुलाबचंद लुहाड़िया, मिलाप अजमेरा, विनय शाह, अर्पित सराफ, भूपेन्द्र जैन, नवीन बाबरिया, विनोद जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गांवों की स्वच्छता पर जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी का सख्त रुख

- दीपावली से पहले गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रशासन हुआ सक्रिय

**कोटा,** (निसं)। दीपावली पर्व से पूर्व ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यों की गति तेज करने के उद्देश्य से जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल कुमार मीणा ने ग्राम पंचायत अलनिया, कसार एवं मण्डाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़कों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चल रहे सफाई कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान ठेकेदार द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों को असंतोषजनक पाते हुए जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयावधि में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया तो संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

विकास अधिकारी लाडपुरा शैलेश रंजन को निर्देश दिए गए कि सभी ग्राम पंचायतों में दीपावली से पूर्व व्यापक सफाई कार्यों की नियमित समीक्षा करें और गांवों को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों से कचरा समय पर हटाकर उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वच्छता अभियान का वास्तविक प्रभाव ग्रामीण परिवेश में दिखाई दे। जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत के कार्मिकों को भी निर्देशित किया कि वे सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों की सहभागिता से अभियान को सफल बनाएं, जिससे दीपावली पर गांवों की छवि स्वच्छ और सुंदर रूप में निखरे। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद के सदस्य, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### क्रिकेट महोत्सव उद्‌घाटन समारोह 25 को

**अजमेर** (निसं)। सम्राट पृथ्वीराज चौहान टी-10 क्रिकेट महोत्सव के आयोजन को लेकर रविवार को पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई, बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई, जिसमें तय किया गया कि क्रिकेट महोत्सव का शुभारंभ 25 अक्टूबर, को भव्य उद्‌घाटन समारोह के साथ सायं 4 बजे किया पटेल स्टेडियम पर किया जायेगा। आगामी 26 से 30 अक्टूबर" तक अजमेर शहर के विभिन्न क्रिकेट मैदानों में होने जा रहा है। यह आयोजन शहर के खिलाडिय़ों के लिए खेल भावना और एकता का बड़ा मंच साबित होगा। इस क्रिकेट महोत्सव में अजमेर नगर निगम के वार्डों के 18 वर्ष से अधिक आयु वाले खिलाडी भाग ले रहे हैं, जिनमें भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष संपत सांखला ने बताया वॉक रेस्टोरेंट पर एक बैठक आयोजित कर इस पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई, इसमें तय किया गया कि क्रिकेट महोत्सव का शुभारंभ 25 अक्टूबर, को भव्य उद्‌घाटन समारोह के साथ सायं 4 बजे किया पटेल स्टेडियम पर किया जायेगा। संरक्षक डॉ. प्रियशील हाडा ने बताया कि 26 से 30 अक्टूबर 2025 तक होने वाले मैचों के ड्रा 24 अक्टूबर को निकाले जायेगे। वार्डों के पंजीकरण फार्म समिति के पास जमा हो चुके हैं। जिसका डाटा तैयार किया जा रहा है। शहर के विभिन्न मैदानों में नॉकआउट आधार पर लेदर की सफेद बॉल से रंगीन ड्रेस में ट्रफ पीच पर सभी मैच खेले जाएंगे। विजेताओं व उपविजेता टीमों को नगद राशि के साथ ट्रॉफी व अनेक पुरस्कार दिए जाएंगे व सभी खिलाडिय़ों को मेडल व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ क्षेत्रवासियों जीना दूभर

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली नगर सागर विहार कॉलोनी में बन रहे नाले के कारण वाहनों की आवाजाही से उठ रहे धुएं के गुबार से क्षेत्र वासियों का जीना मुश्किल हो गया। महावीर सेवा परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र गांधी व महासचिव कमल गंगवाल ने बताया कि नगर निगम, पीडब्लूडी,अजमेर स्मार्ट सिटी को कई बार शिकायत करने के बाद भी सड़क पर जमा मिट्टी, धूल अभी तक नहीं उठाई। इस पर ठेकेदार के बड़े बड़े वाहन, जेसीबी, मिक्सर चलते है तो धूल के बड़े बड़े गुबार उठते है। जिनसे क्षेत्र में रहने वाले रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दीपावली की सफाई होने के बाद भी घरों पर धूल की मोटी परत जम गई जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंगवाल व गांधी ने बताया कि रोजाना सफाई करने के बाद भी मकानों पर धूल कम जाती है।यह धूल-मिट्टी 24 घंटे सड़क वआसपास क्षेत्र में उड़ती रहती है। इससे आसपास के दुकानदार, ऑटो चालक,आसपास के घरों में रहने वाले लोग अस्थमा की बीमारी से परेशान हो रहे हैं। यहां से हजारों वाहन रोज निकलते हैं, जिससे हर समय ऐसा लगता है कि यहां मिट्टी की आंधी आ रही है। संजय कुमार जैन व विजय जैन पांड्या ने बताया कि नगरनिगम को कई मर्तबा शिकायत करने के बावजूद कोई कारवाही नहीं की। क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### योग साधकों ने धन्वन्तरि जयंती व छोटी दीपावली मनाई

**अजमेर,** (कासं)। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान द्वारा गुलाबबाड़ी स्थित राधेरानी गार्डन अजमेर की नियमित योगकक्षा में धन्वंतरि त्रयोदशी अर्थात धनतेरस और छोटी दीपावली के अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित आचार्य हेमंत के ब्रह्मत्व में श्री लक्ष्मी यज्ञ' का आयोजन किया गया। कक्षा प्रभारी सोहनलाल सोलंकी एवं सह प्रभारी अंजना राठौड़ ने बताया ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस योग कक्षा में विशाल श्रीयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त योग साधकों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य हेमंत द्वारा धनत्रयोदशी और दीपावली का महत्व बताया गया तथा भगवान धनवंतरि द्वारा स्वास्थ्य का संदेश मानव समाज को दिया एवं आयुर्वेद के परम विद्वान एवं मनीषी महर्षि धन्वंतरि के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्थानीय समिति के संरक्षक ललिता सैनी, स्नेहलता झा, कविता गढ़वाल, अनिता दाधीच, मनोरमा, राजकुमारी, प्यारेलाल, दीप्ति सोगरा शर्मा, चेतना, कविता कौर, ममता शर्मा, पूनम महावर, अनीता कौशिक, रेणु, सुनीला, बीना शर्मा, सत्यनारायण, रविन्द्र शर्मा, कोमल, प्रकाश नायक, प्रेम देवी एवं अन्य साधक उपस्थित रहे।

### अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा

**ब्यावर** (निसं) पंच दिवसीय दीपोत्सव के चतुर्थ दिन अन्नकूट का विशेष महत्व रहता है । परंपरागत रूप से इस दिन अनेक प्रकार के अन्य सब्जियाँ बनाकर भगवान को भोग लगाया जाता है । यह भोग कृषि आधारित भारतीय संस्कृति का उत्सव है। मंदिर समिति के सह सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि इसी क्रम में स्थानीय आशापुरा मंदिर धाम में 22 अक्टूबर, बुधवार को अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा । इस दौरान दोपहर 12:15 बजे माताजी को भोग लगाकर विशेष आरती की जाएगी । उसके पश्चात अन्नकूट प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा ।अन्नकूट प्रसाद में हरी सब्जी, मूंग, चावल, चवला, बाजरी सहित नाना प्रकार की सामठियों को सम्मिलित करते हुए कुल 56 तरह की सामठियाँ सम्मिलित होंगी। उन्होने नगर के सभी धर्म प्रेमी भक्तगणों से विनम्र निवेदन किया है कि अधिकाधिक संख्या में सपरिवार प्रसाद ठाहण करते हुए और इस उत्सव का आनन्द लेकर माँ आशापुरा एवं पंचमुखी बालाजी महाराज का आशीर्वाद लेकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

### बच्चों को मिठाई वितरित की

**भरतपुर** (निस)। सर्वशक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के सेवा कार्यों की श्रृंखला में विगत वर्षों से विभिन्न त्योहारों पर जरूरतमंदो को खुशी मनाने हेतु जो कार्य किए जाते हैं उसमें आज कैबिनेट मंत्री अध्यक्ष वित्त आयोग अरुण चतुर्वेदी के सानिध्य में संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराशर और पदाधिकारियों ने सैकड़ों बच्चों और जरूरतमंदों को रामदेव कच्ची बस्ती स्कूल, नीलोक पाठशाला एवं विभिन्न स्थानों पर मिठाई, खील, बताशा, मोमबत्ती आदि सामठी वितरित कर खुशियों का एक उजाला बांटा जिसमें करीब 250से 300 जरूरतमंद एवं बच्चे लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी पुरुषोत्तम खंडेलवाल, श्यामवती, उर्मिला सिंह, नरेश शर्मा, गुड़िया, नवीन तिवाड़ी, सुरेन्द्र सूरोठ, अशोक उपाध्याय, मनीष दुबे, धीरज पांडे, मोना जैन, डॉक्टर असित त्रिवेदी, आशुतोष भटनागर, नीतू शर्मा, भुवनेश तिवाड़ी, शिखर लवानिया आदि ने उल्लासपूर्वक भाग लिया।

## रूप चतुर्दशी पर राजस्थानी परिधान में सजी-धज्जी नजर आई विदेशी महिलाएं

**पुष्कर**। आदि-अनादि काल से भारतीय संस्कृति में रूप चतुर्दशी महत्व माना जाता रहा है। दीपावली से पहले आने वाली यह चतुर्दशी के इस खास पर्व को सुहागन चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। महिलाएं इस पर्व पर खास तोर से अपने रूप को निखारने के जतन करती है। धार्मिक नगरी पुष्कर में भी महिलाओ को सजते-संवरते देखकर सात समंदर पार से आई विदेशी महिलाएं भी अपने आपको रोक नहीं सकी और उन्होंने भी भारतीय संस्कृति के रूप चतुर्दशी का महत्व समझकर अपने आपको सजने-संवारने के लिए ब्यूटी पार्लर का रूख किया। जंहा पर न केवल इन विदेशी महिलाओ ने श्रगार करवाया बल्कि भारतीय परिधान को धारण करते हुए सोलह श्रंगार भी किये। पाश्चात्य संस्कृति से भारत की संस्कृति को आत्मसात कर रही, यह विदेशी पर्यटका निकोल ओर सिलिंगबा जर्मनी और डोमिनिक रिपब्लिक से भारत भ्रमण के लिये आयी थी। विदेशी महिला ने सजने-संवरने के बाद अपने इस अनुभव के बारे में बताया कि यंहा आने पर उन्हें इस त्योहार के बारे में जानकारी मिली थी तो हमने भी भारतीय धार्मिक रीति रिवाजो के अनुसार श्रृंगार किया है। हमें ये सब करके बहुत अच्छा लगा। यह एक अविस्मरणीय शण थे, जिन्हें वो कभी भूल नही पाएगी।

पुराणों में है रूप चौदस का वर्णित महत्व- पुष्कर के प्रसिद्ध ज्योतिषविद पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि भारतीय संस्कृति के धार्मिक ठांथो में कहा जाता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन अत्याचारी नरकासुर राक्षस का वध कर उसके चगुल में बंदी बनाई गई 17 हजार 1 सौ रानियों को भगवान कृष्ण ने मुक्त कराया था।

## स्वास्थ्य सेवा में सुधार की बाट

**पोकरण**,(नि.सं.)। विश्वविख्यात पर्यटक नगरी जैसलमेर, परमाणु नगरी पोकरण जहां देश-विदेश से हर साल लाखों सैलानी आते हैं। जिला, जो आज सौर और पवन ऊर्जा का हब बन चुका है, एशिया की सबसे बडी फील्ड फायरिंग रेंज का धनी है, जहां पर्यटन से करोडों का कारोबार होता है और बाबा रामदेवरा मेले में लाखों श्रद्धालु उमडते हैं। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति आज भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। जैसलमेर जिले में बडी-बडी कंपनियों से फंड आता है, सरकारी योजनाओं के तहत करोडों की स्वीकृतियां जारी होती हैं।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाए

**पाली**, (नि.सं.)। जिला मजिस्ट्रेट एलएन मंत्री ने धार्मिक पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज 20 से 23 अक्टूबर 2025 को मनाए जाने के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। आदेश के तहत संपूर्ण उपखण्ड पाली के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट पाली, पाली शहर के लिए तहसीलदार पाली, ग्राम खैरवा के लिए नायब तहसीलदार पाली, संपूर्ण उपखंड क्षेत्र रोहट के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट रोहट, थाना क्षेत्र जैतपुर, तहसील रोहट के लिए तहसीलदार रोहट, संपूर्ण उपखंड क्षेत्र बाली के लिए लगाये।

## पांच खिलाड़ियों का नेशनल प्रतियोगिता में चयन

**भरतपुर** (निस)। 32वीं सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2025 में भरतपुर जिले के जयशंकर टाईगर क्लब के पांच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। 5 गोल्ड मेडल के साथ 16 मेडल पर अपना कब्जा जमाया।

कोटा के रघुराई इंडोर कॉम्प्लेक्स नयापुरा में आयोजित राजस्थान स्टेट सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष आदरणीय ओम बिरला जी के मुख्य आतिथ्य में एवं राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिलों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

भरतपुर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों ने अनुशासन और जोश के साथ खेलते हुए भरतपुर का नाम पूरे राज्य में रोशन किया। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाडी ऐश्वर्य शर्मा, पीयूष सिंह, यशस्वी राजपूत, शिवप्रताप परमार, युवराज सिंह, विशाल, रामया शर्मा, अक्षित कुमार, प्रबल लवानिया, शिव बघेल, चेतन सिंह, करण यादव, शौर्य प्रताप, ध्रुव, मोहित, आयुष, करणवीर, सौरव, रौनक, आदित्य सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# स्थानीय उत्पादों को खरीद कर 'वोकल फॉर लोकल' को दें बढ़ावा : देवनानी

- आमजन से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है

**अजमेर,( कासं )।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीपावली महोत्सव के अवसर पर अजमेर शहरवासियों से अपील की है कि वे त्यौहार की खरीदारी के दौरान स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि इससे 'वोकल फॉर लोकल'अभियान को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी और स्थानीय कारीगरों, दुकानदारों तथा छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

देवनानी ने दीपावली के उपलक्ष्य में अजमेर के प्रमुख बाजारों का दौरा कर व्यापारियों, आमजन और खरीदारों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जब हम अपने ही क्षेत्र के निर्माताओं से सामान खरीदते हैं, तो न केवल उन्हें रोजगार मिलता है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है।

देवनानी ने कहा कि दीपावली जैसे पर्व केवल रोशनी और सजावट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अवसर हैं सामाजिक और आर्थिक जुड़ाव का। ऐसे में अगर हम अपने घरों की सजावट, उपहार और अन्य आवश्यक वस्तुएं स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं से करें, तो इसका व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में महत्वपूर्ण कटौती कर आमजन को बड़ी राहत पहुंचाई है। खासकर रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी आवश्यकताओं पर कर बोझ घटाकर मध्यम वर्ग, किसानों, छोटे व्यापारियों तथा गरीब वर्गों को सीधा लाभ दिया गया है।

## 'खेल भावना से खेलना चाहिए'

**रेवदर,** (नि.सं.)। उपखंड मुख्यालय पर गर्ग समाज की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालोर जिला प्रमुख राजेश राणा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हिमपाल सिंह देवल विजेता खिलाडयिों को पुरस्कृत किया और कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए।

हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली विजेता वही है जो अनुशासन, टीम भावना और मेहनत से मैदान में उतरता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के आज खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, जो समाज के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जेएलएन अस्पताल का निरीक्षण कर केंद्रीय मंत्री चौधरी ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश

- केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने जेएलएन अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों को बेहतर उपचार और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**अजमेर, ( कासं )।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार शाम जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचकर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र और प्रयोगशाला की व्यवस्थाओं का विस्तार से जायज़ा लिया, उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से संवाद कर उपचार एवं सुविधा संबंधी जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना।

मरीजों को बेहतर उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता- केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने इस मौके पर चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक कर उपलब्ध मानव संसाधन, दवाओं की पर्याप्तता, उपकरणों की स्थिति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा संबंध जनजीवन की गुणवत्ता से है, इसलिए हर मरीज को समय पर, गुणवत्तापूर्ण और मानवीय संवेदना से युक्त उपचार मिलना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता और सहानुभूति का व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाएं- केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को यह भी सुझाव दिया कि दवा वितरण व्यवस्था और सफाई प्रणाली को नियमित मॉनिटरिंग के साथ और प्रभावी बनाया जाए, ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन के अधिकारी, चिकित्सकगण एवं संबंधित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दिये निर्देश

**करौली** (निसं)। जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि जिले मे 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 अक्टूबर को गोर्वधन पूजा व 23 अक्टूबर को भाईदूज का त्योहार मनाया जायेगा। इस दौरान आमजन के द्वारा विशेष कर बच्चों के द्वारा आतिशबाजी की जाती है जिसके कारण आगजनी की संभावना भी रहती है। उन्होंने बताया की त्योहार की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व अशांति फैलाने एवं साम्प्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुचाने की कोशिश कर सकते है, जिसके लिए जिले मे शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने निम्न आदेश दिये है, उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल, कैरोसिन डिपो, पेट्रोल पंप, सिनेमा हॉल, बस स्टेण्ड, अस्पताल, गैस गोदाम, आदि सार्वजनिक स्थलों पर आतिशबाजी व पटाखों क प्रयोग नहीं करेगा, एनसीआर क्षेत्र को छोडते हुए सम्पूर्ण राजस्थान में केवल रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक ठीन आतिशबाजी की अनुमति प्रदान की गई है। जिले में स्थित आतिशबाजी, पटाखों की दुकान, बाजारों में प्रतिष्ठानों से 100 मीटर के दायरे में आतिशबाजी नही की जाए, सड़क पर आवागमन के समय किसी भी वाहन पर आतिशबाजी अथवा पटाखे आदि फेंकना पूर्णतया निषेध रहेगा। उन्होंने बताया कि यह आदेश 19 से 23 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश भी जारी किये है।

### बलिदान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**अजमेर,** (कासं)। स्वराज के प्रथम मंत्र द्रष्टा, राष्ट्रीय पुनर्जागरण के पुरोधा, वेदोद्धारक, युग प्रवर्तक, समठा क्रांति का अठादूत, आर्य समाज के संस्थापक एवं अनन्य ईश्वर भक्त-महर्षि दयानन्द सरस्वती महाराज का 142 वां बलिदान दिवस कार्यक्रम आज रविवार 19 अक्टूबर 2025 को आर्य समाज, अजमेर के तत्वावधान में वैदिक विद्वान आचार्य सूर्य प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में दयानन्द बाल सदन, अजमेर के प्रांगण में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम आचार्य अमरसिंह शास्त्री के ब्रह्मत्व में देव एवं ब्रह्म यज्ञ प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें यज्ञमान प्रभा शास्त्री, पुष्पा क्षेत्रपाल, प्रभु सिंह आर्य, ब्र. राकेश आर्य, सोनू आर्य, कुलदीप आर्य एवं बाल सदन के ब्रह्मचारी व ब्रह्मचारिणीया आदि महानुभाव सम्मिलित हुए। तत्पश्चात् भजनोंपदेशक रामचन्द्र आर्य ने सौ बार जन्म लेंगे सौ बार फना होंगे। अहसान दयानन्द के फिर भी न अदा होगें भजन प्रस्तुत कर सबको भाव विभोर कर दिया। भजनोपदेश पश्चात् आर्य समाज के वैदिक विद्वान आचार्य सूर्य प्रकाश जी शास्त्री ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में बताया कि इस दीपावली पर्व के दिन जैनी लोग महावीर स्वामी को याद करते है हिन्दू मत में श्री कृष्ण ने इसी दिन मुरा नामक राक्षस का अंत किया था।

### जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी को मिली हाईकोर्ट से जमानत

**करौली** (निसं) राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने करौली जिले के हिंडोन सिटी के केशवपुरा मोहल्ला में दो पक्षों के लोगों में जबरदस्त जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी देवा की जमानत आवेदन स्वीकार कर लिया। अभियुक्त याची ने अपने अधिवक्ता हरिराम गुर्जर के द्वारा हाईकोर्ट में जमानत आवेदन दाखिल किया। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर ने बहस करते हुए कहा कि याची निर्दोष है उसे प्रकरण में झूठा फंसाकर इस मामले में मुख्य आरोपी ठहराया गया है जो ग़लत है। प्रथम सूचना रिपोर्ट व बयानो में गंभीर विरोधाभास है। करीब 9 लोगों के खिलाफ दर्ज इस मामले में याची को अनुसंधान में विरोधाभास बयान व गलत साक्ष्य होने के बावजूद मुख्य आरोपी माना है। जबकि हैंड इंजरी के मामले में चिकित्सक ने अनिश्चित व अस्पष्ट रिपोर्ट व राय दी है। लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध किया। न्यायालय ने पत्रावली अवलोकन व दोनों पक्षों की बहस सुनी तथा याची के अधिवक्ता हरिराम गुर्जर की बहस से संतुष्ट होकर राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश सी.पी. श्रीमाली ने याचिकाकर्ता देवा गुर्जर को जमानत प्रदान की। हिंडौन सिटी कोतवाली जिला करौली में दर्ज इस आपराधिक मामले में याची की ओर से अधिवक्ता हरिराम गुर्जर ने बहस की।

### दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में महारानी किशोरी लोहागढ़ जाट महिला संगठन की ओर से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीनू सिंह (पूर्व जिला परिषद सदस्य) तथा विशिष्ट अतिथि अनामिका सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवानी दायमा (जिला अध्यक्ष भाजपा) ने की। महारानी किशोरी लोहागढ़ जाट महिला संगठन की अध्यक्ष विमला चौधरी के नेतृत्व में दिवाली मिलन समारोह किया गया। दिवाली थीम पर आयोजित इस मिलन समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अर्ली सेवन गेम में अर्चना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पेपर गेम में उर्मिला सिंह रही विजेता। ऋचा को दिवाली दीवा और दीपेश सोगरवाल को दिवाली क्वीन के ख़िताब से नवाज़ा गया। कार्यक्रम में मनोरंजक प्रस्तुतियों, हंसी-खुशी और पारंपरिक झलकियों के साथ महिलाओं ने एक-दूसरे को दिवाली की शुभकामनाएं दी।

# खुशी और उमंग के साथ सभी ने मनाई दिवाली से पहले दिवाली, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैंपस में शनिवार की शाम दीपों, संगीत और मस्ती के बीच जगमगा उठी। दीपोत्सव का माहौल कुछ यूं था जैसे पूरा कैंपस एक बड़े परिवार का घर बन गया हो। स्टेज पर नृत्य, गीत, कविता और शायरी के रंग बिखरे, तो दूसरी ओर हर चेहरे पर दीयों सी चमक थी। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक अंदाज में हुई। चेयरमैन सुरेंद्र विजय और डायरेक्टर सुशीला विजय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय, डॉ.स्वाति विजय भी मौजूद रहे।



मोशन एजुकेशन में म्यूजिक, मस्ती के बीच दीपोत्सव मनाया।

नितिन विजय ने छात्रों और स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा "दीपावली सिर्फ रोशनी का ही नहीं, बल्कि उम्मीद और सकारात्मकता का त्यौहार है। यह त्यौहार हमें सिखाता है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा हो, एक छोटा-सा दीपक भी राह दिखा सकता है।"

मंच पर "मोशन गॉट टैलेंट" और "ओपन माईक" की रंगारंग शुरुआत हुई। किसी ने गीत सुनाए, तो किसी ने नृत्य से वाहवाही लूटी। एक के एक बाद एक शानदार प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में डीजे पार्टी ने मस्ती का माहौल और भी खुशनुमा बना दिया।

इससे पहले डेस्क डेकोरेशन और रंगोली प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में स्टॉफ और फैकल्टी मेंबर्स ने भी पारंपरिक वेशभूषा में हिस्सा लिया। मोशन के द्रोणा, दक्ष और ध्रुव कैम्पस के साथ-साथ कॉर्पोरेट ऑफिस में भी दीपावली का जश्न धूमधाम से मनाया गया। हर जगह मिठाईयां बांटी गई, उपहार दिए गए और रंग-बिरंगी सजावट ने पूरे परिसर को जगमगा दिया।

**बच्चों के साथ मनाया दीप पर्व का जश्नः-** मोशन के उन स्टूडेंट्स के लिए अलग से जश्न हुआ जो त्यौहार पर घर नहीं जा सकें। उन्होंने दोस्तों और फैकल्टी के साथ दीप जलाए, रंगोली बनाई, गाने गाए और पटाखों की धूम के बीच खूब मस्ती की। जैसे ही आसमान में आतिशबाजी हुई, पूरा कैंपस 'हैप्पी दीवाली' के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्टूडेंट्स और स्टॉफ ने मिलकर दीयों से हैप्पी दीवाली लिखा। यह नजारा देखकर हर किसी के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी। फैकल्टी मेंबर्स ने कहा कि यह पहल उन बच्चों के लिए थी जो घर से दूर हैं, ताकि वे भी त्यौहार की गर्माहट महसूस कर सकें।

मोशन एजुकेशन के इस दीपोत्सव ने साबित किया कि जब शिक्षा में संस्कार और उत्सव का मेल होता है, तो न सिर्फ ज्ञान का उजाला फैलता है बल्कि दिलों में अपनापन भी जगता है। इस दीपावली, मोशन ने फिर साबित किया "यह सिर्फ एक संस्थान नहीं, एक परिवार है।"

# 'रंग-रोगन का निर्णय बहुत अच्छा लेकिन निर्णय समय पर नहीं'

**करौली** (निसं)। राजस्थान के समस्त शिक्षक संघों के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक शिक्षा सचिव कृष्ण कुमार कुणाल की अध्यक्षता में समसा कार्यालय शिक्षा संकुल जयपुर में हुई।

बैठक में नया शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू करने,प्रदेश के विद्यालयों में चल रही विभिन्न गतिविधियों यथा ओआरएफ, एफएलएन,शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि बैठक के दौरान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की और से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने शैक्षिक उन्नयन,नामांकन वृद्धि, गुणवत्ता सुधार के लिए विस्तार से सुझाव देते हुए वर्तमान में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।पुष्करणा ने कहा कि सरकार सबसे पहले शिक्षक संघों को मान्यता दे और शिक्षकों से मासिक संवाद करें, माननीय उच्चतम न्यायालय के टीईटी परीक्षा संबंधित निर्णय पर सरकार शीघ्र पुर्नविचार याचिका दायर कर प्रदेश के लाखों शिक्षकों को राहत दिलवाएं।

इसी प्रकार विद्यालयों में रेमेडियल कक्षाओं के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत कर पढ़ाने की व्यवस्था करने,सभी शिक्षकों को ऑनलाइन कार्य के लिए टैबलेट पीसी व मासिक डाटा खर्च की राशि देने,शैक्षिक कैलेंडर के समान ही शिक्षा की समस्त व्यवस्थाओं यथा निशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण, प्रमोशन, म्यूचुअल स्थानांतरण, एसएफजी,खेल सामठी,पुस्तकालय आदि के लिए जारी किए जाने वाले बजट के लिए भी समय बद्ध पंचाग जारी करने, महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम में शेष रहे कार्मिकों का पदस्थापन करते हुए शीघ्र स्टाफिंग पैटर्न पूर्ण कर नवक्रमोन्नत विद्यालयों में वित्त विभाग से पद स्वीकृत कराने की मांग की। बैठक में शिक्षकों को केवल बच्चों को पढ़ाने का कार्य करने देने और गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने,प्रतिमाह कार्यशाला आयोजित कर शिक्षकों की समस्याओं को चिन्हित करने,बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं को एक साथ नहीं कराने की मांग रखी गई।

संगठन ने सरकार के 1 अप्रैल 2026 से नया शैक्षिक सत्र शुरू करने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए शिक्षा में नवाचार की दृष्टि से बच्चों को पढ़ना,लिखना सीखने के लिए चलाए जा रहे ओआरएफ व बुनियादी साक्षरता के लिए एफएलएन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर का आभार जताया। साथ ही शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम को सराहनीय बताया।

संगठन ने सरकार के दीपावली पूर्व विद्यालयों में रंग- रोगन कराने के निर्णय को बहुत अच्छा बताया किंतु सरकार द्वारा यदि इसमें समय से दो माह पूर्व आदेश जारी करते हुए बजट भी उपलब्ध करवा दिया जाता तो बेहतर परिणाम मिलते।

शहरी क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों का अधिकांश समय प्रतियोगी परीक्षाएं करवाने में ही निकल जाता है।इस सत्र में भी 168 दिन विभिन्न परीक्षाएं आयोजित करवाने में व्यय हुए अतः शहरी क्षेत्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन हेतु निजी विद्यालयों, कॉलेजों या अन्य व्यवस्थाओं पर विचार करना चाहिए। संगठन ने राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढाने के लिए सुझाव दिया कि प्रदेश के सभी राजकीय कर्मचारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बालक अनिवार्य रूप से राजकीय विद्यालय में ही पढ़े।ऐसा नहीं करने पर जितनी राशि वह निजी संस्थाओं को दे रहा है उतनी ही राशि सरकार के राजकोष में जमा कराए।

इस प्रकार की सख्ती होने पर राजकीय विद्यालयों में नामांकन के साथ शैक्षिक गुणवत्ता भी बढ़ेगी।संगठन के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों ने भी सराहा। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविआचार्य ,उपाध्यक्ष महिला सुषमा विश्नोई,प्रदेश मंत्री अमरजीत सिंह ,महिला मंत्री गीता जैलिया,अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री बसंत जिंदल, कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों ने मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री के शिक्षक हित में लिए निर्णयों का स्वागत करते हुए अन्य मांगों पर भी शीघ्र विचार कर शिक्षा जगत में नवीन व्यवस्था स्थापित करने की मांग दोहराई।

# 'विषयभोगों में सच्चा सुख नहीं है'

- **शिविर में 152 बच्चों ने भाग लिया, संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया**

**जोधपुर,** (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने रविवार को भगवान महावीर स्वामी की अंतिम निवार्ण देशना के कम्मप्पयडी अध्ययन की विवेचना करते हुए कहा कि विषयभोगों को छोड़ कर जीव को अपने गुणों को अंगीकार करना चाहिए। जिसके पास आत्म गुणों का अन्नुभव है। उनका सत्संग करे।

विषय भोग पराधीनता है। इसमें स्वपन मात्र भी सुख नहीं है। स्वाध्याय के निमित गुरु हमारे साथ है। अच्छे कार्य में बढ़ने पर विघ्न तो आयेंगे। मगर इससे विचलित होने की जरूरत नहीं है। संसार में हमेशा लोग यह अपेक्षा रखे है कि लाओ- लाओ, लेकिन प्रभु कहते हैं कि अपने निज स्थान में लोटकर अपने निज गुणों में रहो।

हमको आसक्ति ममता छोड़ कर प्रभु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इससे पूर्व साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि सामने वाला गलती, भूल कर रहा, अपमान कर रहा है, यह धूल के समान प्रमाद है।

आप धैर्य व विवेक से इसकी सफाई कर सकते है । गुस्सा किया तो घर में आग आग जायेंगी। आप आपस मैं बेठ कर संवाद कर यानि सामने वालों की बात सुनने की तैयारी करें, लेकिन विवाद नहीं करे। संवाद से रास्ता निकल ही जायेगा।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि आज जयमल पाठशाला के बच्चों का ज्ञान शिविर 5 वे दिन भी जारी रहा। आज शिविर में 152 बच्चों ने भाग लिया। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

# 'गोलोक धाम सिधारने पर अजमेर में दी गई अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

- **आध्यात्म की राह के प्रेरणास्त्रोत थे सांई चाण्डूराम जी**

**अजमेर** (निसं)। लखनऊ शिव शांति सेवा आश्रम के परम श्रद्धेय साईं चाण्डूराम साहिब के गोलोक धाम सिधारने पर अजमेर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें व देश विदेश में सेवारत श्रद्धालुओं को उनके जीवन के प्रेरणादायी मार्गदर्शन पर चलने की आर्शीवाद दे।

सन्त कँवरराम साहिब व साई सतरामदास की प्रेरणा से देशभर में उनकी शिक्षाओं को सदैव आगे बढ़ाकर समाज को जोड़ने के सफल प्रयास साईं चाण्डूराम साहिब ने किये। सन्त कँवरराम साहिब के डाक टिकट विमोचन का समारोह संसद में राष्ट्रपति द्वारा 26 अप्रैल 2010 को आयोजित करवाने के अनेक सेवा कार्यों की प्रेरणा साईं चाण्डूराम द्वारा दी गई। जरूरतमंद परिवारों के लिये शिक्षा व चिकित्सा के सेवा कार्यों के साथ राशन सामठी का वितरण निरंतर किया जाता है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में मंडल के अध्यक्ष नरेन शाहणी भगत, सचिव लालचंद बूलचन्दाणी जयकिशन लख्याणी, दिलीप बूलचन्दाणी, विजय शाहणी, झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष प्रकाश जेठरा, जयप्रकाश मंघाणी, भारतीय सिन्धू सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थाणी, मोहन तुलस्यािणी, नरेन्द्र बसराणी, सिन्धी समाज महासमिति के अध्यक्ष कंवर प्रकाश किशनानी, हरकिशन टेकचंदाणी, अजीत पमनाणी, महेश ईसराणी, के.जे.ज्ञानी, महेश टेकचन्दाणी, अशोक सोनी, ईच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर के राम बालवाणी, गोविन्द पारवाणी, भगवान साधवाणी, मुकेश आहूजा, किशन केवलाणी, पुरषोतम जगवाणी, मुखी मोती जेठाणी, सिन्धी शिक्षा समिति के अध्यक्ष भगवान कलवाणी, दीदी रूकमणी वतवाणी, जयकिशन हिरवाणी सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपनी श्रद्धा सुमन देते हुए ऐसे सन्तों के बताए मार्गदर्शन पर चलकर सेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया

**जालोर,** (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने शुक्रवार राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षित एवं सम्प्रेषण गृहों के बालकों से वार्तालप की एवं उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधीक्षक मोर कंवर ने बताया कि यहां पर प्रति बालकों की ओर से योग करवाया जाता है जिसमें बच्चे भाग लेकर प्रतिदिन योग करते है। उन्होंने बताया कि जो बालक पढने वाले है उनको पढ़ाई करवाई जाती है और प्रतिदिन पढाई करते है।

## सार-समाचार

### धनतेरस पर किया किसानों को समृद्ध

**करौली,** (निंसं.) मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सम्पूर्ण प्रदेश के किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शनिवार को चतुर्थ किश्त भरतपुर के नदवई से डीबीटी के माध्यम से जारी की। कार्यक्रम में, राज्य के 71.8 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में प्रति कृषक 1,000 रुपये की दर से कुल 718 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना केन्द्र के टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र की पीएम किसान सम्मान निधि योजना के साथ राज्य सरकार की योजना को मिलाकर, अब राजस्थान के किसानों को प्रतिवर्ष मिलने वाली राशि 6,000 से बढ़ाकर 9,000 कर दी गई है। सरकार बनने के बाद से किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 70 लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 8,386 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है, जो किसानों की आर्थिक संबलता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस योजना से करौली जिले के हजारों किसानों को भी प्रत्यक्ष लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की खुशहाली और आत्मनिर्भरता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में किसानों ने योजना हेतु मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया और इसे दिवाली का विशेष तोहफा बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आगामी त्योहारो दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाऐं अर्पित की। जिला स्तरीय समारोह में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि समृद्ध किसान खुशहाल किसान के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की चतुर्थ किश्त जारी की गई। जिसके अंतर्गत जिले के 1 लाख 51 हजार 279 पात्र किसानों को मुख्यमंत्री द्वारा 15 करोड 12 लाख 79 हजार रूपये सीधे ही उनके खाते मे ट्रांसफर किये गये। इस अवसर पर कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, सहकारिता विभाग के उपनिदेशक रामप्रसाद मीणा, डीओआईटी के एसीपी लेखराज जाटव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुलगुरू प्रो. शर्मा ने कार्य संभाला

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के नए कुलगुरू प्रो. पवन कुमार शर्मा ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके उन्होंने कहा कि उनका मुख्य फोकस सेल्फ एंप्लॉयमेंट, नए कोर्स शुरू करने और विश्वविद्यालय की जो एक समय पुरानी अंतरराष्ट्रीय स्तर की छवि थी, उसे दोबारा हासिल करना है। इसके लिए सभी के साथ मिलकर काम करेंगे। कुलगुरू ने कहा कि यहां 9 माह से उचित व्यवस्था नहीं थी। इसलिए दीपावली की छुट्टी के दौरान ही कार्यभार संभालना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी की नई शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन यूनिवर्सिटी में हो। सबसे बड़ी समस्या है कि यहां बड़ी कंपनिया प्लेसमेंट के लिए नहीं आ रही है। जिसकी वजह से रोजगार की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर नई शिक्षा नीति में उनका प्रयास रहेगा कि हम सभी मिलकर सेल्फ एम्प्लॉयमेंट पर प्रयास करेंगे। कुलगुरू ने कहा कि पूरे विश्व में मारवाड़ी एंटरप्रेन्योरशिप का डंका बजता है। उनकी मदद से स्किल डेवलपमेंट और सेल्फ रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। कुलपति ने कहा कि उनका मुख्य फोकस सेल्फ एंप्लॉयमेंट की स्टडी पर रहेगा। इसके अलावा राष्ट्र निर्माण में जो आवश्यक बातें हैं उन्हें सिलेबस में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां कम्युनिटी एंजेजमेंट पर काम किया जाएगा। सिर्फ डिग्री लेना ही मकसद नहीं है।

# आरएएस चयनित प्रतिभाओं का सम्मान

- **कहा पढ़ोगे तो बढ़ोगे, शिक्षा ही सफलता का आधार**
- **'मेहनत करें तो इन्सान तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता'**

**भरतपुर** (निस)। पढोगे तो बढोगे, शिक्षा ही सफलता का आधार है, उक्त वक्तव्य जिला जाटव महासभा समिति द्वारा राजस्थान प्रशासनिक सेवा आर.ए.एस. वर्ष 2023 में चयनित भानुप्रताप जाटव, अमित कुमार जाटव, जयसिंह पटेल, निक्की गागर जाटव नदबई के सम्मान समारोह के अवसर पर देवेन्द्र चामड ने अपने मुख्य आतिथ्य में आर.के. होटल नगला तेरहियां सेवर पर कहे।

उन्होंने कहा कि लगन एवं शिक्षा से पढ़कर ही उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है, मेहनत करे तो इन्सान तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता। समारोह का शुभारम्भ भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि से शुभारम्भ हुआ। आर.ए.एस. परीक्षा में चयनित भानुप्रताप जाटव, अमित कुमार जाटव, जयसिंह पटेल, निक्की गागर जाटव को माला, साफा एवं डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र से सुसज्जित प्रतीक चिन्ह प्रदान किये गये।

चयनितों के सम्मान समारोह पर उनके पिता हरिमोहन एडवोकेट, जीतेन्द्र, राजेन्द्र पटेल, निरोत्तम लाल गागर को भी सम्मानित किया गया।

इसी कार्यक्रम में सेवानिवृत हुए डा. धर्मसिंह एल.एस.ए., पूरन सिंह थानेदार सेवर व लक्ष्मण सिंह बाबू शिक्षा विभाग का भी माला, साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

सम्मानकर्ता राजेन्द्र सोना एडवोकेट विधि सलाहकार, जग्गो वैद्य संगठन मंत्री, दिनेश आठिया उपाध्यक्ष, लालचंद वर्मा कोषाध्यक्ष, मुंशीलाल ठेकेदार मीडिया प्रभारी, उमेश ब्रज नगर, राजवीर सिंह अध्यापक थे।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए सोहन सिंह सरपंच ने कहा कि धर्मसिंह फौजी जिलाध्यक्ष जिला जाटव महासभा के कार्यकाल को एक साल पूर्ण हो चुका है, एक साल के अन्दर जाटव महासभा समिति ने अपने दायित्व का सही तरह निर्वाहन किया है और समाज की आवाज बनकर उनके दुख दर्द में शामिल होकर सहयोग किया है।

जिला जाटव महासभा समिति के चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह अध्यापक का भी माला, साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि मोहित चतुर्वेदी जिला महामंत्री बीजेपी रहे। कार्यक्रम में सफल आर.ए.एस. परीक्षा में चयनित हुए ने अपने उद्बोधन में बताया कि दृढ संकल्प एवं लगन तथा सोशल मीडिया से दूरी, माता पिता का सहयोग व गुरूजनों के मार्गदर्शन से यह सफलता हमने प्राप्त की। मेहनत से व लगन से ही मंजिल को पाया जा सकता है।

इस अवसर पर पदम सिंह डीलर, नत्था सिंह ठेकेदार, दिनेश डी.के., राकेश आर.के.होटल मालिक, सोहनलाल पूर्व पं.स.सदस्य, जयसिंह, महाराज सिंह, विनोद थानेदार, मुंशी थानेदार, भानुप्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव मदनलाल मुंशी ने किया।

# विधायक डॉ गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पत्र लिखा

- **भरतपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की स्थापना कराने का किया आव्हान किया**
- **एसआईआईसी की स्थापना से युवाओं को विदेशों में रोजगार के मिल सकेंगे अवसर : डॉ. गर्ग**

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यिमता मंत्री जयंत चौधरी को पत्र प्रेषित कर भरतपुर में एमएसडीई के स्किल इंडिया मिशन के तहत स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (एसआईआईसी) की स्थापना कराने का आठाह किया है ताकि युवाओं को विदेशों में रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से दूरभाष पर भी वार्ता की और 4-5 नवंबर को दिल्ली जाकर उनसे इस विषय पर चर्चा करेंगे।

विधायक डॉ गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पत्र लिखकर बताया कि पूर्वी राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अठाणी है भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, डीग जिले सहित निकटवर्ती उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा जिले में कई आईटीआई और इंजिनियरिंग कॉलेज संचालित हैं। बेहतर शैक्षिक बुनियादी ढांचे और कुशल स्नातकों के बावजूद औद्योगिक अवसरों की कमी की वजह से क्षेत्र में शिक्षित युवाओं को बेजरोगारी का सामना करना पडा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान भरतपुर में स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित होगा तो बेरोजगार युवाओं को बेहतर स्किल्ड की टेनिंग मिल सकेगी और विदेशों में रोजगार मिलने के अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि भरतपुर जिले में औद्योगिक विकास सीमित मात्रा में हैं। केवल दो बडी इकाईयों तथा सूक्ष्म व लघु उद्योग संचालित हैं। जो रोजगार सृजन के क्षेत्र में शिक्षित युवाओं को समाहित करने के लिये अपर्याप्त हैं। डॉ गर्ग ने बताया कि भरतपुर राष्ट्रीय राजधानी से जुडा हुआ है और राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बोर्डर से जुडा होने की वजह से विशिष्ट स्थान रखता है।

विधायक डॉ गर्ग ने केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी से पत्र के माध्यम से कहा कि भरतपुर जिले की विशिष्ट जन संख्यिकीय भौगोलिक आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुये यहां पर एसआईआईसी की स्थापना होने से बेरोजगार युवा कौशल दक्षता में परिपूर्ण हो सकेंगे तथा उन्हें विदेशों में रोजगार मिलने की संभावनायें बढ सकेगी। जिससे बेरोजगारी की समस्याओं से युवाओं को निजात मिलेगी।

# नगर परिषद का कार्य करने के लिए यातायात पुलिस प्रशासन हुआ विवस

**करौली** (निसं)। जिला मुख्यालय पर जो काम नगर परिषद प्रशासन को करनी चाहिए उन कार्यों को करने के लिए यहां का यातायात पुलिस प्रशासन को विवश होकर शहर के प्रमुख रास्ते पर जमे फल फ्रूट चाट पकौड़ी सब्जी आदि के ठेलों के अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर लोगों की राह आसान की

जिला मुख्यालय शहर के प्रमुख रास्ते ही नहीं हाईवे सड़क के दोनों और बने पद मार्ग पर इन दोनों बेतहाशा फल फ्रूट चार्ट पकौड़ी आदि के खेलों के हो रहे स्थाई अतिक्रमण से आम राहगीर की रहा मुश्किल भरी हो रही है जिनके अस्थाई अतिक्रमण से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन गंभीर बात तो यह है कि अस्थाई अतिक्रमण से नगर परिषद प्रशासन अनभिज्ञ नहीं है लेकिन उसको हटाने की कार्रवाई ना जाने क्यों नहीं कर पा रहा है जिसके चलते शहर की आम जनता को रहा चलना कठिन भरा हो रहा है क्योंकि फल फ्रूट सब्जी चाट पकौड़ी आदि के स्थाई अतिक्रमण के अलावा शहर के प्रमुख रास्ते गुलाब बाग से लेकर कोतवाली सामान्य चिकित्सालय हिंडौन गेट तक आवारा सांडों के अलावा आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहने से शहर का आम नागरिक घर से बाजार निकलने से पूर्व यह सोचकर निकलता है कि आवारा सांड और कुत्तों से सावधान रहना है लेकिन विडंबना यह है कि नगर परिषद प्रशासन शहर के प्रमुख रास्तों पर हो रहे स्थाई अतिक्रमण को हटाने की जिम्मेदारी होने के उपरांत भी हटाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है जिसको लेकर गुरुवार को गुलाब बाग से लेकर कोतवाली सब्जी मंडी चिकित्सालय से लेकर हिंडौन गेट तक सड़क मार्ग पर सब्जी फल फ्रूट चाट पकौड़ी के ठेलों के हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा हटाया गया इस दौरान यातायात पुलिस प्रशासन के कार्मिकों से हुई चर्चा में उन्होंने कहा कि यह काम नगर परिषद का है लेकिन हमको करना पड़ रहा है नगर परिषद प्रशासन को करना चाहिए उनके सहयोग के लिए हम हमेशा तैयार हैं। देखने लायक तो यह है कि शहर के प्रमुख रास्तों में फल सब्जी चाट पकौड़ी आदि के लग रहे अवैध ठेलो के मामले में यहां के दुकानदारो भी भूमिका की चर्चा है जिनके द्वारा अपनी दुकानों के सामने अवैध ठेलो को लगाने की एवज में मासिक राशि लेने की सूत्रों के अनुसार जानकारी है।

ठेला मालिकों से इस मामले में चर्चा होने पर उन्होंने अपना नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी प्रशासन को ऐसे दुकान मालिकों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए कि जिनके द्वारा आम सड़क मार्ग पर ठेला लगवाने के नाम पर राशि वसूल रहे हैं उधर शहर के बीचो-बीच होकर निकल रहे हाईवे सड़क मार्ग के दोनों और बने फुटपाथों पर तो लोगों ने बड़े-बड़े कारखाने चला रखे हैं जिस भी लोगों को अपनी जान जोखिम डालकर फुटपाथ पर अतिक्रमण होने के कारण हाईवे सड़क मार्ग पर होकर चलने के लिए मजबूर होना पड रहा है यहां के प्रशासन नगर परिषद प्रशासन और सब की जानकारी में है लेकिन आम राहगीर की इस प्रकार की गंभीर समस्या को भी यहां का नगर परिषद प्रशासन अनदेखी किए हुए हैं।

गंभीर जनक बात यह है कि जैसे-जैसे दीपावली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे ही फल सब्जी चाट पकौड़ी आदि के ठेला गुलाब बाग से लेकर कोतवाली सामान्य चिकित्सालय हिंडौन गेट तक मुख्य सड़क मार्ग पर आड़े तिरछी लगाने से आम जन का मुख सड़क मार्ग पर चलना दूभर हो रहा है उधर हाईवे सड़क मार्ग के फुटपाथ पर तो दुकान संचालकों पूर्ण रूप से अपनी अपनी दुकानें जमा कर अतिक्रमण कर रखा है जिससे हाईवे सड़क मार्ग पर लोगों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलने के लिए मजबूर होते देखा जा रहा है गौरतलब यह है पूर्व में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशानुसार नगर परिषद प्रशासन केला मां के चैत्र मास के मेला से से पूर्व हाईवे सड़क मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया था लेकिन अब फिर से दुकानदारों ने हाईवे सड़क मार्ग के फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकानें जमा रखी है।

## मंत्री पटेल घायल यात्रियों से मिले

**जोधपुर,** (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल रविवार को जैसलमेर बस दुर्घटना में घायल यात्रियों से मिलने जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे। पटेल ने यहां घायलों की कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि यह घटना पीड़ादायक है। राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। पटेल ने कहा कि चिकित्सा विभाग एवं प्रशासन ने राहत एवं इलाज संबंधित सभी कार्यों को सक्रियता के साथ किया है। इससे घायलों को सहायता और बेहतर सुविधा समय पर मिल पाई। डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति, जलने के प्रतिशत, इलाज और संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी ली। संसदीय कार्य मंत्री ने वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, इंटेंसिव केयर बेड्स, दवाइयों और नर्सिंग स्टाफ की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही हर मरीज के इलाज के लिए 24 घंटे मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में परिजनों से भी मुलाकात की। उनके ठहरने, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बी.एस. जोधा, एमजीएच के अधीक्षक डॉ. फतेह सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. विमला डूंकवाल ने कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु का पदभार संभाला



कोटा कृषि विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. विमला डूंकवाल ने पदभार संभाल लिया है।

**कोटा,** (निसं)। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. विमला डूंकवाल ने रविवार को पदभार संभाला।

इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, शोध और प्रसार की गतिविधियों में गति लाई जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार की कृषि और कृषक हित की समस्त प्राथमिकताएं उनके लिए सर्वोपरि रहेंगी। विश्वविद्यालय की साख के अनुसार समस्त गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने डीन-डायरेक्टर्स से विश्वविद्यालय की गतिविधियों का फीडबैक लिया।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल तथा कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को आदेश जारी कर डॉ. डूंकवाल को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष के लिए की गई है। इसकी अनुपालना में उन्होंने अपना पदभार संभाला। डॉ. डूंकवाल इससे पहले सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में अधिष्ठाता थी।



स्मृति मंधाना जल्दी इंदौर की बहू बनेंगी। उनके इस बयान के बाद ये खबर पूरी तरह से फैल गई है।रिलेशनशिप कन्फर्म हो गया है।

- पलाश मुच्छल

मंधाना मंगेतर, शादी को लेकर बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**

## मिचेल स्टार्क



**ऑस्ट्रेलियाई** गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने भारत और ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज की पहली ही गेंद पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया? उन्होंने मैच का पहला ओवर डाला, जिसमें पहली गेंद उन्होंने रोहित शर्मा को डाली। मीटर में इस गेंद की गति देखकर सभी हैरान रह गए। इस गेंद की गति 176.5 किमी प्रति घंटे की दिखाई गई, जो शोएब अख्तर के वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी तेज गेंद है। मिचेल स्टार्क ने रोहित शर्मा को 176.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डाली जो शोएब अख्तर के वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी ज्यादा है। दरअसल, ये सच्चाई नहीं है क्योंकि ये गलती से हुआ है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया है क्रिकेट का डॉन, ढाई करोड़ की आबादी, फिर भी जीते 27 आईसीसी खिताब।

## मेसी की हैट्रिक के साथ मियामी ने नेशविले को हराया

वाशिंगटन, 19 अक्टूबर। लियोनेल मेसी की हैट्रिक की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को नैशविले पर एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एमएलएस के मैच में 5-2 से जीत हासिल की। मेसी ने जोर्डी अल्बा के पास को अपनी छाती से नियंत्रित करके और दो डिफेंडरों को छकाते हुए गोल करके स्कोरिंग की शुरुआत की, फिर 20 गज की दूरी से एक शॉट गोलकीपर जो विलिस के नजदीकी पोस्ट पर छकाकर गोल किया। हनी मुख्तार के क्रॉस पर सैम सुरिज ने हेडर से बराबरी का गोल दागा और फिर मुख्तार के प्रयास के पोस्ट से रिबाउंड होने पर जैकब शैफेलबर्ग ने गोल कर दिया। एंडी नजर के हैंडबॉल पर मेसी द्वारा पेनल्टी मिलने के बाद हाफटाइम के तुरंत बाद मेहमान टीम बराबरी पर आ गई।

## सात्विक-चिराग को सेमीफाइनल में मिली हार

ओडेंस (डेनमार्क), 19 अक्टूबर। भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग में सेमीफाइनल में जापान की ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को 68 मिनट तक चले मुकाबले में सात्विक-चिराग की जोड़ी जापान की ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी से 23-21, 18-21, 21-16 से हार गई। 2021 के विश्व चैंपियन और 2019 के रजत पदक विजेता ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहले गेम में 11-6 की बढ़त बना ली। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 20-20 से बराबर किया, लेकिन जापानी जोड़ी ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की और बीच में चार अंकों की बढ़त बना ली। ताकुरो और कोबायाशी ने कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने यह गेम जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में दोनों टीमों ने जोरदार मुकाबला किया। भारत ने एक समय चार लगातार अंक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन जापानी जोड़ी ने वापसी करते हुए जीत अपने नाम की। यह भारतीय जोड़ी पर उनकी छह मुकाबलों में दूसरी जीत थी। यह भारतीय जोड़ी की इस सीजन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर छठी सेमीफाइनल हार थी। इससे पहले चीन, सिंगापुर, इंडिया और मलेशिया ओपन के साथ-साथ बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी अंतिम चार में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ भारत का डेनमार्क ओपन 2025 अभियान समाप्त हो गया।

# रोहित, विराट सस्ते में लुढ़के, भारत पहले वनडे में हारा

पर्थ, 19 अक्टूबर। स्टार बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की बहुचर्चित वापसी फ्लॉप रही और भारत को रविवार वर्षा प्रभावित पहले एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

भारत ने केएल राहुल (38), अक्षर पटेल (31) और नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 19) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 26 ओवर में नौ विकेट पर 136 रन बनाये, लेकिन डकवर्थ लुईस निमय के तहत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 131 रनों का लक्ष्य मिला।

ऑस्ट्रेलिया ने 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर जीत हासिल की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श ने शानदार पारी खेलते हुए 52 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन की मैच विजयी पारी खेली। उन्होंने मैट रेनशॉ के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में नाबाद 32 रन जोड़े।

मैट रेनशॉ ने 24 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 21 रन बनाये। जॉश फिलिपे ने 29 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 37 रन का योगदान दिया। ट्रेविस हेड और



मैथ्यू शार्ट आठ-आठ रन बनाकर आउट हुये। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया।

बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह से भारत पर हावी रहा। पहले भारत को 26 ओवर के मैच में 136 पर रोका और उन्हें डीएलएस प्रणाली के हिसाब से 131 का लक्ष्य मिला। हेड और शॉर्ट के रूप में ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके लगे लेकिन कप्तान मिचेल मार्श अंत तक डटे रहे और फ़िलिपे और फिर रेनशॉ के साथ साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया का बेड़ा पार कर दिया। ऑप्टस स्टेडियम पर यह ऑस्ट्रेलिया की पहली जीत भी है।

इससे पहले आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चौथे ओवर की चौथी गेंद पर रोहित शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने मैट रेनशॉ के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद सातवें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने विराट कोहली को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया। कप्तान शुभमन गिल (10) रन बनाकर आउट हुये। एक समय भारत ने 25 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये थे। उसके बाद 37 के स्कोर पर बारिश शुरु हो गई और खेल को रोकना पड़ा। बारिश रुकने के बाद मैच को 26 ओवरों का कर दिया गया। इस दौरान अक्षर पटेल और केएल राहुल ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 39 रन जोड़े।

20वें ओवर की आखिरी गेंद पर मैथ्यू कुनमन ने अक्षर पटेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अक्षर पटेल ने 38 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 31 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर (11) को भी कुनमन ने आउट किया। इसके बाद तेजी से रन बनाने के प्रयास में भारतीय बल्लेबाज विकेट गंवाते चले गये। भारत ने 26 ओवर में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। नीतीश कुमार रेड्डी 11 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 19 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जॉश हेजलवुड, मैथ्यू कुनमन और मिचेल ओवेन ने दो-दो विकेट लिये। मिचेल स्टार्क और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पॉवरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है : गिल

पर्थ, 19 अक्टूबर। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया से पहला वनडे रविवार को सात विकेट से हारने के बाद कहा कि पॉवरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल होता है।



शुभमन गिल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, पावरप्ले में तीन विकेट गंवाना कभी भी आसान नहीं होता, आप हमेशा बराबरी का खेल खेलने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला और कई सकारात्मक बातें भी। 131 रनों का बचाव करते हुए, हम मैच को काफी आगे तक ले गए और इससे हम बहुत संतुष्ट हैं। हम बहुत खुशकिस्मत हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, दर्शक बड़ी संख्या में आते हैं। प्लेयर ऑफ द मैच मिचेल मार्श ने कहा, आज मौसम ने अपना असर दिखाया। सभी दर्शकों का बहुत-बहुत शुक्रिया जो मैदान पर डटे रहे। मुझे पता है कि ये दिन वाकई निराशाजनक हो सकते हैं, लेकिन जीत हासिल करना अच्छा लगता है। घर में जीतना हमेशा अच्छा लगता है। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना बहुत पसंद है। (रन-चेज पर) थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा था। हम जानते थे कि दोनों टीमों के लिए यही स्थिति रहने वाली है, इसलिए वहां से जीतना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। जिस तरह से हमारे युवा खिलाड़ी मैदान पर उतरे और मैच को संभाला और हमें जीत दिलाई, उस पर मुझे गर्व है। (जोश फिलिप) मैदान पर आए और उन्होंने इसे बहुत आसान बना दिया, है ना? युवा खिलाड़ियों का मैदान पर आना मज़ेदार होता है। जरूरी नहीं कि वे युवा ही हों, बल्कि युवा खिलाड़ी मैदान पर आ रहे हैं। आप बस यही चाहते हैं कि वे मज़े करें और इसका आनंद लें। वनडे क्रिकेट में, हमें हर समय बड़ी भीड़ के सामने खेलने का मौका नहीं मिलता, इसलिए मैंने उनसे कहा कि वे इसका पूरा आनंद लें।

## विमेंस वर्ल्ड कप : भारत की लगातार तीसरी हार

### इंग्लैंड ने 4 रन से हराकर सेमीफाइनल में एंट्री

इंदौर, 19 अक्टूबर। हीथर नाईट (109) के शानदार शतक के बाद आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को महिला विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम को चार रनों से हरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

289 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रतिका



रावल (छह) का विकेट गंवा दिया। 10वें ओवर में हरलीन देओल भी (24) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्मृति मंधाना के साथ तीसरे विकेट के लिए 125 रनों की साझेदारी की।

31वें ओवर में हरमनप्रीत कौर के आउट होने से भारत को तीसरा झटका लगा। हरमनप्रीत कौर ने 70 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 70 रन बनाये। टीम को जीत की ओर ले जा रही स्मृति मंधाना को लिंसी स्मिथ ने आउट किया। मंधाना ने 94 गेंदों में आठ चौके लगाते हुए 88 रनों की पारी खेली। 47वें ओवर में सोफी एकल्सटन ने दीप्ति शर्मा को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया।दीप्ति शर्मा ने 57 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 50 रन बनाये। स्मिथ ने मांधना का विकेट निकालकर इंग्लैंड को वापसी की राह दिखाई। दीप्ति ने शानदार पारी खेली लेकिन एकल्सटन के आखिरी ओवर में अपना विकेट गंवा बैठी। लॉरेन बेल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर चौका खाने के बाद भी केवल नौ रन दिए। ये मैच भारत ने एकदम अपनी नाक के नीचे से निकलने दिया है। भारतीय टीम निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 284 रन ही बना सकी और चार रनों से मुकाबला हार गई।

## तन्वी फाइनल में हारी, जीता ऐतिहासिक रजत

गुवाहाटी, 19 अक्टूबर। भारत की तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन रजत पदक के साथ समाप्त हुआ, क्योंकि 16 वर्षीय तन्वी शर्मा का जोशपूर्ण प्रयास रविवार को यहां नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में लड़कियों के एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासाक को हराने के लिए पर्याप्त नहीं था। फाइनल में, तन्वी को अन्यापत के खिलाफ 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा और घरेलू मैदान पर भारत का अभियान एक व्यक्तिगत रजत और एक टीम कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। तन्वी इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली पांचवीं भारतीय हैं, इससे पहले अपर्णा पोपट (1996), साइना नेहवाल (2006), सिरिल वर्मा (2015) और शंकर मुथुस्वामी (2022) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में, चीन के लियू यांग मिंग यू ने इस साल की शुरुआत में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में मिली हार का बदला लेते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के मोहम्मद जकी उबैदिल्लाह को 15-10, 15-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तन्वी शुरुआती गेम में अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती दिखीं क्योंकि उन्होंने जल्दी-जल्दी अंक हासिल करने की कोशिश की, लेकिन कई गलतियां कर बैठीं। अन्यापत की फ्लैट पुश और फ्लिक टॉस को जल्दी समझने की क्षमता भी भारतीय खिलाड़ी के लिए मददगार साबित नहीं हुई और थाई खिलाड़ी ने 5-6 से लगातार सात अंक हासिल कर अच्छी बढ़त बना ली और फिर केवल नौ मिनट में गेम अपने नाम कर लिया।

# सिनर ने अल्काराज को हराकर अपना खिताब बरकरार रखा

रियाद, 19 अक्टूबर। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी इटली के जैनिक सिनर ने शनिवार रात 2025 सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना ख़िताब बरकरार रखा। उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज को सीधे सेटों में हराया।

सिनर ने पिछले साल के सिक्स किंग्स स्लैम फ़ाइनल की तरह ही शानदार प्रदर्शन किया और पहले ही गेम में अल्काराज की सर्विस तोड़ दी और दो और ब्रेक पॉइंट हासिल किए। अपनी सर्विस पर दबदबा बनाते हुए, सिनर ने अपनी पहली और दूसरी दोनों सर्विस पर 80 प्रतिशत से ज़्यादा पॉइंट हासिल किए और पूरे मैच में एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया। अंततः इतालवी खिलाड़ी ने 6-2, 6-4 से जीत हासिल कर इस प्रतियोगिता में लगातार दो ख़िताब अपने नाम किए।

दोनों का आखिरी बार आमना-सामना लगभग एक महीने पहले यूएस ओपन के फ़ाइनल में हुआ था, जहां अल्काराज़ ने अपने करियर का छठा ग्रैंड स्लैम एकल ख़िताब जीता था और विश्व नंबर 1 पर वापसी की थी। मैच के बाद, अल्काराज ने सिनर के प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''जब



जैनिक इस स्तर पर खेल रहे होते हैं, तो यह हमेशा मुश्किल होता है। आज, उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। और मुझे लगता है कि आज हर कोई उनके टेनिस का आनंद ले सकता था।'' अल्काराज ने आगे कहा, ''कभी-कभी ऐसा लगता है जैसे वह पिंग-पोंग खेल रहे हों। सच कहूँ तो, नेट के दूसरी तरफ होना कोई मज़ाक नहीं है। मैंने हमेशा कहा है कि जब वह इतना शानदार टेनिस खेलते हैं, तो मुझे अभ्यास कोर्ट पर जाने, अपना 100 देने और बेहतर बनने की कोशिश करने की प्रेरणा मिलती है।''

सिनर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया। ''इस सीजन में हम कई बार खेले हैं। मैं कार्लोस से कई बार हार भी चुका हूँ। सबसे पहले, उनके साथ कोर्ट साझा करना मेरे लिए बहुत खुशी और सम्मान की बात है।'' उन्होंने आगे कहा, ''साथ ही, एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में आप बेहतर बनना चाहते हैं, और आपको इस खेल में प्रतिद्वंद्विता की जरूरत होती है। एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्विता होना अच्छा है और उससे भी ज़्यादा, कोर्ट के बाहर एक अच्छी दोस्ती होना।''

इस दिन पहले नोवाक जोकोविच और अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज के बीच तीसरे स्थान के मैच में, सर्बियाई दिग्गज खिलाड़ी 75 मिनट के कठिन पहले सेट के बाद टाईब्रेक में मामूली अंतर से हार गए और बाद में शारीरिक परेशानी के कारण मैच से हट गए। जोकोविच ने दर्शकों से कहा, ''मुझे माफ करना। आप दूसरा सेट नहीं देख पाए। लेकिन टेलर को श्रेय जाता है। उस सेट के अंत में हमारे बीच कुछ बेहतरीन मुकाबले हुए। और यह मेरे द्वारा खेले गए सबसे लंबे सेटों में से एक था।''

उन्होंने दर्शकों से यह भी वादा किया कि अगर वह अपना पेशेवर करियर जारी रखते हैं, तो अगले साल रियाद में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वापस आएंगे। दर्शकों ने 38 वर्षीय इस अनुभवी खिलाड़ी के प्रति अपना सम्मान दिखाते हुए उत्साहपूर्ण तालियों और जयकारों से उनका स्वागत किया। सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट 2024 में रियाद सीज़न के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था, जिसमें दुनिया के छह शीर्ष पुरुष खिलाड़ी प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।



## ऑल स्टार पोलो टीम ने जयपुर को हराकर आरपीसी कप जीता

**जयपुर, 19 अक्टूबर। रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो ओर ऑल स्टार पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑल स्टार पोलो टीम ने जयपुर पोलो टीम को 7 के मुकाबले 7.5 गोलों से हराया। जयपुर टीम की ओर से देवव्रत सिंह ने 1 गोल,लांस वाटसन ने 4 गोल ओर महाराज पद्मनाभ सिंह ने अपनी टीम के लिए 2 गोल किये। आधे गोल का एडवांटेज लेकर खेल रही ऑल स्टार पोलो टीम की ओर से बेंजामिन ने 3 गोल, अशोक चांदना ओर वंदित गोलछा ने 1- 1 गोल ओर डीनो धनखड़ ने अपनी टीम के लिए 2 गोल कर आरपीसी कप का खिताब जीत।**

## मेघना रेड्डी ने जीता इजिप्ट इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

काहिरा (मिस्त्र), 19 अक्टूबर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मेघना रेड्डी मरेड्डी ने मलेशिया की अनसीडेड जोआन एनजी को हराकर इजिप्ट इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को खेले गये फाइनल में 21 साल की मेघना रेड्डी ने मलेशिया की अनसीडेड जोआन एनजी को 38 मिनट तक चले मुकाबले में 21-15, 21-17 से हराया। यह मेघना रेड्डी का दूसरा अंतरराष्ट्रीय सीरीज खिताब है। उन्होंने 2023 में युगांडा इंटरनेशनल सीरीज में पहला खिताब जीता था। यह इस सीजन का उनका दूसरा खिताब भी है। उन्होंने जुलाई में फ्रांस के पेसाक में नोवेल-एक्विटेन 2025 फ्यूचर सीरीज जीती थी। महिला युगल एशियाई अंडर-15 चैंपियन रह चुकी मेघना ने घुटने की सर्जरी के बाद वापसी की हैं। इस टूर्नामेंट में मेघना ने मुश्किल ड्रॉ से गुजरते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने म्यांमार की दूसरी वरीयता प्राप्त थेत हतार थुजार को 21-12, 11-21, 21-17 से हराया और सेमीफाइनल में मिस्त्र की पांचवीं वरीयता प्राप्त नूर अहमद यूसरी को 21-11, 21-17 से मात दी। पहले दो राउंड में उन्होंने चेक रिपब्लिक की टालुला शार्लीन वैन कॉप्पेनोले को 12-21, 21-18, 21-17 और मिस्त्र की हाना तारिक जाहेर को 21-8, 21-9 से हराया।

## आईसीसी ने अफगान क्रिकेटर्स की मौत की आलोचना की तो भड़क गया पाकिस्तान, पक्षपात का लगाया आरोप

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने अफगानिस्तान में तीन क्रिकेटरों की मौत के मामले में आईसीसी के बयान को पक्षपातपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बता दें कि, दो दिन पहले पाकिस्तान द्वारा की गई एयर स्ट्राइक में अफगानिस्तान के तीन युवा क्रिकेटर मारे गए थे और उनकी मौत पर आईसीसी ने शोक व्यक्त किया था।

हीं पाकिस्तान के इस हमले की निंदा बीसीसीआई ने भी की थी और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले महीने श्रीलंका और पाकिस्तान के साथ खेली जाने वाली ट्राई सीरीज से नाम वापस ले लिया था।

पाकिस्तान को आईसीसी और बीसीसीआई का अफगानिस्तानी क्रिकेटरों की मौत के संबंध में बोलना अच्छा नहीं लगा और



उसने खुद विक्टिम कार्ड खेलना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने कहा कि वह सालों से आतंकवाद का शिकार है। तरार ने रविवार को एक बयान में कहा कि, हम आईसीसी द्वारा दिए गए बयान को खारिज करते हैं जो ये बताता है कि अफगानिस्तान के क्रिकेटर पाकिस्तान द्वारा की गई एयर स्ट्राइक में मारे गए। आईसीसी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा किए गए दावे को वैरिफाई किए बिना आरोप लगा रहा है कि दावा कर रहा है कि हमला पाकिस्तान ने किया।

अता ने कहा कि उनका देश खुद सालों से आतंकवाद से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि, ये हैरान करने वाला है कि आईसीसी द्वारा जारी किए गए बयान के बाद आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने भी वही बातें कही। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी उन्हीं शब्दों का अनुसरण किया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बिना किसी सबूत के बयान दिया है। अता तरार ने कहा कि आईसीसी ने जो किया वो बताता है कि वह पाकिस्तान को लेकर पक्षपात कर रहा है। उन्होंने लिखा कि, इसने आईसीसी की स्वतंत्रता और उसकी पक्षपाती

## तेजेन्द्र व राहुल के अर्द्धशतकों व गजेन्द्र की शानदार गेंदबाजी से एनबी एकेडमी विजयी





जयपुर, 19 अक्टूबर. मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज से एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में प्रारम्भ चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने तेजेन्द्र विश्नोई 65 रन, राहुल तौमर 61 रन के अर्द्धशतकों व गजेन्द्र सिंह 26 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने मंगलम क्रिकेट एकेडमी को 53 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तेजेन्द्र विश्नोई 65 रन, (38 गेंद, 4 चौके, 5 छक्के), राहुल तौमर 61 रन (18 गेंद 5 चौके, 6 छक्के) प्रदीप जाखड़ 27 रन, चिराग शर्मा 13 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 216 रन बनाये। मंगलम क्रिकेट एकेडमी की ओर से सक्षम सिंह 21 रन पर 3 विकेट, पीयुष मालवीय 47 रन पर 2 विकेट तथा अमन भारद्वाज व सिद्धार्थ गुजर प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में मंगलम क्रिकेट एकेडमी के मयंक सारस्वत 81 रन (39 गेंद, 4 चौके, 8 छक्के) सक्षम सिंह 28 रन, विशाल शर्मा 17 रन ने मिलकर अच्छी शुरूआत की लेकिन गजेन्द्र सिंह 26 रन पर 3 विकेट व प्रदीप जाखड़ 42 रन पर 2 विकेट तथा रोहन मीणा 31 रन पर 1 विकेट ने मंगलम क्रिकेट एकेडमी के मध्यक्रम बल्लेबाजों को जल्दी-जल्दी आउट कर रन गति को धीमा कर दिया और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 163 रन ही बना सकी और 53 रन से मैच गवा दिया। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच तेजेन्द्र विश्नोई एन.बी. क्रिकेट एकेडमी रहा।

## यूथ एशियन गेम्स में बहरीन पहुंची भारतीय हैंडबॉल टीम, राजस्थान की ममता भारतीय टीम में



जयपुर, 19 अक्टूबर। बहरीन में 22 से 31 अक्टूबर तक होने वाले तीसरे यूथ एशियन गेम्स में भाग लेने के लिये भारतीय बालिका हैंडबॉल टीम शुक्रवार को बहरीन पहुँच गई है। इस टीम में राजस्थान की ममता का भी चयन हुआ है। बालिका हैंडबॉल मुक़ाबले 20 अक्टूबर से शुरू हो जायेंगे। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में चयनित ममता मूलतः सीकर जिले की रहने वाली है तथा 2022 से राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी है। यह पीवट की पोजीशन पर खेलती है। अकादमी में अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक मनीषा राठौड़ इनको प्रशिक्षण देती है। उन्होंने बताया कि ममता ने इससे पहले 2023 में यूथ एशियन चैंपियनशिप-दिल्ली तथा 2025 यूथ एशियन चैंपियनशिप-चाइना में भाग लिया था। यह उनका तीसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। ममता उत्तराखंड में इस साल आयोजित नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाली राजस्थान टीम की भी सदस्य थी। उनके चयन पर राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, मानद सचिव यश प्रताप सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी ने बधाई देते हुए शुभकामनाए दी।

# अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी : 19 साल बाद राजस्थान ने मुंबई को 7 विकेट से हराया

### सचिन यादव व रोहन राजभर ने शानदार शतक लगा राजस्थान को दिलाई ऐतिहासिक जीत

जयपुर, 19 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत ने बताया की जयपुर में आरसीए की मेजबानी में खेली जा रही बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी मैच के अंतिम दिन राजस्थान के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई की मजबूत टीम के विरुद दूसरी पारी में ऐतिहासिक 300 से अधिक रनो का पीछा करते हुए 7 विकेट से हराया। सभी खिलाडियों, चयनकर्तओंव स्पोर्ट स्टाफ को बधाई। जयपुर - स्टेडियम राजस्थान - मुंबई अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी मैच (राजस्थान 7 विकेट से जीती) मुंबई पारी155 आल आउट। राजस्थान पहली पारी 224 आल आउट, मुंबई दूसरी पारी 384 आल



आउट, राजस्थान दूसरी पारी 319/3। मैच के अंतिम दिन राजस्थान के सलामी बल्लेबाज सचिन यादव व कप्तान रोहन राजभर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत मुंबई टीम के विरुदयादगार जीत दिलाई, राजस्थान ने अंडर 23 ट्रॉफी में 19 साल में पहली बार मुंबई को हराया है , इससे पहले प्रतियोगिता में राजस्थान - मुंबई के मध्य 8 मैच हुए हैं जिसमे 4 बार मुंबई जीती है व 4 बार मुंबई ने पहली पारी में बढ़त हासिल की है। पहली बार अंडर 23 ट्रॉफी में राजस्थान ने मुंबई को हराया है। राजस्थान की जीत में सचिन यादव 151 रन (274 गेंद, 15 चोक्के व 2 छक्के), रोहन राजभर नाबाद 113 रन (219 गेंद, 9 चोक्के व 1 छक्का),



करण लाम्बा नाबाद 22 रनो का योगदान दिया। मैच में राजस्थान के लिए सचिन यादव, चेतन शर्मा, रोहन राजभर, मोहित चांगरा, राज शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया।

# मुख्यमंत्री ने सपरिवार स्ट्रीट वेंडर्स से दीपावली की खरीददारी की

## उन्होंने मानसरोवर के बड़ा बाजार में दिये, पूजन सामग्री, फल आदि खरीदे

जयपुर, 19 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली की पूर्व संध्या पर स्थानीय दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से खरीदारी कर वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने रविवार को सपरिवार मानसरोवर के किरण पथ स्थित बड़ा बाजार में दीपावली की खरीददारी की और मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, रंगोली, बंदनवार एवं फल आदि खरीदे।

■ **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान स्थानीय दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से आत्मीयतापूर्वक बातचीत की तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान किया।**

शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में भारी कमी की है, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। त्योहार पर बचत होने से आमजन में खरीदारी को लेकर काफी उमंग और उत्साह नजर आ रहा है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मानसरोवर के किरण पथ स्थित बड़ा बाजार में स्थानीय दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से दीपावली की खरीददारी की।*

उन्होंने कहा कि हमें वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स से अधिक से अधिक खरीदारी करनी चाहिए, जिससे उनके घरों में खुशहाली बढ़े। मुख्यमंत्री ने इस दौरान दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स से आत्मीयतापूर्वक बातचीत की तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर डिजिटल इंडिया को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापार संगठनों एवं आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिनन्दन किया।

# पाकिस्तान व अफगानिस्तान में संघर्ष विराम पर सहमति

दोहा,19 अक्टूबर। कतर की राजधानी दोहा में आयोजित वार्ता में पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गये हैं।

कतर के विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि कतर और तुर्की की मध्यस्थता में हुयी इस वार्ता के नतीजे अच्छे रहे और दोनों पक्ष स्थायी शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के मकसद से एक प्रणाली बनाने पर राजी हो गये। बयान में आगे कहा गया है कि दोनों पक्ष आने वाले दिनों में संघर्षविराम के प्रावधानों को भरोसेमंद तरीके से क्रियान्वित करने के लिए बैठकें करने पर भी राजी हो गये। इससे दोनों देशों में सुरक्षा और स्थिरता का माहौल कायम होगा। कतर के विदेश मंत्रालय ने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि यह कदम पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच सरहद पर तनाव को कम करने और इलाके में अमन की मज़बूत बुनियाद रखने में मददगार साबित होगा।

# जेईई मेन की परीक्षा 21 से 30 जनवरी के बीच होगी

## एनटीए ने घोषणा की है कि परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्टूबर में कशुरु हो जायेगी

■ **जेईई मेन 2026 परीक्षा, जनवरी व अप्रैल में 2 सत्रों में आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि उम्मीदवार को ज्यादा दूर न जाना पड़े।**

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2026 परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। यह परीक्षा जनवरी और अप्रैल दोनों सत्रों में आयोजित की जाएगी। एनटीए के अनुसार, सत्र 1 की परीक्षा 21 से 30 जनवरी 2026 के बीच होगी और इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया अक्तूबर, 2025 से ही आधिकारिक वेबसाइट पर शुरू होगी।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जेईई (मेन) 2026 में अधिक उम्मीदवारों को शामिल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि उम्मीदवारों को ज्यादा दूर न जाना पड़े। साथ ही, दिव्यांग उम्मीदवारों की विशेष जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है, ताकि सभी आसानी से परीक्षा दे सकें।

एनटीए, आधार प्रमाणीकरण के जरिए यूआईडीएआई से उम्मीदवार का नाम, जन्मतिथि, लिंग, फोटो और पता प्राप्त करेगा। आधार में कोई बदलाव कराने के लिए उम्मीदवार को यूआईडीएआई के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। लेकिन, पिता/माता/अभिभावक का नाम आदि आधार में दर्ज नहीं होते, इसलिए उम्मीदवारों को यह जानकारी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अलग से भरनी होगी। यदि किसी उम्मीदवार का नाम आधार कार्ड और 10वीं के शैक्षिक प्रमाण पत्र/मार्कशीट में मेल नहीं खाता है, तो आवेदन भरते समय इसे ठीक करने का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

## पेरिस के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सबसे प्रसिद्ध म्यूजियमों में से एक है। यहाँ हर साल लाखों की संख्या में दर्शक आते हैं। विश्व प्रसिद्ध मोनालिसा की पेंटिंग भी इसी संग्रहालय में रखी हुयी है।




# जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता व संस्थापक सदस्य भाजपा में शामिल

पटना, 19 अक्टूबर। जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अमित कुमार पासवान, मानस भूमि विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की निदेशक और पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी और जन सुराज के संस्थापक सदस्य कर्मवीर कुशवाहा आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक मिलन समारोह में सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि महागठबंधन सत्ता की दुकानदारी चाहता है जबकि राजग विकसित बिहार का सपना पूरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में मतदाताओं के रुझान को देखते हुए जननायक लोक दल पार्टी ने भी राजग को समर्थन देने की घोषणा की है।

## लद्दाख ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के भीतर अधिकतर पाबंदियां हटा ली गईं थीं। इस मामले में अब लद्दाख के प्रतिनिधि 22 अक्टूबर को राजधानी दिल्ली में गृह मंत्रालय के साथ बातचीत करेंगे।

# गाज़ा पट्टी पर इज़रायल के हवाई हमले

## इज़रायल ने हमास पर शांति समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया

तेल अवीव, 19 अक्टूबर। अमेरिकी मध्यस्थता में इज़रायल व हमास के बीच हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ता दिखाई दे रहा है। फिलिस्तीनियों ने इज़रायली सेना पर रविवार को गाज़ा पर हमले करने का आरोप लगाया। इसमें दो लोग मारे गए। दूसरी तरफ, इज़रायल ने हमास पर शांति समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

गाज़ा में रहने वाले फिलिस्तीनियों ने बताया कि उन्होंने दक्षिण में स्थित राफा में धमाकों व गोलीबारी की आवाज सुनी। दूसरी तरफ, खान यूनिस के करीब अबसान शहर में इज़रायली टैंकों की भीषण गोलाबारी की आवाज सुनी गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने दोपहर में हवाई हमलों की लहरें देखीं। इस मामले में इज़रायली सेना ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उधर, गाज़ा के स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने पूर्वी जबालिया में इज़रायली हमलों में दो लोगों के मारे जाने की पुष्टि की।

■ **इज़रायल और हमास के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बाद शांति समझौता खतरे में पड़ता नज़र आ रहा है।**

द टाइम्स ऑफ इज़रायल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इज़रायली सेना सुरक्षा बलों पर आतंकी हमलों के बाद राफा में हवाई हमले कर रही है। हालांकि, उसने अपनी रिपोर्ट में सूचना के स्रोत का खुलासा नहीं किया। एक इज़रायली सैन्य अधिकारी ने रविवार को कहा कि हमास ने सुरक्षा बलों पर कई बार हमले किए हैं। इनमें रॉकेट से किए जाने वाले और स्नाइपर हमले शामिल हैं। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिकारी इज्जत अली रिशीक ने कहा कि उनका समूह संघर्ष विराम के प्रति प्रतिबद्ध है, जबकि इज़रायल लगातार शर्तों का उल्लंघन कर रहा है।

फिलिस्तीनी अधिकारियों के हवाले से अल जजीरा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि महीने की शुरुआत में संघर्षविराम लागू होने के बाद से इज़रायल ने 47 बार इसका उल्लंघन किया है। इज़रायली हमलों में 38 लोग मारे गए हैं और 143 घायल हुए हैं।

इज़रायल ने शनिवार को कहा कि गाज़ा व मिस्र के बीच राफा सीमा अगले आदेश तक बंद रहेगी। इससे पहले मिस्र में फिलिस्तीनी दूतावास ने कहा था कि गाज़ा लौटने वाले लोगों के लिए सोमवार को फिर से इसे खोल दिया जाएगा। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि राफा को फिर से खोलना इस बात पर निर्भर करेगा कि हमास सभी मृत 28 बंधकों के अवशेष लौटाने की युद्धविराम की शर्त को कैसे पूरा करता है।

# भारत में छोटे, पोर्टेबल न्यूक्लियर रिएक्टर बनेंगे

## सुरक्षा मानकों में मजबूत रिएक्टर जहाजों पर या अलग-अलग इंडस्ट्री में लग सकेंगे

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों और आधुनिक तकनीक के लिहाज से एक बड़ा कदम आगे बढ़ा रहा है। देश में छोटे, पोर्टेबल न्यूक्लियर रिएक्टर डेवलप किए जा रहे हैं, जिनमें सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन्हें जहाजों पर या अलग-अलग इंडस्ट्री में लगाया जा सकेगा। भारतीय परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साइन्टिस्ट इस काम में जोरशोर से लगे हुए हैं। पहले दो रिएक्टर पर फोकस है, जिनमें एक की क्षमता 55 मेगावाट और दूसरे की 200 मेगावाट होगी।

इसका मतलब साफ है कि अब बिजली सिर्फ जमीन पर ही नहीं, बल्कि समुद्र में भी पैदा की जा सकेगी। 200 मेगावाट वाला रिएक्टर इतना पावरफुल है कि किसी बड़ी इंडस्ट्री, जैसे सीमेंट मिल या बिजली-खपत वाले यूनिट्स को भी चला सकता है। अधिकारी ने यह भी कहा कि ये रिएक्टर सुरक्षा मानकों के लिहाज से बहुत मजबूत हैं और इन्हें कॉमर्शियल जहाजों में भी लगाया जा सकता है।

अफसरों ने न्यूक्लियर सबमरीन में इसके इस्तेमाल पर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा। भारत के पास फिलहाल दो होम-बिल्ट न्यूक्लियर सबमरीन हैं- आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघात, जो 83 मेगावाट के रिएक्टर से चलती हैं। तीसरी न्यूक्लियर सबमरीन आईएनएस अरिधमन ट्रायल में है। अगर 200 मेगावाट वाले छोटे रिएक्टर को इस्तेमाल में लाया गया, तो यह नौसेना और वाणिज्यिक जहाज दोनों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है।

■ **अगर योजना के अनुरुप 200 मेगावाट वाले छोटे रिएक्टर को इस्तेमाल में लाया गया, तो यह नौ सेना और वाणिज्यिक जहाजों के लिए गेम चैंजर साबित होगा।**

सरकार ने यह भी घोषणा की है कि एटॉमिक एनर्जी एक्ट, 1962 में बदलाव करके निजी कंपनियों को सिविल न्यूक्लियर सेक्टर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसका मतलब है कि अब सिर्फ सरकारी विभाग ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र भी न्यूक्लियर पावर प्लांट चला सकेगा और न्यूक्लियर फ्यूल के शुरुआती हिस्से को संभाल सकेगा।

साथ ही निजी कंपनियों को विदेशी देशों से फ्यूल खरीदने की भी अनुमति दी जा सकती है, साथ ही खर्चा हुआ फ्यूल वापस उसके देश को भेजने की व्यवस्था भी की जा सकती है। इसके साथ ही सिविल लाइबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट में भी बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि न्यूक्लियर उपकरण सप्लायर की जिम्मेदारी केवल कॉन्ट्रैक्ट में तय सीमा तक रहे। नए बदलाव में 'सप्लायर' को क्रिटिकल उपकरण प्रदान करने वाले के रूप में परिभाषित किया गया है।

# ट्रंप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में लाखों अमेरिकी सड़क पर उतरे


न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को, 19 अक्टूबर। अमेरिका में शनिवार को 2,700 शहरों और कस्बों में लाखों लोग राष्ट्रव्यापी नो किंग्स विरोध प्रदर्शनों में सड़कों पर उतर आये। यह अमेरिकी इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन था।

उल्लेखनीय है कि नो किंग्स आंदोलन का यह दूसरा प्रदर्शन था। इससे पहले इसी साल 14 जून को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जन्म दिन पर पहले प्रदर्शन का आयोजन हुआ था, जिसमें पचासों राज्यों से हजारों लोगों ने भाग लिया था। प्रदर्शनकारी ट्रंप के तानाशाही रवैये के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। उनका कहना है कि ट्रंप एक लोकतंत्र में राजा की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जो असंवैधानिक है।

न्यूयॉर्क शहर में 1,00,000 से ज़्यादा प्रदर्शनकारी टाइम्स स्क्वायर पर जमा हुए थे, जिनके हाथों में, "नफ़रत अमेरिका को महान नहीं बनाएगी, अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) को न्यूयॉर्क शहर से बाहर करो, हमारे संविधान की रक्षा करो, लोकतंत्र, राजतंत्र नहीं और संविधान वैकल्पिक नहीं है" जैसे पोस्टर थे।

एक प्रदर्शनकारी टोनी चार्ली ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवास एक परंपरा है और प्रवासी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। "आईसीई अपराधियों के पीछे नहीं पड़ रही, बल्कि उन निर्दोष लोगों के पीछे पड़ रही है जो मेहनती हैं और इस देश में योगदान दे रहे हैं।"

सैन फ्रांसिस्को में प्रशासन की इमिग्रेशन (आव्रजन) कार्रवाई और हाल ही में कई अमेरिकी शहरों में नेशनल गार्ड की टुकड़ियों की तैनाती के विरोध में लगभग 50,000 लोग सड़कों पर उतर आये थे।




सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908